सुप्रभात
रांची, बुधवार
11.06.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 326



06 किसानों को सशक्त बनाना ही सरकार का उद्देश्य: मोदी


## Sarala Birla University

SARALA BIRLA UNIVERSITY


**APPLY NOW**

Admissions Open 25 - 26

Supported By

B K BIRLA GROUP OF COMPANIES

ADITYA BIRLA GROUP




University of Minnesota | University of Vermont | Berkeley University of California | & 20+ National MoUs

**CREATING GLOBAL LEADERS**

*For Social & Economic Change...!*

### Programs Offered

- **ENGINEERING & COMPUTER SCIENCE**
  Diploma • B.Tech • M.Tech
  Specialization - CSE • ME • CE • EEE • ECE • Electronics & Computer Engineering
  BCA • MCA
- **BUSINESS MANAGEMENT**
  BBA • BBA in Stock broking & Portfolio Management
  MBA
- **HUMANITIES AND LINGUISTICS**
  BA • MA
  Specialization - English • Sanskrit
- **COMMERCE**
  B.com
  Specialization- Accounts • E- Commerce • Taxation
  M.com
- **LEGAL STUDIES**
  BA LLB • BBA LLB • B.Com LLB • LLB • LLM
- **JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION**
  BA • MA
- **YOGIC SCIENCE AND NATUROPATHY**
  Diploma • B.Sc • M. Sc
- **APPLIED SCIENCES**
  B.Sc Mathematics • M. Sc Data Science
- **SOCIAL SCIENCES**
  BA • MA
  Specialization - Economics
- **ART, CULTURE & SPORTS**
  BA • MA
  Specialization - Music • Dance • Drama • Fine Arts
- **PHARMACY**
  D.Pharma • B.Pharma
- **NURSING, CLINICAL TECHNOLOGY & PUBLIC HEALTH** ANM • GNM • B.Sc. Nursing

### Admission Helpline

**1800 890 6077**

5000+ Students | 65+ Programs | In Campus Hostel For Boys & Girls | Upto 50% Scholarship Under Merit/Sports Quota

60 Acres World Class Infrastructure | 100% Placement Support | 50+ Skill Enhancement Certificates | 100+ Companies visited for Placement

Scan Here to Register

SARALA BIRLA UNIVERSITY

Birla Knowledge City, PO. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand, India - 835103

1800 890 6077 / +91 95251 10001

admissions@sbu.ac.in

https://sbu.ac.in

# सत्ता के लिए नहीं, राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है भाजपा : स्मृति ईरानी

## बाबूलाल ने कहा कि देश को लूटने वालों के घर से पैसे निकाल रही मोदी सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




रांची। मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में भाजपा रांची महानगर और ग्रामीण जिला के संयुक्त तत्वावधान में लेक गार्डन में प्रोफेशनल मीट का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि सबके साथ और सहयोग के कारण आज मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल पूरे हो रहे हैं। तीसरी बार मोदी सरकार भारत की जनता का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सत्ता केलिये नहीं बल्कि गांव गरीब किसान महिला की सेवा केलिये समर्पित है। भाजपा सत्ता की नहीं राष्ट्र की उन्नति केलिये संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी जो डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जीएपंडित दीन दयाल उपाध्याय के बलिदान और करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग तपस्या से सिंचित पार्टी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है।

उन्होंने कहा कि एक जमाने में देश ने यह भी देखा है कि कांग्रेस के कार्यक्रमों में 10 हजार रुपये के भोजन प्लेट परोसे जाते थे। जबकि आज मोदी सरकार 81 करोड़ गरीबों की थाली में भोजन परोसने का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण के साथ राष्ट्र का सम्मान मोदी सरकार सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने पर खून की नदियां बहने की बात करने वाले लोगों ने देखा कि एक मच्छर भी इससे नहीं मरा। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों की प्रशंसा आज विरोधी भी करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार कर उसे नेस्तनाबूद करने का काम किया है। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश में सुशासन और सुरक्षा को मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है। कांग्रेस के 60 वर्षों के शासन ने उग्रवाद, आतंकवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया।


ग्रामीण लोगों को उग्रवादियों के भय से घर बार को छोड़कर भागना पड़ा था। लेकिन आज मोदी सरकार ने नक्सल उन्मूलन की दिशा में बड़ा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आंतरिक और बाहरी दोनों प्रकार की सुरक्षाओं को मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है। दुश्मनों को एयर स्ट्राइकएसर्जिकल स्ट्राइक एऔर ऑपरेशन सिंदूर से अभूतपूर्व जवाब दिये जा रहे है।

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि अलग झारखंड प्रदेश भाजपा की देन है और भाजपा इसे संवारेगी। कार्यक्रम में सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, वरुण साहू, धीरज महतो, आरती कुजूर, विकास प्रीतम, आरती सिंह, सरोज सिंह, दीपक बंका, शिवपूजन पाठक, ऊषा पांडे, सत्यनारायण सिंह, अरुण झा, लक्ष्मी कुमारी, सीमा सिंह, योगेंद्र प्रताप, अशोक बड़ाईक, सुबोध सिंह गुड्डू, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, अनिता वर्मा, वीणा मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### डॉ इरफान का स्मृति पर तंज, कहा

# तिरंगे की आड़ में झूठ का जश्न बंद करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा कि तिरंगे की आड़ में झूठ का जश्न बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका के आगे झुकना जीत नहीं, बल्कि सरेंडर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरेंडर किया है।

इरफान अंसारी ने स्मृति ईरानी को एक टीवी सीरियल की हीरोइन के रूप में देखते हुए कहा कि स्क्रिप्ट पढ़ने और संवाद बोलने में उनकी महारत है, लेकिन झारखंड की धरती पर आकर भाजपा सरकार की झूठी स्क्रिप्ट दोहराने की जरूरत नहीं है। इरफान अंसारी ने तिरंगा यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह एक मजाक है, जहां कूटनीति की जगह समझौते और आत्मसम्मान की जगह दिखावा है। उन्होंने कहा कि जब देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक नफरत से त्रस्त है, तब भाजपा राष्ट्रवाद के नाम पर भ्रम और उत्सव फैला रही है।

**अमेरिकी पुलिस की बर्बरता पर सवाल :** इरफान अंसारी ने अमेरिकी पुलिस की बर्बरता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह वही विकसित भारत है, जिसकी डींगे भाजपा के लोग हांकते नहीं थकते। उन्होंने मांग की कि स्मृति ईरानी को झारखंड से वापस जाना चाहिए और अपने नेताओं से कहना चाहिए कि अमेरिका से बात करें और अपने नागरिकों की रक्षा करें।

**ऑपरेशन सिंदूर पर तंज :** इरफान अंसारी ने ऑपरेशन सिंदूर पर तंज कसते हुए कहा कि यह एक बेवकूफ बनाने वाला खेल है और झारखंड की जनता अब सवाल पूछना जानती है। उन्होंने कहा कि स्क्रिप्ट नहीं, हकीकत सुनना चाहती है झारखंड की जनता।

## भाजपा ने 11 साल के कार्यकाल में संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही पोती : केशव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा भाजपा की 11 साल की उपलब्धियों के दावे पर करारा जवाब देते हुए कहा है कि भाजपा की सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की काली स्याही पोती है और आज अपनी उपलब्धि बता रही है।

**महिलाओं के खिलाफ अपराध में वृद्धि :** केशव महतो कमलेश ने कहा कि एनसीआरबी के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ दर्ज अपराध लगभग दोगुने हो गए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या यह भाजपा की उपलब्धि है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के जमीन पर विदेशी अतिक्रमण, अमेरिका के आगे झुकना, विदेशी कर्ज का ऐतिहासिक बोझ, गलत विदेश नीति से भारत का अलग-थलग पड़ना क्या इनके लिए ये उपलब्धि है।

**रोजगार और श्रमिकों के अधिकारों में कटौती :** केशव महतो कमलेश ने कहा कि केन्द्र सरकार के गलत नीतियों के कारण न केवल रोजगार घटे हैं बल्कि श्रमिकों के अधिकारों में भी कटौती हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी के 11 साल देश के लिए सबसे मुश्किल और आम जनमानस के लिए पीड़ा दायक रही है।

**जुमलेबाज प्रधानमंत्री :** केशव महतो कमलेश ने कहा कि आज तक के सबसे असफल और जुमलेबाज प्रधानमंत्री देश में कोई दूसरा नहीं बना। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में देश को पीछे धकेलने का काम किया है।

### सेना के पराक्रम पर राजनीति

केशव महतो कमलेश ने कहा कि सेना के पराक्रम पर अपनी राजनीतिक रोटी सेकना क्या ये उपलब्धी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचारियों को संरक्षण, देश की संपतियों को अपने पूंजिपति दोस्तों को सौंपना और बड़ी बशर्मी से अपनी पीठ थपथपाना, ये भाजपा की फितरत रही है।

# सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सड़क व रोजगार से जुड़े विकास कार्य होंगे तेज : राधाकृष्ण

## बोकारो के झुमरा पहाड़ पहुंचे वित्त मंत्री, सुनी ग्रामीणों की समस्या, अधिकारियों को दिए निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार को बोकारो के झुमरा पहाड़ क्षेत्र का दौरा कर वहां के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और विकास कार्यों की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में कई सुदूरवर्ती एवं पहाड़ी क्षेत्र अब भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार का लक्ष्य है कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले गरीब एवं पिछड़े वर्ग का सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कहा कि झुमरा पहाड़ का भ्रमण उनकी व्यक्तिगत इच्छा रही है, ताकि वहां के लोगों की जीवनशैली को नजदीक से समझा जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इस क्षेत्र में कुछ सकारात्मक कार्य हुए हैं, जिनमें हाई स्कूल की स्थापना भी शामिल है।

मंत्री ने बताया कि झुमरा उच्च विद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुए उन्होंने झारखंड के शिक्षा सचिव से बात कर दो अतिरिक्त शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों द्वारा स्कूल परिसर में चाहरदीवारी की मांग पर उन्होंने जिला योजना पदाधिकारी को अनाबद्ध राशि से निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिये। वहीं पेयजल समस्या को लेकर भी अनाबद्ध राशि से समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि गोमिया प्रखंड को भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिला घोषित किया गया है और झुमरा पहाड़ भी इसी के अंतर्गत आता है। झुमरा में बने स्वास्थ्य केंद्र के अब तक संचालन शुरू न होने पर वित्त मंत्री ने बोकारो के सिविल सर्जन से बात कर स्वयं झुमरा पहुंचने और केंद्र को शीघ्र शुरू कराने का निर्देश दिया। साथ ही सप्ताह में कम से कम एक दिन गोमिया से डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही। श्री किशोर ने एसडीओ और सीओ समेत विभिन्न विभागीय पदाधिकारियों के साथ झुमरा एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक की और योजनाओं की प्रगति का ब्योरा लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि झुमरा ही नहीं, बल्कि गुमला, लोहरदगा, चाईबासा, पलामू और गढ़वा जैसे क्षेत्रों में भी गरीबों का उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसी क्रम में पंचमो पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी निरीक्षण किया गया। अधूरे पड़े जलमीनार को 10 दिनों के भीतर चालू कराने का निर्देश चीफ इंजीनियर को दिया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार राज्य के प्रत्येक गरीब, आदिवासी और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में झुमरा पहाड़ समेत अन्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सड़क और रोजगार से जुड़े अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर मंत्री के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशिभूषण राय और अरूण सिंह मौजूद थे।



## माध्यमिक आचार्य भर्ती परीक्षा 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने माध्यमिक आचार्य के 1373 रिक्त पदों पर बहाली के लिए संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 आयोजित करने का निर्णय लिया है। योग्य उम्मीदवार 18 जून 2025 से 17 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### आवेदन की प्रक्रिया और तिथि

- आवेदन की अंतिम तिथिः 17 जुलाई 2025 (मध्यरात्रि तक)
- परीक्षा शुल्क भुगतान और फोटो/हस्ताक्षर अपलोड की अंतिम तिथिः 19 जुलाई 2025
- आवेदन का प्रिंटआउट लेने की अंतिम तिथिः 21 जुलाई 2025
- त्रुटि सुधार के लिए लिंकः 23 जुलाई से 25 जुलाई 2025 तक

**आवश्यक योग्यता और दस्तावेज**

- शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- रिक्त पदों की संख्या, श्रेणीवार विवरण और अन्य निर्देश आयोग की वेबसाइट पर दी गई अधिसूचना में देखे जा सकते हैं।

**कैसे करें आवेदन**

आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जायें। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें और परीक्षा शुल्क का भुगतान करें। इसके बाद आवेदन का प्रिंटआउट लें।

### आठ आईपीएस अधिकारियों को मिला अतिरिक्त प्रभार

रांची। झारखंड में पोस्टेड आठ आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इससे संबंधित आदेश मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिन आईपीएस अधिकारियों को अपने पद के अलावा अतिरिक्त पद का प्रभार दिया गया है, वे उस पद पर नियमित पदस्थापन होने तक उस पद का भी सारा काम देखेंगे। जैप 10 के कमांडेंट सौरभ को जैप-1 कमांडेंट, ग्रामीण एसपी धनबाद कपिल चौधरी जैप तीन कमांडेंट, जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता को आईआरबी-1, चतरा एसपी सुमित अग्रवाल आईआरबी-3, गुमला एसपी हारिश बिन जमां आईआरबी-5, गोड्डा एसपी मुकेश कुमार को आईआरबी-8, धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव रेल एसपी धनबाद व जमशेदपुर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग को रेल एसपी जमशेदपुर का अतिरिक्त प्रभार मिला है।

## गवर्नर से मिला भाजपा का डेलिगेशन, मगही भोजपुरी को भी भाषा सूची में करने की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। राज्य के पूर्व मंत्री और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने राज्य सरकार पर राज्य में भाषाओं को लेकर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उनके मुताबिक, पलामू प्रमंडल में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में क्षेत्रीय भाषा के रुप में मगही-भोजपुरी भाषा को शामिल नहीं किया गया है। इसके स्थान में कुड़ुख और नागपुरी भाषा को राज्य सरकार के स्तर से शामिल करने का निर्णय लिया गया है, जिसका इस डिविजन की जनता भारी विरोध कर रही है। भानु ने इसे लेकर राज्यपाल संतोष गंगवार के पास भी फरियाद लगायी है।

मंगलवार को भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व विधायक विरंची नारायण एवम प्रदेश पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला। उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में पलामू डिवीजन में क्षेत्रीय भाषा के नाम पर वर्तमान सरकार द्वारा भेदभाव करने का आरोप लगया है। साथ ही राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित होने की भी बात कही। कहा कि पलामू प्रमंडल के तीन जिलों गढ़वा, पलामू और लातेहार में 50 लाख जनता और उनके बच्चों का भविष्य खतरे में है। हेमंत सरकार ने मगही और भोजपुरी को भाषा सूची से हटाने का काम किया है जबकि सदियों से यही बोलचाल की भाषा इधर रही है। दूसरी ओर झारखंड में ओडिया, बंगाली, उर्दू को सूची में जोड़ रही है। राज्य सरकार को निर्देश दिया जाये कि वह पलामू डिवीजन के लिए भोजपुरी और मगही को भाषा सूची में जोड़ें।

### खबर एक नजर में

#### मॉल व अन्य जगहों पर मॉक ड्रिल कराने का निर्देश

रांची। होमगार्ड और फायर बिग्रेड के डीजी एमएस भाटिया ने अपने मातहत अधिकारियों को बड़े-बड़े मॉल और अन्य जगहों पर मॉक ड्रिल कराने का निर्देश दिये। ये मॉक ड्रिल आम से लेकर खास तक अग्निशमन के प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से होगी। इस मसले को लेकर बुलाई गई हाई लेवल मीटिंग में गुजरे छह महीने के अग्निशमन सेवाओं की समीक्षा भी की गई। अनुकंपा एवं पेंशन से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। बैठक में डीआईजी अजय लिंडा, अपर राज्य अग्निशमन पदाधिकारी एवं अन्य मौजूद थे।

#### स्मृति ईरानी ने राज्यपाल से की मुलाकात



रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं स्मृति ईरानी ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियों को भी गिनाया। हालांकि राजभवन से इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है।

#### झारखंड प्रदेश कांग्रेस में नए चेहरों को मिला मौका, जिला मीडिया चेयरमैन व प्रवक्ताओं की हुई नियुक्ति

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने राज्य के विभिन्न जिलों में मीडिया चेयरमैन और प्रवक्ताओं की नियुक्ति कर दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा के अनुमोदन और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू व अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर यह नियुक्ति की गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि जिला मीडिया चेयरमैन और प्रवक्ताओं की चयन प्रक्रिया के लिए 7 मई और 20 मई को साक्षात्कार का आयोजन हुआ थाञ जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे द्वारा तीन चरणों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें प्रेस ब्रीफिंग, रिलीज और टीवी डिबेट शामिल था।

**नियुक्त लोगों की सूची**

**रांची ग्रामीणः** सुरेश कुमार सिंह, रांची महानगरः मेहुल प्रसाद और अजय कुमार सिंह, लोहरदगाः प्रदीप विश्वकर्मा और मुश्ताक अहमद, गुमलाः अरिफ हुसैन अख्तार, सिमडेगाः रंधीर रंजन और अरबिन्द लुगुन, खूंटीः रवि कुमार मिश्रा और नरेश कुमार तिर्की, हजारीबागः नेसार खान और मनोहर कुमार यादव, गिरिडीहः अमित सिन्हा और योगेश्वर मेहता,चतराः प्रमोद कुमार त्रिवेदी, रामगढ़ः मुकेश यादव और सुधीर मंगलेश, धनबादः पप्पु कुमार तिवारी, महेन्द्र कुमार दुबे और शलेश कुमार सिंह, कोडरमाः संजय कुमार शर्मा और उमा शंकर रविदास, पलामूः गोपला कुमार सिंह और मणीकांत, गढ़वाः राहुल दुबे, लातेहारः पंकाज तिवारी, पं. सिंहभूमः त्रिशानु राय, पूर्वी सिंहभूमः राजीव मिश्रा, सरायकेला-खरसांवाः सुमन्त कुमार शर्मा, दुमकाः राजीव जयसवाल, साहेबगंजः ताबीस इक्बाल, गोड्डाः बोलबम कुमार, देवघरः ब्रजभूषण राम, पाकुड़ः मुक्तार हुसैन, जामताड़ाः इश्राादुल राशी और निशापति हासदा का नाम शामिल है।

## पुलिस मुख्यालय में नक्सल उन्मूलन से संबंधित मुद्दों पर समीक्षा बैठक

# पुलिस महानिरीक्षक अभियान ने दिये कई निर्देश

### गुमला, लोहरदगा , लातेहार, पलामू , गढ़वा , चतरा , हजारीबाग , गिरिडीह, बोकारो , सरायकेला व खूंटी जिला के नक्सली परिदृश्य के संबंध में की गई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




रांची। डां माईकलराज एस, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, झारखण्ड ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में नक्सल उन्मूलन संबधित मुद्दों पर समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने विशेष तौर पर गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो, सरायकेला व खूंटी जिला के नक्सली परिदृश्य के संबंध में व्यापक रूप से चर्चा की है। इस बैठक में उन्होंने सभी संबंधित पुलिस अधीक्षकों को कई निर्देश दिये हैं।

जिसमें जिले में पूर्व में घटित ऐसे सभी वामपथीं उग्रवाद मामलों की समीक्षा, रंगदारी, लेवी, धमकी आदि मामलों पर निश्चित रूप से एफआईआर कर वांछित कार्रवाई करने, सरकार द्वारा चलाये जा रहे पुनर्वास योजना के अंतर्गत नक्सलियों के आत्मसमर्पण पश्चात पुनर्वास योजना के अंतर्गत दिये जाने वाले संपूर्ण लाभ की समीक्षा अगर आत्मसमर्पित नक्सली किसी लाभ से वंचित हैं तो उक्त संदर्भ में यथाशीघ्र वांछित कार्रवाई करने, फरार नक्सलियों की गिरफ्तारी हेतु उनके विरूद्ध उचित माध्यम से यथाशीघ्र पुरस्कार प्रस्ताव समर्पित सुनिश्चित करने, अधीनस्थ थाना के पदाधिकारियों को जेल से बाहर जमानत पर छूटे उग्रवादी एवं उनके सहयोगियों की नियमित रूप से निगरानी एवं जमानतदारों का सत्यापन करना सुनिश्चित करने, उग्रवाद से संबंधित लंबित कांडो की समीक्षा कर वांछित कार्रवाई करते हुए कांडो को जल्द से जल्द निष्पादन करने, यूएपी एक्ट के तहत दर्ज काण्डों में फरार नक्सलियों द्वारा अर्जित अवैध संपत्ति का विधिवत अधिग्रहण करने की कार्रवाई सुनिश्चित कराना, फरार नक्सलियों के विरूद्ध लंबित कुर्की जब्ती की कार्रवाई, सुदुरवर्ती एवं जंगलों में स्थापित पुलिस पिकेट का नियमित रूप से सिक्युरिटी ऑडिट सुनिश्चित करना, पुलिस अधीक्षक, नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान और सरेंडर पॉलिसी को और प्रभावी बनाने हेतु व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करना शामिल है।

इस बैठक में पुलिस महानिरीक्षक अभियान, झारखण्ड के अतिरिक्त अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक अभियान, नाथु सिंह मीणा, पुलिस अधीक्षक (एसआईबी) भौतिक रूप से एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक पलामू, क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू एवं पुलिस अधीक्षक गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो , सरायकेला व खूंटी उपस्थित थे।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
11.06.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 326



12 पाकिस्तान के अंदर तक हमला करेगा भारत

## न्यूज डायरी

### झाप्रसे के नौ अधिकारी बनेंगे एडिशनल सेक्रेटरी

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के नौ अधिकारियों को संयुक्त सचिव से अपर सचिव (एडिशनल सेक्रेटरी) रैंक के वेतनमान में प्रोन्नति मिलेगी। इस संबंध में डीपीसी बैठक कर अधिकारियों के नामों पर मंथन भी किया गया है। योग्य और वरीय पदाधिकारियों को प्रमोशन दिया जाना है। राजस्व पर्षद बोर्ड की मुहर लगने के बाद अधिकारियों के प्रमोशन की फाइल मुख्यमंत्री के समक्ष भेजी जायेगी। इसके बाद कार्मिक विभाग अधिसूचना जारी करेगा।

### डीएसपी राधा प्रेम किशोर को मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** सीबीआई की विशेष अदालत ने जेपीएससी नियुक्ति घोटाला में चार्जशीटेड डीएसपी राधा प्रेम किशोर को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। मंगलवार की सुनवाई के दौरान सीबीआई कोर्ट ने उन्हें पचास-पचास हजार रुपये के दो निजी मुचलके भरने की शर्त पर अग्रिम बेल दी है। मालूम हो कि जेपीएससी नियुक्ति घोटाला से जुड़े इस मामले में सीबीआई कोर्ट कई आरोपियों को अग्रिम बेल देने से इनकार कर चुका है। वहीं, कई आरोपियों को हाईकोर्ट से अग्रिम बेल मिल चुकी है।

### लोकसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव कराये केंद्र : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा के उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया है। पत्र में उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकालों के लिए खाली रहा है। 17वीं लोकसभा के दौरान कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था। यह चिंताजनक है और मौजूदा 18 लोकसभा में भी यह पद खाली है। यह भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए शुभ संकेत नहीं है और संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन करता है।

## कार्टून कोना




पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गिनायीं उपलब्धियां

# मोदी सरकार ने 11 वर्षों में असंभव को किया संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि 11 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने असंभव को भी संभव किया है। वह मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत को सम्मान के साथ देख रही है। विकास के साथ विरासत प्रतिष्ठित हुआ है। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ लोगों को जनधन खाता के माध्यम से देश की तिजोरी से जोड़ा गया। वहीं 45 लाख करोड़ रुपये सीधे डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजे गये। उन्होंने कहा कि बहुआयामी गरीबी से उबारने के संकल्प के कारण आज 25 करोड़ नागरिक तीव्र गति से उन्नति के पथ पर अग्रसर हुये हैं। 81 करोड़ लोगों को प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज मिल रहा है। इसके अलावा 4 करोड़ गरीबों के सिर पर पक्की छत की सुविधा मिली। नल से जल की सुविधा वहीं 15 करोड़ घरों तक पहुंचना सुशासन और कुशल नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ गरीबों के घर शौचालय निर्माण ने महिलाओं बेटियों की इज्जत को सुरक्षित किया है। उज्जवला गैस योजना के माध्यम से महिलाओं को लाभ मिला।

> पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा- गांव, गरीब, किसान, महिला और वंचित-शोषित वर्ग के लोग राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा से जुड़ते गये



**झारखंड के सर्वांगीण विकास को समर्पित :** झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए मोदी सरकार समर्पित है। प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की धरती से 24 हजार करोड़ की जन मन योजना से आदिवासी गांव के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया है।

**ऑपरेशन सिंदूर से सैन्य ताकत दिखायी :** ऑपरेशन सिंदूर ने एक नये शौर्य, साहस और धैर्य को प्रकट किया है। भारत का स्वदेशी रक्षा तंत्र आज तेजी से आगे बढ़ रहा है। देसी रक्षा उपकरणों का निर्यात 34 गुना बढ़ गया है।

### नारी शक्ति को सशक्त करने पर दिया जोर

स्मृति ईरानी ने कहा कि मोदी सरकार ने नारी सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है। आर्मी में स्थाई कमीशन की व्यवस्था से सेना में अधिकारी बनने का अवसर, सैनिक स्कूल में लड़कियों का नामांकन सार्थक कोशिश है। उन्होंने कहा कि संसद के नवनिर्मित भवन में पहला बिल महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा का रहा, जिसकी प्रतीक्षा लंबे समय से थी। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.25 करोड़ खाते खुले, स्तनपान कराने वाली और गर्भवती महिलाओं के लिए 18593 करोड़ रुपये खर्च किये गये। **स्वास्थ्य और शिक्षा में उपलब्धियां :** स्मृति ईरानी ने कहा कि मोदी सरकार ने सभी के लिए किफायती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई है। देश में 23 एम्स, 2,045 मेडिकल कॉलेज, 780 एलोपैथी, 323 डेंटल और 942 आयुष संस्थान खोले गए। उन्होंने कहा कि भारत ने कोविड काल में सिर्फ 140 करोड़ लोगों की जान नहीं बचाई, बल्कि 160 राष्ट्रों तक वैक्सीन देकर विश्व बंधुत्व की सोच को मजबूत किया।

# भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आंतरिक्ष स्पेस स्टेशन के लिए आज होंगे रवाना

## 1984 के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनेंगे

**एजेंसी**

**चेन्नई।** भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होंगे। इस मिशन में भारत, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि एक्सिओम-4 मिशन अब भारतीय समयानुसार 11 जून, बुधवार को शाम साढ़े पांच बजे केप कैनेवरल के कैनेडी स्पेस सेंटर से भेजा



जायेगा। स्पेस एक्स ड्रैगन, कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड-39 से अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना होगा। इसरो के अध्यक्ष ने कहा कि एक्सिओम-4 मिशन भारत के बढ़ते अंतरिक्ष सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि इसरो का यह मिशन पहले मंगलवार को लॉन्च किया जाना था, लेकिन सोमवार को घोषणा की गयी कि प्रतिकूल मौसम के कारण अब एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण 11 जून को शाम 5:30 बजे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। तीनों देशों के लिए यह आइएसएस के लिए उनका पहला मिशन है। इस मिशन में शामिल शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा पर 41 साल बाद जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले सोवियत रूस के सोयुज अंतरिक्ष यान पर 1984 में राकेश शर्मा को भेजा गया था। वायु सेना प्रमुख एयर इधर चीफ मार्शल एपी सिंह ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की सुरक्षित और सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

**मिशन का उद्देश्य:** एक्सिओम-4 मिशन का उद्देश्य विविध हितधारकों देशों को शामिल करके, माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान के लाभों को बढ़ावा देकर और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग को मजबूत करना है। अध्ययनों से मानव स्वास्थ्य, पृथ्वी अवलोकन, जैविक और भौतिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में वैश्विक समझ का विस्तार की उम्मीद है।

## राहुल गांधी के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर रोक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को लोकसभा सांसद राहुल गांधी को 6 अगस्त तक निचली अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। साथ ही अदालत ने छह अगस्त तक के लिए राहुल गांधी के खिलाफ जारी गैरजमानती वारंट पर रोक लगा दी है। दरअसल चाईबासा सिविल कोर्ट के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। चाईबासा कोर्ट द्वारा जारी किए गए गैर जमानती वारंट को निरस्त करने के लिए राहुल गांधी की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। चाईबासा सिविल कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करते हुए उन्हें 26 जून 2025 को अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है।

# रिम्स में कोविड मरीज की मौत

## कई अन्य बीमारियों से ग्रसित था बोकारो निवासी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में मंगलवार को एक कोविड संक्रमित मरीज की मौत हो गयी। यह 2025 में झारखंड में कोविड से संबंधित पहली मौत है। 45 वर्षीय मृतक बोकारो का रहनेवाला था। उसका इलाज रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा था।

**कई अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित था मरीज :** रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिरेंद्र बिरुआ ने बताया कि मरीज कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित था। वहीं, ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख डॉ. प्रदीप भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया कि कोविड को मरीज की मौत का मुख्य कारण मानना उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि मरीज का ईलाज सीआईपी रांची में चल रहा था। कुछ दिन पहले उसे वेंटिलेटर सपोर्ट के साथ रिम्स लाया गया था। जांच में पता चला कि खाने के दौरान उसके फेफड़ों में भोजन चला गया था। इस कारण शरीर में विषाक्तता (सेप्सिस) फैल गया था। मरीज का हृदय काम नहीं कर रहा था। इस बीच उनकी कोविड जांच हुई, जो पॉजिटिव आयी। इसे इंसिडेंटल फाइंडिंग कहा जाता है। इसलिए उनकी मौत कोविड के कारण हुई कहना ठीक नहीं होगा, क्योंकि ऑक्सीजन की कमी से उनकी मृत्यु नहीं हुई है।

**रिम्स में भर्ती है एक और कोविड मरीज :** डॉ. भट्टाचार्य ने बताया कि रिम्स में एक और कोविड संक्रमित मरीज भर्ती है, जो हृदय, किडनी और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित है। उसे आईसीयू में रखा गया है और उसकी कोविड रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है।

भारत में अवैध रूप से प्रवेश का मामला

# फरार तीन बांग्लादेशी नागरिक फिर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** फोरेनर्स होल्डिंग कैंप (डिटेंशन सेंटर) से फरार तीन बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने फिर से गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ सदर अमित आनंद के नेतृत्व में बनी विशेष टीम ने तीनों को प. बंगाल की सीमा से अलग-अलग स्थानों से धर दबोचा, जहां से वे फिर भागने की कोशिश में थे। तकनीकी इनपुट और मानवीय सूचनाओं के आधार पर गठित टीम को गिरिडीह, जामताड़ा, पश्चिम बंगाल और कोलकाता भेजा गया। कोलकाता रवाना हुई टीम ने डीएसपी टेक्निकल सेल और जीआरपी धनबाद की मदद से फिना देवी को धनबाद स्टेशन से दबोचा, जबकि निफा अख्तर और मोहम्मद नजमुल हलधर को पश्चिम बंगाल पुलिस और स्थानीय पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार तीनों बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से बिना पासपोर्ट और वीजा के अवैध रूप से भारत में घुसे थे। इन्हें अलग-अलग अपराधों में जेल भेजा गया था। सजा पूरी होने के बाद इन्हें हजारीबाग स्थित डिटेंशन सेंटर में रखा गया था, ताकि इन्हें बांग्लादेश वापस भेजा जा सके। इसके लिए भारत सरकार लगातार पत्राचार कर रही थी, लेकिन बांग्लादेश सरकार से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली थी।

शनिवार शाम तीनों ने सुरक्षा दीवार और खिड़की तोड़कर फरार हो गए थे। इसके बाद पुलिस ने सघन छापेमारी शुरू की और सीमावर्ती राज्यों से गिरफ्तार किया।

### नेक्सजेन के मालिक ने विनय चौबे की पत्नी को भेजे ₹1.26 करोड़

**रांची।** शराब घोटाले में फंसे निलंबित आइएएस विनय चौबे की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एसीबी शराब घोटाले मामले की जांच कर रही है। इस जांच के दौरान जांच एजेंसी को ठोस सबूत मिले हैं। नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह ने विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता के खाते में 1.26 करोड़ रुपये ट्रांसफर किये हैं। जांच में पाया गया है कि करीब सात साल के दौरान विनय सिंह की कंपनी के खाते से स्वप्ना संचिता के खाते में यह रकम ट्रांसफर किये गये हैं। ईडी ने इसीआइआर दर्ज करने के बाद तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे, रिश्तेदार शिपिज त्रिवेदी, नेक्सजेन के मालिक सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी में मिले दस्तावेज और बैंक खातों की जांच के दौरान विनय सिंह की कंपनी के खाते से विनय चौबे की पत्नी के खाते में पैसा ट्रांसफर होने का मामला पकड़ में आया।

विश्व प्रसिद्ध पुरी में रथ यात्रा 27 जून से होगी शुरू, तैयारी जोरों पर

# स्नान पूर्णिमा आज, 108 घड़ों के सुगंधित जल से पवित्र स्नान करेंगे भगवान जगन्नाथ...

**महोत्सव**

**एजेंसी**

**पुरी।** ओड़िशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा से पहले स्नान पूर्णिमा उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। रथ यात्रा 27 जून से शुरू होगी, जबकि बहुदा यात्रा 5 जुलाई को है। त्योहार के दौरान, तीन देवताओं- जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को भक्तों द्वारा तीन विशाल लकड़ी के रथों में गुंडिचा मंदिर तक खींचा जाता है, जहां वे एक सप्ताह तक रहते हैं और फिर जगन्नाथ मंदिर लौट आते हैं।

दैतापति सेवक बिनायक दास महापात्र ने मीडिया से बातचीत में इस पवित्र आयोजन के महत्व को साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत में पुरी एक अनूठी जगह है, जहां भगवान जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों के बीच आते हैं। स्नान पूर्णिमा और रथ यात्रा जैसे आयोजन भगवान और भक्तों के बीच गहरे रिश्ते को दर्शाते हैं।


फाइल फोटो

उन्होंने बताया कि 11 जून को स्नान पूर्णिमा उत्सव मनाया जायेगा। इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा रत्न सिंहासन से निकलकर स्नान बेदी की ओर बढ़ेंगे। यहां वे 108 घड़ों के सुगंधित जल से पवित्र स्नान करेंगे। दैतापति सेवक मंदिर में प्रवेश करेंगे और रथ यात्रा के समापन तक विशेष अनुष्ठान करेंगे। श्री दास ने बताया कि स्नान पूर्णिमा से पहले देर रात सेनापति लागी और बहुतकांता अनुष्ठान होंगे। इसके बाद स्नान मंडप तक पहांडी जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें भगवान को भव्य तरीके से ले जाया जाएगा।

आगामी रथ यात्रा की प्रशासनिक तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। मंदिर के सेवक अपने-अपने कार्यों में जुटे हैं, ताकि यह आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो। स्नान पूर्णिमा और रथ यात्रा को देखने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पुरी पहुंचने लगे हैं। प्रशासन भी सुरक्षा और व्यवस्था के लिए कड़े इंतजाम कर रहा है।

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

परिवार कल्याण दिवस

प्रत्येक माह की 11 तारीख को
आयुष्मान आरोग्य मंदिर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन की सेवाएं
अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर

परिवार कल्याण के लक्षित समूह-
- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक-युवती

गतिविधियाँ
- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेंटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

"विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान !"

परिवार नियोजन की विधियाँ
स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण
अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर 375 380 A, कंडोम

फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की स्थायी विधियां उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ए.एन.एम./सी.एच.ओ./सहिया से सम्पर्क करें।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
104 108

PRNO 354570 (Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 25-26

### उपायुक्त ने राज्यव्यापी अभियान के तहत जागरूकता वाहन को किया रवाना, कहा

# नशे पर नकेल कसने के लिए आगे आयें, दूसरों को भी करें जागरूक

- जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति करेगा जागरूक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नशे के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के तहत उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता वाहन द्वारा जिले विभिन्न क्षेत्रों बाजार-हाट, प्रमुख चौक-चौराहों आदि में लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जायेगा।

इस अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिलावासियों को नशे पर नकेल कसने के लिए खुद जागरूक रहते हुए दूसरों को भी जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 10 से 26 जून 2025 तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के तहत कार्यशाला, पर्यटन स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाज के सभी वर्गों से नशामुक्ति के लिए मिलजुल कर कार्य करने की अपील गयी ताकि इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। इस दौरान जिला नजारत उप समाहर्ता, सीडीपीओ एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### रांची जिला बल के नौ सब इंस्पेक्टर और 14 जमादार का स्थानांतरण

**रांची।** रांची जिला बल के 9 पुअनि और 14 सअनि स्तर के पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। इससे संबंधित जिलादेश डीआईजी सह एसएसपी कार्यालय से मंगलवार को निकाला गया है। इन पुलिसकर्मियों में पुअनि अनुप कुमार, पुअनि सत्यम कुमार, पुअनि बिरजु प्रसाद, पुअनि पवन कुमार यादव, पुअनि डेगन कुमार, पुअनि रामेश्वर वर्मा, पुअनि संतोष कुमार वर्मा, पुअनि नरेश कुमार यादव, पुअनि बसंत राम, सअनि जितेंद्र कुमार सिंह, सअनि मदन लाल, सअनि रघुनंदन मंडल, सअनि कुलदीप सिंह, सअनि दिनबंधु दूबे, सअनि रमेश कुमार, सअनि जयप्रकाश कुमार, सअनि मंटू सिंह, सअनि सच्चिदानंद दूबे, सअनि संजीव सिंह कुंतिया, सअनि दिलीप हेंब्रम, सअनि विभा कुमारी, सअनि सतीश कुमार, सअनि धंनजय कुमार शामिल हैं।

## रांची पुलिस ने नशा मुक्त भारत की दिलायी शपथ



- कोतवाली, सुखदेव नगर और डेली मार्केट क्षेत्र में बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में नशा मुक्ति से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को रांची पुलिस के द्वारा कोतवाली, डेली मार्केट व सुखदेव नगर क्षेत्र के विभिन्न इलाके में आम लोगों के साथ बैठक की गई। इस दौरान सभी को नशा मुक्त भारत का शपथ भी दिलायी गई। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि 10 से 26 जून तक नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के नागाबाबा खटाल, सुखदेव नगर अंतर्गत रातू रोड स्थित ऑटो व टैक्सी स्टैंड में आम लोगों के साथ बैठक की गई। इस दौरान सभी को नशा से होनेवाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। नशा की लत से परिवार की आर्थिक, मानसिक व शरीर में होनेवाली क्षति के बारे में बताया गया कि कैसे नशा से परिवार बर्बाद हो रहा है। बैठक के दौरान सभी से नशा नहीं करने की अपील करते हुये नशा मुक्त भारत की शपथ दिलायी गयी।

## घायल होमगार्ड जवान को मिला 50 हजार राशि का चेक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के कटहल मोड़ में सोमवार को घटी मारपीट की घटना में घायल यातायात ड्यूटी में तैनात होमगार्ड जवान रोहित गंझू से मुलाकात करने मंगलवार को रांची जिला के समादेष्टा कौशिक कुमार अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उनके द्वारा विभाग की तरफ से पचास हजार रुपये राशि की अग्रिम भुगतान चेक के माध्यम से किया गया। इस मौके पर रांची जिला के निरीक्षक अनंत सिंह, राजेश कुमार व झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एशोसिएशन के प्रदेश महासचिव संजीव कुमार तिवारी मौजूद थे।

राजधानी रांची के दलादली ओपी इलाके में स्थित कटहल मोड़ पर ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात होमगार्ड जवान से मारपीट मामले में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के द्वारा दलादली ओपी में मामला दर्ज कराया गया है।

# विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मिल रही है सिद्धि : रक्षा राज्य मंत्री

- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा- भारत के इतिहास में नरेंद्र मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रप्रथम के साथ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हुये। श्री सेठ मंगलवार को शिमला भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत को समर्पित मोदी सरकार की उपलब्धियां अनगिनत हैं। ऑपरेशन सिंदूर से आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। संकट काल में युद्धग्रस्त देश से नागरिकों को सुरक्षित भारत लाया। 11 वर्षों की यात्रा सिर्फ मोदी जी ने नहीं की है, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों को साथ लेकर उसे पूर्ण करने को समर्पित रही यात्रा है। भारत के इतिहास में नरेंद्र मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जायेगा। रक्षा क्षेत्र में हमें नई ऊंचाई मिली है। भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक डिजिटल लेन-देन के 49 प्रतिशत भारत में होते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में 99 प्रतिशत गांव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ चुकी है। देश में प्रतिदिन 34 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है। रेलवे बजट को 9 गुना बजट बढ़ाया गया है, 136 बंदे भारत ट्रेन चल रही है और 103 अमृत भारत स्टेशन पूर्व निर्माण किये गये हैं। मोदी सरकार का संकल्प हवाई सफर को देश के आम नागरिकों के लिए किफायती बनाना है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल विशेष रूप से उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले कुलपति डॉ जगन्नाथ पटनायक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में आईसीएफएआई विश्वविद्यालय सिक्किम के कुलपति प्रो डॉ. जगन्नाथ पटनायक ने शिष्टाचार भेंट की।

### सीएम से मिले आइजी माईकल राज एस

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में पुलिस महानिरीक्षक अभियान माईकल राज एस एवं पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### डॉ कुनुल कंदीर सीएम से मिलीं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की कुलपति प्रो डा. कुनुल कंदीर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### अंतरराष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता माह 2025-26 के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन आज

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता माह 2025-26 के उपलक्ष्य में अमर स्वतंत्रता सेनानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की 129वीं जयंती के अवसर पर न्यू मीडिया ग्लोबल फाउन्डेशन एवं अदम्य ग्लोबल फाउन्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में 11.6.25 को संध्या 7:30 से एक आभासीय संगोष्ठी झारखंड में शिक्षा, साहित्य और पत्रकारिता विषय पर आयोजित है। विषय विशेषज्ञ डॉ जंग बहादुर पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग रांची विश्वविद्यालय रांची होंगे और संगोष्ठी का संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ शैलेश शुक्ल जी होंगे। संगोष्ठी की संरक्षक पूर्व कुलपति डॉ आशा शुक्ला और मार्ग दर्शक डॉ विनोद कुमार मिश्र पूर्व महासचिव हिंदी सचिवालय मारीशस उपस्थित रहेंगे। अधिकाधिक संख्या में जुड़ कर संगोष्ठी को सफल बनायें। यह सूचना वरिष्ठ पत्रकार डा शैलेश शुक्ल ने दी।

### यौन शोषण के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**रांची।** शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोप में जेल में बंद संदीप कच्छप को जमानत देने से अदालत ने इनकार किया है। अपर न्यायायुक्त एके तिवारी की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। आरोपी उक्त आरोप में बीते 16 अप्रैल से जेल में है। घटना को लेकर पीड़िता ने जगरनाथपुर थाना में पिछले साल नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपों के अनुसार पीड़िता और आरोपी संदीप कच्छप के बीच वर्ष 2014 में दोस्ती हुई। आरोपी ने पीड़िता को यह भी बताया कि वह अविवाहित है। शादी का झांसा देकर उसने कई मौकों पर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाये। पटना में पीड़िता के घर आता-जाता था। 21 नवंबर 2020 को वह संदीप कच्छप के साथ नेतरहाट गई। जहां दोनों के बीच शारीरिक संबंध स्थापित हुये। साल 2021 में पता चला कि संदीप कच्छप शादीशुदा है और उसकी एक बेटी भी है।

### सड़क दुर्घटना में एक बच्चे की मौत

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र डुमरदगा गांव के पास सोमवार की देर रात हुए सड़क हादसे में शुभम कुमार नामक सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक तमाड़ निवासी सतेंद्र पंडा का बेटा था। जानकारी के अनुसार, सतेंद्र पंडा अपने परिवार के साथ लापुंग थाना खेत्र के सेरसा स्थित साई मंदिर में पूजा कर वापस तमाड़ लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब दो बजे चलती बाइक चला रहे सतेंद्र को झपकी आ गई। इससे मोटरसाइकिल असंतुलित हो गई और शुभम सड़क पर गिर गया। उसी दौरान एक अज्ञात वाहन बच्चे को कुचलते हुए निकल गया। घायल अवस्था में पिता-पुत्र को कर्रा सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने शुभम को मृत घोषित कर दिया।

## शराब दुकानदार पर मारपीट व छिनतई का आरोप

- प्रिंट रेट से 20 रुपया अधिक मांगने पर हुआ विवाद
- पीड़ित ने जगन्नाथपुर थाना में दर्ज करायी प्राथमिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शराब दुकान में अधिक कीमत लेने के विवाद में ग्राहक के साथ मारपीट करने व जबरन पॉकेट से रुपये निकालने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में अपर हटिया में रहने वाले पीड़ित संजय यादव ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

**क्या है घटना**

जगन्नाथपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में संजय यादव ने पुलिस को बताया है कि सात जून को वह अपने दोस्त कृष्णा यादव के साथ हटिया चौक जा रहा था। इसी दौरान रात करीब 11 बजे हटिया चौक स्थित शराब दुकान खुला देखकर दोनों वहां शराब लेने पहुंचे थे। दुकान से शराब लेने के लिये जब पैसा देने लगे तो दुकान का मैनेजर शराब की प्रिंट रेट से 20 रुपया अधिक मांगने लगा। जब इसका विरोध किया गया तो मैनेजर दीपक तिवारी गाली-गलौज करने लगा और बोला कि लेना है तो लो नहीं तो जाओ। इतने में ही दुकान के कर्मचारी राकेश, राहुल और अन्य लोग बाहर निकले और मारपीट करते हुये जबरन पॉकेट से 12 सौ रुपये निकाल लिये।

### शराब घोटाले के आरोपी की जमानत पर हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** शराब घोटाले में आरोपी रांची के ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय कुमार सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को एसीबी कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले का केस डायरी की मांग की। साथ ही अगली सुनवाई की तारीख 20 जून निर्धारित की है। विनय सिंह जेल में बंद तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे के करीबी है। एसीबी ने पूछताछ के लिये कई समन कर चुका है। बावजूद पूछताछ के लिए एसीबी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। उसने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये 29 मई को याचिका दाखिल की है

## अब हर मंगलवार को सीओ और बीडीओ सुनेंगे आम लोगों की समस्याएं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आम लोगों की समस्याओं के समाधान करने की दिशा में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत की गई है। इसके तहत रांची जिला के सभी प्रखंडों और अंचल कार्यालयों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) और अंचल अधिकारियों (सीओ) को सप्ताह के हर मंगलवार को तय समय पर आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याएं दूर करनी होगी। इसके अलावा अन्य कार्यदिवसों में भी सभी संबंधित अधिकारी कम से कम एक घंटा आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उनके निदान की दिशा में त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को समाहरणालय में आयोजित बीडीओ और सीओ के साथ बैठक कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य है कि जिला प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद हो। साथ ही जन समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे जनता की शिकायतों को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करें।

बैठक में रांची जिला के सभी प्रखंड एवं अंचल में कई शिकायतें आईं। इसपर संबंधित अधिकारी समस्याएं सुनकर प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित कर अविलंब जांच कर समाधान करने की कार्रवाई की।

बैठक में कई अधिकारी के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

## अंगिका समाज का शिष्टमंडल दीपिका पाण्डेय सिंह से मिला

- अंगिका भाषा को नियुक्ति नियमावली में शामिल करने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश अंगिका समाज का एक शिष्टमंडल दीपिका पाण्डेय सिंह, मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज, झारखण्ड सरकार से उनके आवासीय कार्यालय में डॉ. श्रीमोहन सिंह, महासचिव के नेतृत्व में मिला। उन्होंने मंत्री जी से झारखण्ड सरकार की नियुक्ति नियमावली से अंगिका को हटाने का मामला रखा। उन्हें बताया कि अंगिका को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिसम्बर 2018 में दिया गया है। झारखण्ड सरकार ने दिसम्बर 2021 में नियुक्ति नियमावली में जिलावार नियुक्ति हेतु अंगिका को शामिल किया एवं पुनः फरवरी 2022 में सरकार द्वारा जारी नियुक्ति नियमावली में अंगिका को शामिल किया गया, परन्तु बाद में अंगिका को हटा दिया गया। इसके बाद से लगातार अंगिका को नियुक्ति नियमावली में शामिल करने के लिए कई स्तरों से प्रयास किया जा रहा है।

महासचिव ने बताया कि अविभाजित बिहार राज्य के पुराना भागलपुर जिला के अन्तर्गत संताल परगना रहा है। अतः संताल परगना के सभी जिले-गोड्डा, दुमका, देवघर, जामताड़ा, साहेबगंज एवं पाकुड़ के निवासी अंग क्षेत्र के मूलवासी हैं। झारखण्ड राज्य में सबसे अधिक आबादी अंगिका भाषा-भाषी की है जो संताल परगना के अतिरिक्त रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह (पूर्वी भाग), हजारीबाग, रामगढ़ आदि में काफी संख्या में रह रहे हैं। यहां अंगिका भाषा-भाषी की आबादी लगभग 01 करोड़ है। इतनी बड़ी आबादी की उपेक्षा अनुचित है। शिष्टमंडल में महासचिव के साथ मोहन रजक अध्यक्ष, डॉ. अनुरंजिता सिंह उपाध्यक्ष, श्रीमती मंजु सिंह, नरोत्तम प्रसाद सिंह, दीपक कुमार , महानन्द ठाकुर, आलोक कुमार सिंह, राजेश कुमार पाण्डेय, संदीप कुमार ठाकुर शामिल थे।

# झूठे वायदे, जुमला, महंगाई और बेरोजगारी का दशक रहा मोदी का शासनकाल : राजेश गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मोदी सरकार का 11 वर्षों के कार्यकाल को प्रदेश कांग्रेस महासचिव डॉ राजेश गुप्ता ने देश की जनता के लिए महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और देश-विदेश में हर क्षेत्र में विकलता का दशक बताया है। उन्होंने कहा है कि झूठे वादे और घोषणाओं के बल पर सत्ता पर काबिज हुई, नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश की जनता को सिर्फ छलने का काम किया है। चुनाव जीतने के लिए सभी के खाते में 15 लाख देने की घोषणा की गई थी। लेकिन आज स्थिति यह है कि देश के करोड़ों लोगों के खाते से मिनिमम बैलेंस के नाम पर पैसे काटे जा रहे हैं। नोटबंदी और जीएसटी से देश के छोटे व्यापारी बर्बाद हो गए, जबकि प्रधानमंत्री के मित्र गौतम अडानी करीब 12 लाख करोड़ के साथ देश के सबसे अमीर आदमी बन गए। पीएम की मेहरबानी से अडानी समूह ने बैंकों से करीब 95,000 करोड़ का लोन ले रखा है। वहीं मोदी सरकार के प्रिय ललित मोदी ने 125 करोड़, नीरव मोदी 14,000 करोड़, मेहुल चौकसी 13,500 करोड़ और विजय माल्या 9000 करोड़ लेकर



देश छोड़कर भाग गए और सरकार मूकदर्शक बनकर बैठी हुई है। पीएम के प्रिय लोगों ने बैंकों का करीब सवा लाख करोड़ से अधिक ले रखे हैं। जिससे बैंकों की स्थिति चरमरा गई। यही कारण है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या जहां 27 थी। वह अब घटकर मात्र 11 हो गई है।

मोदी सरकार के शासनकाल में बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, छोटे व्यवसायियों को नुकसान, किसानों, एसटी, एससी और अल्पसंख्यक समुदाय पर अत्याचार के मामले बढ़े हैं। देश की आंतरिक सुरक्षा के मामले में भी सरकार पूरी तरह फेल रही। पुलवामा अटैक में 40 और गलवान घाटी में 20 सैनिकों का शहीद होना, एक साल के बाद भी मणिपुर हिंसा पर काबू नहीं पाना और पहलगाम घटना के दोषियों को नहीं पकड़ना सरकार की सुरक्षा की पोल खोलती है।

डॉ गुप्ता ने कहा कि मोदी के शासनकाल में देश के संवैधानिक संस्थानों के दुरुपयोग से उनके प्रतिष्ठा पर सवाल खड़े हुए। उन्होंने कहा कि देश का विकास करने के बजाय मोदी सरकार ने कांग्रेस के बनाए हुए संस्थाओं को बेचने का काम किया है। मोदी सरकार द्वारा जो भी योजनाएं शुरू की गई थीं, सभी टांय टांय फिश हो गई हैं। इस तरह मोदी सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल हर क्षेत्र में विफलता को दर्शाता है।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग में समर ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय समर ट्रेनिंग कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विवि के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने रसायनशास्त्र के क्षेत्र में हो रहे नित नए प्रयोगों के विषय में बताया और इस दिशा में हो रहे आधुनिक शोधों पर प्रकाश डाला। पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान और इस संदर्भ में चुनौतियों की भी उन्होंने चर्चा की। विशिष्ट अतिथि उषा मार्टिन के जीएम, सीएसआर डॉ. मयंक मुरारी ने अपने संबोधन में प्राथमिक विज्ञान और इसके उन्नयन में रसायनशास्त्र की भूमिका का उल्लेख किया और भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ इसके सह संबंधों पर बात की। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों और आविष्कारों के उल्लेख के साथ इसे स्पष्ट किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार सिन्हा ने स्वागत भाषण में इस पांच दिवसीय समर ट्रेनिंग कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विवि के आईक्यूएसी के निदेशक डॉ संदीप कुमार ने भी उपस्थित श्रोताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में सन टेक लैब की क्वालिटी मैनेजर प्रीति वर्मा ने विद्यार्थियों को विषय आधारित बुनियादी जानकारी दी।

कार्यक्रम में आगंतुकों का परिचय डॉ. नित्या गर्ग और धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. पिंटू दास ने दिया। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो. सी. जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

### नशा मुक्त अभियान को लेकर प्रोजेक्ट भवन में कार्यशाला आयोजित, स्वास्थ्य मंत्री ने जन जागरूकता रथ को किया रवाना

# 26 तक पूरे झारखंड में चलाया जायेगा नशा मुक्त अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है और हमलोग उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए दिन रात लगे हुए हैं। इसी के तहत यह नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, जो 10 जून से शुरू हो चुका है और इसका भव्य समापन 26 जून को मोरहाबादी मैदान में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सभी जिलों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जागरूकता प्रचार वाहनों को भी रवाना किया जा रहा है, जो सभी जिलों में जाकर लोगों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेगा। डॉ अंसारी मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गृह विभाग और सूचना जनसंपर्क विभाग के सहयोग से तैयार मादक पदार्थों के दुरुपयोग से संबंधित पुस्तिका का विमोचन भी किया, साथ ही कार्यशाला में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सहित उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने



नशा मुक्त भारत बनाने हेतु शपथ ली। डॉ अंसारी ने कार्यक्रम के उपरांत प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना भी किया।

**नशा मुक्ति अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से बाहर निकालना :** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और लोगों को नशे की लत से बाहर निकालना है। अभियान के तहत सभी जिलों में प्रचार वाहन जाएंगे, स्कूलों और कॉलजो में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। झारखंड के विभिन्न जिलों खासकर रांची, खूंटी में अफीम की खेती की रोकथाम हेतु कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। हमारा प्रयास जारी है और हमने काफी हद तक इसमें रोक लगाने में सफलता भी पाई है,लेकिन हमारा लक्ष्य अफीम की खेती को पूरी तरह से खत्म करना है।

**स्कूलों एवं कॉलेजों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान : राहुल पुरवार :** प्रधान सचिव उच्च शिक्षा राहुल पुरवार ने कहा कि स्कूलों एवं कॉलेजों के आस पास नशा के व्यापार को पूरी तरह से बंद करने की जरूरत है। पिछले 2-3 सालों से गृह विभाग द्वारा नशा के खिलाफ जो आयोजन किये जा रहे हैं। उसका सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है।

**बच्चों तक नशा कारोबार की पहुंच रोकने के लिए सभी विभागों को मिलकर करना होगा काम : सुनील कुमार :** प्रधान सचिव नगर विकास सुनील कुमार ने कहा कि कई बच्चे मानसिक तनाव के कारण, सामाजिक परिवेश के कारण भटक जाते हैं और नशे के आदी हो जाते हैं।

### नशा के सौदागरों को डाला जायेगा जेल में : डीजीपी

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड अफीम के लिए एक बड़ा केंद्र बन चुका है। शहरी क्षेत्रों के बच्चे ब्राउन शुगर, हेरोइन एवं अन्य ड्रग्स की चपेट में आ चुके हैं, जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि हमें सबसे पहले सप्लाई रिडक्शन और डिमांड रिडक्शन पर ध्यान देना है, क्योंकि अगर सप्लाई में कमी होगी तभी डिमांड को कम किया जा सकेगा। झारखंड से लगे राज्यों से गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों का सप्लाई होती है, इस सप्लाई चेन को रोकने की आवश्यकता है।

### जागरूक करने में मीडिया का रोल अहम : अजय

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग पूरे समाज में फैल गया है। युवा वर्ग इसके सेवन के आदी हो चुके हैं। ये कैंसर की तरह समाज में फैल रहा है, फिर भी हम इसपर खुल कर बात नहीं कर पा रहे। जनजागरूकता के माध्यम से हमें उन युवाओं और बच्चों को समझाना है। छोटी उम्र के बच्चों और युवाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाना है।
उन्होंने बताया कि रांची, जमशेदपुर, धनबाद, पलामू, बोकारो आदि में ड्रग्स का कारोबार बढ़ रहा है, इनके नेटवर्क को तोड़ने की जरूरत है। जो सिर्फ थाना स्तर पर संभव नहीं है, इस पर जिला और मुख्यालय स्तर पर काम करने की जरूरत है। मीडिया का भी इसमें अहम रोल है ताकि ऐसे लोगों के चेहरों को उजागर किया जा सके जो नशे के कारोबार में लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि विभाग एक पोर्टल तैयार करेगा जिसमें सभी रेगुलेटेड दवाओं की जानकारी समाहित रहेगी। ड्रग्स लेने वाले लोगों का ट्रीटमेंट भी किया जाएगा।

### अफीम की खेती के विनष्टीकरण में राज्य सरकार ने पायी है बड़ी सफलता : वंदना दादेल

गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कहा कि झारखंड में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की समस्या से हम सब परिचित हैं। नशा में पड़ कर लोग वित्तीय तनाव, घरेलू हिंसा और जैसी समस्याओं का सामना करने लगते हैं, इतना ही नहीं आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हो जाते हैं, जो समाज और कानून व्यवस्था के लिए चुनौती पैदा करती है। हम सबों को एक साथ मिल कर इस समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

हमें सभी विभागों के साथ समन्वय बनाते हुए इसके सभी डायमेंशन पर काम करने की जरूरत है। पुलिस विभाग अपना काम करता है। इसकी रोकथाम के लिए आपकी सहभागिता बहुत जरूरी है।

# रांची पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक हाई स्पीड बाइक की जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी की सड़कों पर तेज रफ्तार में हाई स्पीड बाइक को घूं-घूं कर स्टंट करने वालों पर सदर थाना की पुलिस ने लगाम लगाने की प्रयास की है। बीते दिन सदर इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार ने खेलगांव इलाके में स्टंट कर रहे आधा दर्जन से अधिक हाई स्पीड बाइक को जब्त किया है। यह सभी बाइक को राइड्र्स द्वारा मोडिफाइड कराया गया है। जिसमें साइलेंसर को बदल कर चक्के में एलोय व्हील लगाया है। हर दिन यह ग्रुप खेलगांव की सड़कों पर अपने बाइक से स्टंट करते दिख जाते है। सदर पुलिस ने सभी की बाइक को जब्त कर लिया है। पुलिस के द्वारा सभी के अभिभावक को थाना भी बुलाया गया है। वहीं, ट्रैफिक अधिनियम के तहत सभी की बाइक को जब्त कर कागजात न्यायालय भेजा गया है।
गौरतलब है कि तेज बाईक चालने वालो के चलते



कई लोगों की जान जा चुकी है तो कई लोग बड़े हादसे का शिकार हो चुके हैं। आये दिन इन बाइकर्स के चलते राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे ही बाइकर्स पर नकेल कसने के लिए सदर थाना की पुलिस ने बड़ी कारवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से स्टंट करने वालों को अब डर सताने लगा है।

# नेशनल गेम्स घोटाला में धर्मेंद्र चड्ढा को अग्रिम जमानत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हाईकोर्ट ने नेशनल गेम्स घोटाले में धर्मेंद्र चड्ढा को अग्रिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। साथ ही ट्रायल में असहयोग करने की स्थिति में सरकार को उचित कार्रवाई करने की आजादी दी है।
चड्ढा की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका में यह कहा गया था कि नेशनल गेम घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में वे नामजद अभियुक्त नहीं हैं। सीबीआई ने मामले की जांच के दौरान उसकी मां को समन किया था। वह जांच में सहयोग करने के लिए अपनी मां के साथ आता था। उसकी मां की मौत के बाद सीबीआई ने मनमाने तरीके से उसे अभियुक्त बना दिया। उसका इस घोटाले से कोई लेना-देना नहीं है।
सीबीआइ ने जांच के बाद मामले में आरोप पत्र समर्पित कर दिया है। सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के सभी नामजद अभियुक्तों को जमानत मिल चुकी है। इसलिए उसे भी अग्रिम जमानत दी जाये। सीबीआई ने अग्रिम जमानत का विरोध किया। सीबीआई की ओर से याचिकादाता द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर कानूनी तरीके से आपत्ति नहीं की जा सकी। न्यायालय ने सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद अभियुक्त को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

# जमीन घोटाले के सात आरोपियों की हिरासत अवधि 24 तक बढ़ी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद सात आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने 24 जून तक बढ़ा दी है। इससे पूर्व आरोपियों को वीसी के माध्यम से पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। मामले में पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। आरोप गठन पर सुनवाई जारी है। जमानत पर चल रह आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एवं सशरीर उपस्थित होकर हाजिरी दी। हेमंत सोरेन जमानत पर चल रहे हैं। उनकी ओर से वकील ने हाजिरी दी। जबकि,



पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत पर बाहर निकलें अंतु तिर्की समेत चार आरोपियों ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित दर्ज कराई। मामले में हेमंत सोरेन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, विनोद कुमार सिंह, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरशाद अख्तर, शेखर कुशवाहा, मो इरशाद, तापस घोष, चौकीदार संजीत कुमार समेत अन्य आरोपी हैं।

# 11वीं जेपीएससी : डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और इंटरव्यू प्रक्रिया जारी, 342 पदों पर होगी नियुक्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित 11वीं सिविल सेवा परीक्षा अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) और साक्षात्कार (इंटरव्यू) की प्रक्रिया चल रही है। आयोग के अनुसार, दस्तावेज सत्यापन 9 जून से शुरू हुआ है, जो 22 जून 2025 तक चलेगा। वहीं, इंटरव्यू 10 जून से शुरू हुआ है, जो 23 जून 2025 तक चलेगा। यह जेपीएससी के रांची स्थित कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से आयोजित किए जा रहे हैं।




**342 रिक्त पदों पर की जाएगी नियुक्ति :** बताते चलें कि इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 342 रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए आयोग ने 864 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया है। यह 100 अंकों का होगा और इन्हीं अंकों के आधार पर अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया जाएगा।

**27 जनवरी 2024 को शुरू हुई थी परीक्षा :** मालूम हो कि 11वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की प्रक्रिया 27 जनवरी 2024 को शुरू हुई थी। इसकी प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) 17 मार्च 2024 को आयोजित की गयी थी। परिणाम 22 अप्रैल 2024 को जारी किया गया। इसके बाद 7011 अभ्यर्थियों ने मुख्य (मेंस) परीक्षा दी। मुख्य परीक्षा 22 से 24 जून 2024 के बीच आयोजित की गयी थी और इसका परिणाम 20 मई 2025 को घोषित किया गया था।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (आपूर्ति शाखा)

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, कोडरमा जिला से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में PHH, AAY एवं GREEN राशन कार्डधारियों अन्तर्गत विभिन्न कारणों से निम्न अयोग्य लाभुकों का नाम विलोपित करने का आदेश दिया जाता है :-

| क्र0 | कार्डधारी की श्रेणी | विलोपित किए जाने का कारण | विलोपन हेतु अयोग्य कार्डधारियों (लाभूकों) की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | NFSA अन्तर्गत PHH, AAY एवं GREEN राशन कार्डधारियों | आधार कार्ड से Link मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत होना (मृत लाभूक) | 4727 |
| 2 | | विवाह के पश्चात् अन्यत्र बासोवास करना | 14 |
| 3 | | eKYC नहीं किया जाना एवं विगत छः माह से राशन उठाव नहीं किया जाना | 186 |
| 4 | | सुखी सम्पन्न परिवार | 05 (सम्पूर्ण राशन कार्ड का विलोपन) |
| 5 | | सरकारी नौकरी | 08 (सम्पूर्ण राशन कार्ड का विलोपन) |
| कुल :- | | | 4940 |

विलोपन हेतु अयोग्य कार्डधारियों (लाभूकों) की विस्तृत विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है।

ह०/–
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कोडरमा।

PR.NO.354625 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26):D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**- बंदोबस्ती हेतु आम सूचना -**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत निर्मित भारत माता कल्याण मण्डप को (Builtup Area- 4794.25 sqft) का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षों (36 माह) के लिए किया जाना है। बन्दोबस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा।

इच्छुक व्यक्ति दिनांक 12.06.2025 से 21.06.2025 तक "चतरा जिला परिषद कार्यालय" मो0 10,000/– (दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो "DDC CUM CEO DISTRICT BOARD CHATRA" के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है।

| भवन का नाम | न्यूनतम डाक की राशि (एक वर्ष के लिए) | जमानत की राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| भारत माता कल्याण मण्डप, सिमरिया | 300000.00 (रू0 तीन लाख) | 75000.00 (रू0 पचहत्तर हजार) |

नियम शर्तें –
1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 23.06.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक।
2. डाकबोली की तिथि एवं समय – दिनांक 24.06.2025 के अपराह्न 02.00 बजे।
3. स्थान – जिला परिषद सभाकक्ष, चतरा
4. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
5. बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 300000.00 (तीन लाख रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए–900000.00 (नौ लाख रू0) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
6. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 75000.00 (पचहत्तर हजार रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से जिला परिषद, चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
7. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
8. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
9. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
10. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा

PR 354573 District (25-26)_D


# भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार की दुर्गा पूजा 2025 का भूमि पूजन आज

### इस वर्ष बनाया जायेगा विश्व का सबसे बड़ा मंदिर कंबोडिया के अंकोरवाट का प्रारूप

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 67 वर्षों से शारदीय नवरात्र के अवसर पर भव्य पूजा का आयोजन करते आ रही भारतीय युवक संघ बकरी बाजार का 11 जून यानि आज बुधवार को सुबह 10:30 बजे से विद्वान आचार्य एवं पंडितों द्वारा देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा एवं अन्य देवताओं का आवाहन कर विधि विधान से स्तंभ एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के मेला परिसर में आयोजित किया जाएगा।
सचिव रवि रोहत्गी ने बताया की इस वर्ष भारतीय युवक संघ द्वारा विश्व का सबसे बड़ा मंदिर कंबोडिया का अंकोरवाट मंदिर का भव्य प्रारूप बनाने का संकल्प लिया गया है, जिसे कला में उत्कृष्ट एवं सुप्रसिद्ध बंगाल के पार्वती डेकोरेटर्स द्वारा सजाया जा रहा है। पंडाल बहुत ही भव्य होगा लगभग 14,400 वर्गफुट में पंडाल बनाया जा रहा है और इसकी ऊंचाई भी करीब 110 फूट होगी। इसके निर्माण में सभी प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया जा रहा है पाठ काठीं, मलाई काठीं, होगला पता,




पाम पत्ता, बूलेन रस्सी, त्रिपुरा मैट , त्रिपुरा मदूर काठी और भी अन्य चीज उपयोग में आयेंगे। सभी दर्शकों के अवलोकन के लिए आज परिसर में पंडाल का मॉडल भी प्रदर्शित किया जाएगा। वहीं अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया की इस बार संस्था द्वारा मूर्ति भी बहुत भव्य और अलौकिक रहेगा। शिल्प कला में निपुण बंगाल के अनूप दा के द्वारा इसका निर्माण किया जाएगा, मूर्ति बहुत ही भव्य होगी जिसमें इसकी चौड़ाई 36 फूट और ऊंचाई करीब 26 फूट रहेगी। मूर्ति का श्रृंगार अपने आप में कुछ अनोखा होगा, पंडाल में जिन चीजों का प्रयोग किया जा रहा उन्ही सब चीजों से मां का श्रृंगार भी किया जाएगा।
गौरतलब है कि अंकोरवाट कम्बोडिया में भगवान विष्णु का बहुत बड़ा मन्दिर था और दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक जो कि 162.6 हेक्टेयर (402 एकड़) में फैला है। यह कम्बोडिया के अंकोर में है जिसका पुराना नाम 'यशोधरपुर' था। इसका निर्माण सम्राट सूर्यवर्मन द्वितीय (1112-53 ई०) के शासनकाल में हुआ था। वर्तमान में यह एक बौद्ध मन्दिर है,जो कभी भगवान विष्णु को समर्पित था। मीकांग नदी के किनारे सिमरिप शहर में बना यह मन्दिर आज भी संसार का सबसे बड़ा मन्दिर है जो सैकड़ों वर्ग मील में फैला हुआ है। राष्ट्र के लिए सम्मान के प्रतीक इस मन्दिर को कम्बोडिया के राष्ट्रध्वज में भी स्थान दिया गया है। यह मन्दिर मेरु पर्वत का भी प्रतीक है। इसकी दीवारों पर भारतीय धर्म ग्रन्थों के प्रसंगों का चित्रण है। विश्व के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थानों में से एक होने के साथ ही यह मन्दिर यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में से एक है। पर्यटक यहाँ केवल वास्तुशास्त्र का अनुपम सौंदर्य देखने ही नहीं आते बल्कि सूर्योदय और सूर्यास्त देखने भी आते हैं। लोग इसे पवित्र तीर्थस्थान मानते हैं।


## झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा।
## आवश्यक सूचना

जिले के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार है:–

(in Rs.)

| Sl. No | Company | UREA | DAP | | MOP | SSP | Complex | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Ind./ Imp. | IND | IMP | | | 20:20:0:13 | 14:28:00 | 14:28:14 | 10:26:26 | 16:16:16 |
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | 1300.00 | - | - | 1720.00 | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/ KRIBHCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | 1350.00 | 1525.00 | 540.00 | 1325.00 | 1400.00 | 1650.00 | 1725.00 | - |
| 6 | IPL | 266.50 | - | 1350.00 | 1535.00 | 565.00 | - | - | - | - | 1475.00 |
| 7 | MATRIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | - | - | - | 1350.00 | - | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | - | 550.00 | - | - | - | - | - |
| 11 | BVFCL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | BEC | - | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - | - |

नोटः– 1. यूरिया की प्रति बोरी 45KG Pack size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Pack size होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा उर्वरक विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।
4. अनुदानित उर्वरकों की बिक्री में पूर्णता डी०बी०टी० लागु है अतएव बिना पॉस मशीन के बिक्री करते पाये जाने पर अनुज्ञप्ति रदद् करते हुए उनके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 354636 Simdega(25-26)D

खबर मन्त्र
रांची.बुधवार. 11 जून 2025



# जनगणना जरूरी

देश की जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में देश के पहाड़ी इलाकों मसलन जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की जनगणना का काम 1 अक्टूबर, 2026 तक पूरा किया जाएगा। दूसरा चरण जिसे 1 मार्च, 2027 तक पूरा किया जाना है उसमें देश के बाकी हिस्सों की जनगणना की जाएगी। जनगणना का काम मूलतया 2021 में होना था। शुरूआत में इसे कोविड-19 महामारी के कारण टाला गया। यह जनगणना 16 वर्षों के अंतराल पर होने जा रही है और इसमें स्वतंत्रता के पश्चात पहली बार विस्तृत जाति जनगणना के आंकड़े भी शामिल किए जाएंगे। इससे पहले अंतिम जाति जनगणना 1931 में की गई थी। भारत जैसे तेजी से विकसित होते देश में दशकीय जनगणना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। लंबे अंतराल को देखते हुए 2027 की जनगणना के आंकड़ों की उत्सुकता से प्रतीक्षा होगी। पिछली जनगणना के बाद से देश काफी बदल चुका है। उदाहरण के लिए देश का सकल घरेलू उत्पाद जो 2011 की जनगणना में करीब 1.8 लाख करोड़ डॉलर था उसके 2027 तक 5 लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है। देश में शहरीकरण की गति भी तेज हुई है। जो नीतियां बनाई जाती हैं, वे अब उतने विश्वसनीय नहीं रहे क्योंकि वे यह काम 2011 की जनगणना के आधार पर कर रहे हैं। कारोबार की बात करें तो जिस बिक्री को ग्रामीण माना जा रहा है और उस मद में डाला जा रहा है उसका कुछ हिस्सा शहरी हो सकता है। ऐसे में जनगणना स्पष्टता लाने में मदद करेगी। इसके अलावा यह जानना भी महत्त्वपूर्ण है कि आबादी का वास्तविक आकार क्या है। इसके बारे में अनुमान है कि यह चीन से अधिक हो चुकी है और हमारा देश दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला मुल्क हो गया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारतीय किसानों को सशक्त बनाना ही सरकार का उदेश्य: मोदी

**किसानों की आय बढ़ाना, खेती की लागत कम करना, बीज से लेकर बाजार तक किसानों को आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।**

**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**



कृषि भारत की अर्थव्यवस्था और संस्कृति के केंद्र में है, जो लाखों लोगों को आजीविका प्रदान करती है और देश की पहचान को आकार देती है। पिछले ग्यारह वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत के कृषि क्षेत्र में एक गहरा परिवर्तन आया है, जो बीज से बाजार तक (सीड टू मार्केट) के दर्शन पर आधारित है।

यह परिवर्तन समावेशिता को बढ़ावा देता है, छोटे किसानों, महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों और संबद्ध क्षेत्रों का समर्थन करता है, जबकि भारत को वैश्विक कृषि नेता बनाता है। किसान नीति का केंद्र बन गया है, जिसमें आय सुरक्षा, स्थिरता और सुदृढ़ता सुनिश्चित करने वाला एक सक्रिय, प्रौद्योगिकी-संचालित दृष्टिकोण है।

आधुनिक सिंचाई और ऋण पहुँच से लेकर डिजिटल बाजारों और कृषि-तकनीक नवाचारों तक, भारत स्मार्ट खेती को अपना रहा है और बाजरा की खेती और प्राकृतिक खेती जैसी पारंपरिक प्रथाओं को पुनर्जीवित कर रहा है। डेयरी और मत्स्य पालन जैसे संबद्ध क्षेत्र भी फल-फूल रहे हैं, जिससे ग्रामीण समृद्धि और जलवायु-स्मार्ट कृषि को बढ़ावा मिल रहा है। सबसे बढ़कर, मानसिकता बदल गई है, किसानों को अब भारत के विकास के प्रमुख हितधारकों और चालकों के रूप में पहचाना जाता है। जैसे-जैसे भारत अमृत काल में प्रवेश कर रहा है, इसके सशक्त किसान देश को खाद्य सुरक्षा से लेकर वैश्विक खाद्य नेतृत्व तक ले जाने के लिए तैयार हैं।



- नरेन्द्र मोदी

> दालें पिछले ग्यारह वर्षों में, सरकार दालों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाई है। पहले कम खेती, सीमित खरीद, उच्च आयात निर्भरता और उच्च उपभोक्ता कीमतों से ग्रसित यह क्षेत्र अब बढ़ी हुई खेती, उच्च एमएसपी द्वारा संचालित पर्याप्त खरीद, कम आयात निर्भरता और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर मूल्य स्थिरता प्रदर्शित करता है।

## बढ़ा हुआ बजट आवंटन

कृषि भारत के अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में कार्य करती है, जो खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, रोजगार प्रदान करने और समग्र आर्थिक विकास में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह आबादी के एक महत्वपूर्ण हिस्से की आजीविका का समर्थन करती है और भारत के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने के लिए महत्वपूर्ण बनी हुई है। इसके महत्व को पहचानते हुए, भारत सरकार ने इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए विभिन्न पहलों को लागू किया है और बजट आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

कृषि और किसान कल्याण विभाग के बजट अनुमानों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो 2013-14 में 27,663 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 1,37,664.35 करोड़ रुपये हो गई है, जो इस अवधि में लगभग पाँच गुना वृद्धि है।

बजट आवंटन में इस पर्याप्त वृद्धि ने कृषि क्षेत्र को बदलने, बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश, खेती के तरीकों के आधुनिकीकरण, सहायता योजनाओं के विस्तार और देश भर के किसानों के लिए आय सुरक्षा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि

भारत का खाद्यान्न उत्पादन 2014-15 में 265.05 मिलियन टन से बढ़कर 2024-25 में अनुमानित 347.44 मिलियन टन हो गया है, जो कृषि उत्पादन में मजबूत वृद्धि को दशार्ता है।

प्रमुख फसलों में चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, जौ, चना, अरहर, दालें, मूंगफली, सोयाबीन, रेपसीड और सरसों, तिलहन, गन्ना, कपास, तथा जूट और मेस्टा शामिल हैं।

## एमएसपी में वृद्धि और किसानों के लिए समर्थन

2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान, 14 खरीफ फसलों की खरीद 7871 एलएमटी थी, जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान खरीद 4679 एलएमटी थी।

## गेहूं एमएसपी वृद्धि और रिकॉर्ड खरीद

गेहूं के लिए एमएसपी 2013-14 में 1,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2024-25 में 2,425 रुपये प्रति क्विंटल हो गई, जिससे गेहूं उत्पादकों को बेहतर रिटर्न सुनिश्चित हुआ। 2014-2024 के दौरान गेहूं के लिए एमएसपी भुगतान के रूप में कुल 6.04 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं, जो 2004-2014 के दौरान भुगतान किए गए 2.2 लाख करोड़ रुपये की तुलना में काफी अधिक है।

## धान एमएसपी वृद्धि और रिकॉर्ड खरीद

धान के लिए एमएसपी 2013-14 में 1,310 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2025-26 में 2,369 रुपये प्रति क्विंटल हो गई, जिससे लाखों धान किसानों को लाभ हुआ। 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान धान की खरीद 7608 एलएमटी थी, जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान धान की खरीद 4590 एलएमटी थी। 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान धान उत्पादक किसानों को भुगतान की गई एमएसपी राशि 14.16 लाख करोड़ रु. जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि में किसानों को भुगतान की गई राशि 4.44 लाख करोड़ रुपये थी।

ग्रेड-ए धान के लिए एमएसपी 2013-14 में 1,345 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2025-26 में 2,389 रुपये प्रति क्विंटल हो गया

दालें पिछले ग्यारह वर्षों में, सरकार दालों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाई है। पहले कम खेती, सीमित खरीद, उच्च आयात निर्भरता और उच्च उपभोक्ता कीमतों से ग्रसित यह क्षेत्र अब बढ़ी हुई खेती, उच्च एमएसपी द्वारा संचालित पर्याप्त खरीद, कम आयात निर्भरता और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर मूल्य स्थिरता प्रदर्शित करता है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दालों की खरीद में 7,350% की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 2009-2014 के दौरान 1.52 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) से बढ़कर 2020-2025 के दौरान 82.98 एलएमटी हो गई।

## एमएसपी पर तिलहन की खरीद

पिछले ग्यारह वर्षों में एमएसपी पर तिलहन खरीद में 1,500% से अधिक की वृद्धि हुई है, जो तिलहन किसानों के लिए सरकार के मजबूत समर्थन को दशार्ता है।

## लेटर टू एडिटर

### आतंक का मुकाबला

**शहीद** नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाकर देश को संदेश दिया कि आतंकवादियों को तो उनके किए की सजा मिलनी चाहिए। कुछ राजनेता आतंकी घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। आतंकवादियों को सजा तो मिले, परंतु गंगा- जमुनी संस्कृति के संरक्षण के साथ हमें आतंकवाद का डटकर मुकाबला करना है।

**–अनिल रांची**

### समता का संदेश

**लेखक,** स्वयं एक शिक्षाविद् होने के नाते, भारत के संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन व विचारों से समाज को अवगत करवा रहे हैं। उनके द्वारा प्रेरणादायक लेख और शिक्षाएं समाज के मार्ग को आलोकित करती हैं। साथ ही, बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों का भारत बनाने की दिशा में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाना चाहिए।

**– अश्विनी सिंह, रांची**

## ट्वीट

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है।


**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

आज दुनिया के कई देशों में आर्थिक तंगी के हालात बन चुके हैं, वैश्विक अस्थिरता के कारण विकसित देशों की ईकोनॉमी भी हिचकोले खा रहा है।

वहीं, भारतीय अर्थव्यवस्था सभी चुनौतियों के बाद भी पूरी शक्ति के साथ डटी हुई है। राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक की मोदी सरकार की दमदार नीतियों और आर्थिक प्रबंधन की तारीफ कर रही हैं।

**– रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

# तलाक के कारणों की पड़ताल और बढ़ते मामलो की चिंता



**सोनाली भट्टाचार्य**

**कानून**

सबसे आम कारणों में से छः बताए गए हैं।

**बेवफाई:** बेवफाई तलाक का एक प्रमुख कारण है, चाहे शारीरिक या भावनात्मक विश्वासघात के माध्यम से। जब एक साथी को पता चलता है कि उनके जीवनसाथी ने किसी और के साथ भावनात्मक या यौन संबंध बनाए हैं, तो विश्वास और सम्मान हमेशा के लिए क्षतिग्रस्त हो सकता है।

भले ही भटकने वाला साथी माफी मांग ले और माफी की भीख मांग ले, लेकिन धोखा खाने वाला साथी इस कृत्य से आगे नहीं बढ़ सकता। यही कारण है कि व्यभिचार तलाक के लिए दूसरा सबसे ज्यादा उद्धृत आधार हुआ करता था (अनुचित व्यवहार के बाद) जिसका इस्तेमाल आप यह दिखाने के लिए कर सकते थे कि आपकी शादी पूरी तरह से टूट चुकी है।

**जुड़ाव और प्रतिबद्धता की कमी**

जबकि हजारों रोमांटिक कॉमेडी इस विचार पर आधारित हैं कि विपरीत लोग एक-दूसरे को आकर्षित करते हैं, वास्तव में, जोड़ों को यह महसूस करने की जरूरत है कि उनके और उनके साथी के बीच कुछ समानता है और वे एक खुशहाल, स्वस्थ विवाह के लिए वास्तव में प्रतिबद्ध हैं। जोड़ों को एक साथ रहने और रिश्ते में प्रयास करने के लिए ‡मन की बैठक की आवश्यकता होती है।

रोमांटिक जुनून की पहली लहर में नजरअंदाज किए जाने वाले मतभेद समय के साथ और भी स्पष्ट हो सकते हैं। अगर जोड़े काम नहीं करते और अपने मतभेदों को दूर करने के तरीके नहीं खोजते, तो उनके बीच का रिश्ता जल्दी ही खराब हो सकता है। एक बड़े पैमाने पर अमेरिकी सर्वेक्षण में पाया गया कि तलाक लेने वाले 73.2% जोड़ों ने प्रतिबद्धता की कमी को अपने वैवाहिक टूटने का मुख्य कारण बताया।

**पैसों की परेशानी**

लगभग 10 में से एक जोड़ा पैसों को लेकर झगड़े के कारण अलग हो जाता है। लेकिन यह पैसे की समस्या नहीं है जो जोड़ों को तलाक अदालतों की ओर धकेलती है - यह इसलिए है क्योंकि जोड़ों के पास परिवार के वित्त का प्रबंधन करने के तरीके के बारे में अलग-अलग विचार हैं। उदाहरण के लिए, एक साथी पैसे के मामले में गैर-जिम्मेदार हो सकता है और अपनी क्षमता से अधिक खर्च कर सकता है, जबकि दूसरा बुरे दिनों के लिए बचत करना पसंद करता है। या एक साथी अपने जीवनसाथी की खर्च करने की आदतों को नियंत्रित करने की कोशिश कर सकता है। लेकिन अगर उन्हें वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो मूल्यों में अंतर अधिक स्पष्ट हो सकता है। वित्तीय असंगतताएं तलाक में वित्तीय समझौतों पर बातचीत करने की प्रक्रिया को भी जटिल बना सकती हैं , जिससे जोड़ों के लिए विशेषज्ञ कानूनी सलाह लेना महत्वपूर्ण हो जाता है।

**. खराब संचार:** खराब संचार के कई रूप और रूप होते हैं, जिसमें लगातार बहस करना, समस्याओं को दबा देना या फिर झूठ बोलना शामिल है। लेकिन इसका एक ही नतीजा होता है: जो जोड़े एक-दूसरे से बात नहीं करते, उनका रिश्ता जल्दी ही खराब हो जाता है।

संचार उन मुद्दों में से एक है जिसके परिणाम बहुत गंभीर होते हैं। यह असंगति, उपेक्षा, कड़वाहट और नाराजगी की भावनाओं को जन्म दे सकता है जो अनियंत्रित रहने पर भारी पड़ सकती हैं। कुछ मामलों में, जोड़े अपनी संचार समस्याओं पर काम करने और एक बार फिर से स्वस्थ संबंध विकसित करने में सक्षम होते हैं। दूसरों में, संचार की कमी इतनी गंभीर हो सकती है कि तलाक ही एकमात्र समाधान बन जाता है।

जहां संचार इतना खराब हो गया है कि उसे वापस नहीं लाया जा सकता, वहां दम्पतियों को तलाक की बातचीत में मध्यस्थता एक उपयोगी साधन लग सकता है।

**. अलग-अलग होना**

कई सालों से साथ रहने वाले जोड़े एक-दूसरे से दूर होते-होते खुद को अजनबी जैसा महसूस कर सकते हैं। लोग बदलते हैं, और वे गतिविधियाँ और रुचियाँ जो वे कभी साझा करते थे, अब उनके जीवन में कोई स्थान नहीं रखतीं, जिससे वे अकेला, उदास या अलग-थलग महसूस करते हैं। बच्चों के बड़े होने और परिवार के घर से चले जाने की प्रक्रिया अक्सर जोड़ों के लिए अपने रिश्ते की स्थिति का आकलन करने के लिए उत्प्रेरक का काम कर सकती है। जीवन के इस चरण को आमतौर पर 'खाली घोंसला सिंड्रोम' के रूप में जाना जाता है, जो जोड़ों को बहुत सारा खाली समय और माता-पिता की ज़िम्मेदारियों में कमी देता है। कुछ जोड़े इस समय का आनंद लेते हैं और गहरे स्तर पर फिर से जुड़ते हैं। दूसरों के लिए, यह पहले से मौजूद मुद्दों को बढ़ा सकता है।

# गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर: भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक

**सामयिक**

**- योगेश कुमार गोयल**

कोलकाता में साहित्यिक माहौल वाले कुलीन धनाढ्य परिवार में 7 मई 1861 को जन्मे रवीन्द्रनाथ टैगोर कवि, उच्च कोटि के साहित्यकार, उपन्यासकार और नाटककार के अलावा संगीतप्रेमी, अच्छे चित्रकार तथा दार्शनिक भी थे। टैगोर एशिया के प्रथम ऐसे व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें वर्ष 1913 में विश्वविख्यात महाकाव्य ह्यगीतांजलिह्न की रचना के लिए साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था। हालांकि उन्होंने यह पुरस्कार स्वयं समारोह में उपस्थित होकर ग्रहण नहीं किया था बल्कि ब्रिटेन के एक राजदूत ने यह पुरस्कार लेकर उन तक पहुंचाया था। नोबेल पुरस्कार में मिले करीब एक लाख आठ हजार रुपये की राशि टैगोर ने किसानों की बेहतरी के लिए कृषि बैंक तथा सहकारी समिति की स्थापना और भूमिहीन किसानों के बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल बनाने में इस्तेमाल की।

टैगोर की महान रचना ह्यगीतांजलिह्न का प्रकाशन वर्ष 1910 में हुआ था, जो उनकी 157 कविताओं का संग्रह है। इसी काव्य संग्रह को बाद में दुनिया की कई भाषाओं में प्रकाशित किया गया। मार्च 1913 में लंदन की मैकमिलन एंड कंपनी ने इसे प्रकाशित किया और 13 नवम्बर 1913 को नोबेल पुरस्कार की घोषणा से पहले इसके दस संस्करण छापे गए। टैगोर की कुछ कविताएं तो बांग्लादेश के स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा भी हैं। जहां तक भारत के राष्ट्रीय गीत ह्यजन गण मनह्न की बात है कि इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन के दूसरे दिन का काम शुरू होने से पहले 27 दिसम्बर 1911 को पहली बार गाया गया था। हालांकि उस दौरान इस बात को लेकर भी कुछ विवाद चला कि कहीं उन्होंने यह गीत अंग्रेजों की प्रशंसा में तो नहीं लिखा लेकिन इसके रचयिता टैगोर ने स्पष्ट करते हुए कहा था कि इस गीत में वर्णित ह्यभारत भाग्य विधाताह्न के केवल दो ही अर्थ हो सकते हैं- देश की जनता या फिर सर्वशक्तिमान ऊपर वाला, फिर चाहे उसे भगवान कहें या देव।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा रवीन्द्र नाथ टैगोर राष्ट्रीयता, देशभक्ति, तर्कशक्ति इत्यादि विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग राय रखते थे लेकिन दोनों एक-दूसरे का बहुत सम्मान भी किया करते थे। साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार मिलने के बाद टैगोर को गांधीजी ने ही सर्वप्रथम ह्यगुरूदेवह्न कहा था जबकि गांधीजी को महात्मा की उपाधि टैगोर ने दी थी। उन्होंने 12 अप्रैल 1919 को गांधीजी को ह्यमहात्माह्न का सम्बोधन करते हुए एक पत्र लिखा था, उसके बाद ही गांधीजी को महात्मा कहा जाने लगा। मात्र आठ वर्ष की आयु में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी पहली कविता लिखी थी और 16 वर्ष की आयु में कहानियां तथा नाटक लिखना शुरू कर दिया था। बैरिस्टर बनने के सपने के साथ वह 1878 में इंग्लैंड चले गए थे लेकिन दो ही वर्ष बाद डिग्री लिए बिना ही भारत लौट आए। 1901 में सियालदह छोड़ कर पश्चिम बंगाल के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शांति निकेतन में आने के बाद रवीन्द्रनाथ टैगोर ने वहां प्रकृति की गोद में खुले प्राकृतिक वातावरण में वृक्षों, बगीचों और एक लाइब्रेरी के साथ केवल पांच छात्रों के साथ छोटे-से ह्यशांति निकेतन स्कूलह्न की स्थापना की, जो 1921 में ह्यविश्व भारतीह्न नाम से एक समृद्ध विश्वविद्यालय बना।। 1919 में उन्होंने शांति निकेतन कला के एक स्कूल ह्यकला भवनह्न की भी नींव रखी, जो दो साल बाद विश्व भारती विश्वविद्यालय का हिस्सा बन गया।

शांति निकेतन में ही गुरूदेव ने अपनी कई साहित्यिक कृतियां लिखी और यहां मौजूद उनका घर आज भी ऐतिहासिक महत्व का है। उनका ज्यादातर साहित्य काव्यमय रहा और अनेक रचनाएं गीतों के रूप में प्रसिद्ध हैं। 1880 के दशक में उन्होंने कविताओं की कई पुस्तकें प्रकाशित की और 1890 में ह्यमानसीह्न की रचना की। कविता,

देश में प्रतिशिक्ष बुलेट ट्रेन की तैयारी अंतिम चरण में। **अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### सांसद प्रतिनिधि ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अवितेश सिंह एवं भाजपा युवा नेता सलिल मोहन सिन्हा ने मंगलवार को पतरातू बीडीओ से मनोज कुमार गुप्ता से मुलाकात की। राकेश सिन्हा ने भुरकुंडा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर ज्ञापन बीडीओ को सौंपा ज्ञापन। उन्होंने क्षेत्र में सड़कों की जर्जर स्थिति, जलनिकासी की समस्या, साफ-सफाई की व्यवस्था, सामुदायिक भवनों की मरम्मत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने की मांग की। बीडीओ ने ने प्रतिनिधिमंडल को सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

### पीओ का धूमधाम से मना जन्मदिन



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी का जन्मदिन मंगलवार को पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। आयोजन बलकुदरा के सीनियर ओवरमैन पप्पू सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी ने केक काटकर की।पप्पू सिंह ने परियोजना पदाधिकारी को केक खिलाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। बलकुदरा के सभी अधिकारी, माइनिंग स्टाफ तथा बीएमएस के महामंत्री शशि भूषण सिंह समेत बड़ी संख्या में कर्मियों ने सत्यार्थी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ, सफल एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। पूरा कार्यक्रम सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सभी ने जन्मदिन की खुशियों को साझा की।

### वर्कर्स यूनियन का सम्मेलन आज



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड स्थित यूनियन कार्यालय में मंगलवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन भूरकुंडा शाखा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय सचिव व शाखा अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य नरेश मंडल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सुरक्षा समिति सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव लखेन्द्र राय उपस्थित थे। बैठक में 11 जून को ऑफिसर्स क्लब भुरकुंडा में होने वाले यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 13वां केंद्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। मौके पर केंद्रीय सचिव व शाखा अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य नरेश मंडल ने बताया कि केंद्रीय सम्मेलन में झारखंड राज्य के सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल कंपनी से करीब 300 प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिसमें बरका-सयाल एरिया के 36 प्रतिनिधि और भूरकुंडा से 8 प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होंगे। बैठक में अशोक राम, अनुज कुमार, प्रेम सिह, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, विकास कुमार, आलोक पुरखत, अशोक कुमार, मदन मोहन ओझा, जोगेंद्र ठाकुर, दिवाकर पटेल, अशोक राम, रंजीत कुमार, छोटेलाल गुप्ता, विजय साव, सुनील मिश्रा, अफजल हुसैन, मंजूर अंसारी, अमित रविदास, पवन मौर्या, अमरनाथ चौधरी, देवन्द्र सिंह, ललित देवागणा, जितेंद्र सिंह, जाफर आलम, राज किशोर यादव, विरेंद्र, नंदन नोनिया सहित कई लोग मौजूद थे।

### कुजू में लगा बगवानी मेला



कुजू। कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय के सभागार में मंगलवार को बिरसा हरित योजना के तहत आम उत्सव सह बगवानी मेला का उद्घाटन मांडू विधायक तिवारी महतो व मांडू बीडीओ ऋतिक कुमार, बीपीओ विजय कुमार, मुखिया ललिता देवी ने किया। मेला में प्रखंड के 12 पंचायत के बिरसा हरित योजना के लाभुकों ने विभिन्न किस्म के आमों का प्रदर्शन किया। लाभुकं ने अतिथियों के समक्ष आम के फसल में होने वाले परेशानी व लाभ के बारे में जानकारी दी। लाभुकों ने बीडीओ से आम बागवानी के विस्तार को लेकर लाभ देने का आग्रह किया। जिस पर अतिथियों ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर पंचायत सचिव राजकुमार साव, चांदनी कुमारी, आजसू जिला उपाध्यक्ष तेजनाथ महतो, मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, उप मुखिया कुमारी नीलम, संयोगिता देवी, महेश महतो, पंचित महतो, आशा देवी, राज लक्ष्मी, धनंजय कुमार, इनामुल हक, तीर्थलाल बेदिया, नरेश कुमार, बबलू मोदी, तरन्नुम सहित जेएसएलपीएस के सदस्य शामिल थे।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने दिया धरना



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पीओ कार्यालय परिसर में सोमवार को झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने दिया धरना। धरना का नेतृत्व कर रहे मोर्चा के अध्यक्ष किशुन नायक ने कहा कि भुरकुंडा परियोजना क्षेत्र के स्थानीय प्रभावितों को वर्षों से रोजगार से वंचित रखा जा रहा है। पहले भी विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन सीसीएल प्रबंधन ने लगातार अनदेखी की। मजबूरीवश एक बार फिर संगठन को धरना का रास्ता अपनाना पड़ा है। धरना के दौरान परियोजना पदाधिकारी राकेश सत्यार्थी खुद प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। उन्होंने संगठन के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल की जाएगी। साथ ही यह भी कहा कि जब तक सभी संबंधित पक्षों के बीच आपसी सहमति नहीं बनती, तब तक लोकल सेल चालू नहीं होगी। प्रभावितों ने कहा कि प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाएं, विस्थापन जैसी समस्याओं का सामना करने के बावजूद रोजगार से वंचित रहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बेरोजगारी के कारण स्थानीय लोग पलायन को मजबूर हैं। कुछ पुराने समितियों के नाम पर कुछ लोगों ने निजी स्वार्थवश हिस्सेदारी पर कब्जा जमा रखा है, जिससे असली प्रभावित आज भी हाशिये पर हैं। धरना में लखन पासवान, जगतार सिंह, बिक्रम कुमार, बबलू ठाकुर, संतन सिंह, अमन कुमार सहित कई स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया और एकजुट होकर सीसीएल प्रबंधन से भुरकुंडा लोकल सेल में स्थानीय बेरोजगारों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की।

# लंबित कांडों का शीघ्र करें निष्पादन

## अपराध गोष्ठी में रामगढ़ के एसपी ने दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवददाता



रामगढ़। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय रामगढ़ स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी हुयी। उन्होंने कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि) की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में टीएसपीसी/पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, संवेदनशील कांडों में जेल से बाहर निकले अभियुक्तों का सत्यापन कर निगरानी रखने / प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने हेतु निर्देश दिया । साथ ही जन शिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलंब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पास्पोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों का 02 माह के अंदर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनएस अन्तर्गत -1 जव 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआरपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवाने, हिट एण्ड रन मामलों के पीड़ितों को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का स-समय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआईएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स-समय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रिमिनल ला के तहत ई साक्ष्य ऐप का उपयोग, यातायाता नियमों का पालन करने हेतु जागरूकता अभियान चलाकर आमजनता को जागरूक करने के लिए निर्देश दिया गया। सभी थाना/ओपी प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर वाहन चेकिंग करने तथा आसूचना संकलन करते हुए चोरी, लूट, गृहभेदन एवं डकैती के कांडों को अंजाम देने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए साक्ष्य के अधार पर गिरफ्तार करें। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मु०), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु/रामगढ़, लोक अभियोजक रामगढ़, परिचारी प्रवर / परिचारी पुलिस केन्द्र रामगढ़, पुनि-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ /रजरप्पा, सभी थाना/ओपी प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी बैठक में उपस्थित रहें।

**बेहतर कार्य के लिए दरोगा दिगंबर पांडेय को किया सम्मानित :** अपराध गोष्ठी के उपरांत महानिदेशालय केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा पुलिस आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक-2022 से सम्मानित किये गये पुअनि दिगंबर पांडेय को मेडल प्रदान कर अलंकृत किया गया । साथ ही विगत माह में पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों, 03 या 03 से अधिक विशेष/अविशेष लंबित कांडों के निष्पादन, समकालीन अभियान के दौरान वारंटियों का निष्पादन, संगठित अपराधिक गिरोह के राहुल दूबे गैंग के 04 सदस्यों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने के मामलों में कुल 31 पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# हजारीबाग में नशामुक्ति अभियान शुरू

## डीसी ने दिलायी शपथ और रवाना किया जागरूकता रथ

खबर मन्त्र संवाददाता




हजारीबाग। राज्य सरकार द्वारा 10 से 26 जून तक चलाए जा रहे राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को नशामुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। इसके बाद उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर से तीन जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में घूमकर आम जनता को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगे। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि नशा न केवल शरीर, बल्कि व्यक्ति के भविष्य और सपनों को भी खत्म कर देता है। इससे युवाओं में मानसिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को वेबिनार के माध्यम से अपने-अपने स्तर पर ठोस कदम उठाने का निर्देश भी दिया। जिलेवासियों के नाम अपने संदेश में उपायुक्त ने अपील की कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसे मिटाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने, बच्चों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति शिक्षित करने और समाज को एकजुट कर नशामुक्त वातावरण बनाने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी नागरिकों के सहयोग से हजारीबाग को नशामुक्त और स्वस्थ समाज में बदला जा सकता है।

### हजारीबाग के उपायुक्त ने सुनी जनता की फरियाद

हजारीबाग। समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले भर से आए लगभग दो दर्जन फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र जांच कर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में प्रस्तुत मुख्य समस्याओं में भूमि पर अवैध कब्जा, एलपीसी निर्गत करने, पारिवारिक पेंशन, जन वितरण प्रणाली की दुकान आवंटन, मारपीट, पेयजल की समस्या और दिव्यांगों को नौकरी देने से संबंधित आवेदन शामिल थे। प्रमुख आवेदकों में चौपारण की गीता देवी ने बैट्री साइकिल की मांग की। बरही की अंबिया देवी ने खरीदी गई जमीन पर कब्जे की शिकायत की। इचाक से ईश्वर लाल ने दिव्यांगों को चौकीदार की नौकरी देने की मांग की।

### कुजू : ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के सांडी स्थित प्रेम लाइन होटल के पास से पुराना एनएच 33 सड़क पर ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए कुजू पुलिस द्वारा रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया। जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है। बताया जाता है कि कोयला लोड ट्रक संख्या जेएच02बीएन-6237 रामगढ़ से कुजू की ओर आ रहा था। इसी बीच पल्सर बाइक संख्या जेएच24जी-7361 को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद ट्रक के चालक व उपचालक फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक घायल का पहचान नहीं हो पाया था।

## उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष ने 51 महिलाओं को दिया खाद्य सामग्री




जन्मदिन पर खाद्य सामग्री वितरित करते जगेश्वर प्रजापति।

खबर मन्त्र संवाददाता

कुजू। बोंगाबार स्थित जेपी रेस्टोरेंट में मंगलवार को उज्वला फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति के अध्यक्षता में बैठक हुयी। बैठक में फाउंडेशन के विस्तार को लेकर चर्चा हुयी। फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन अभी और आगे ले जाना है, ताकि इससे जुड़े सभी महिलाओं को विकास हो। जगेश्वर प्रजापति ने अपने 66 वां जन्मदिवस पर 51 महिलाओं के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया। वहीं मौजूद लोगों ने उनके दीर्घायु होने की कामना किया। मौके पर तोकेश सिंह, रतन प्रसाद, अशोक कुमार, डिंपल प्रजापति, दशरथ प्रसाद केशरी, जनक प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद, नरेश प्रजापति, पिंटू प्रजापति, सुखदेव सोनी, कृष्ण कुमार, आशा देवी, शांति देवी, वीणा देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, मनसरी देवी, अनिता देवी, छोटन प्रजापति समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रेम मुंडा व राजकुमार ने मुंडा वुशू में जीता स्वर्ण पदक



भुरकुंडा (रामगढ़)। ओडिशा के बड़बिल जिंदल स्पोर्ट्स हॉस्टल के दो प्रतिभाशाली वुशू खिलाड़ी प्रेम मुंडा और राजकुमार मुंडा ने रूस के मास्को में 1 से 7 जून तक आयोजित मास्को वुशू स्टार इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। पुरुषों के वरिष्ठ वर्ग में प्रेम ने 48 किलोग्राम वजन श्रेणी और राजकुमार ने 52 किलोग्राम वर्ग में मेजबान रूस के शीर्ष खिलाड़ियों को हराकर यह शानदार उपलब्धि हासिल की। यह जीत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय वुशू के लिए एक बड़ी उपलब्धि और प्रेरणा का स्रोत है। जिंदल स्पोर्ट्स हॉस्टल, बड़बिल, जिन्दल स्टील एंड पावर की सीएसआर इकाई जिंदल फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी बच्चों की खेल प्रतिभा को तराशना है। यह संस्थान शालू जिन्दल के मार्गदर्शन में संचालित होता है। इस उपलब्धि पर जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन और हरियाणा के कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा कि इनकी सफलता गांव से वैश्विक मंच तक पहुंचने की प्रेरणादायक कहानी है। हम अपने हर खिलाड़ी के सपनों को उड़ान देने में विश्वास रखते हैं। ये स्वर्ण पदक इनकी कड़ी मेहनत और लगन को समर्पित हैं।

# तोपा : कोयले के स्टॉक में आग हुयी विकराल

ज्योति सिन्हा



रामगढ़ । रामगढ़ जिला अंतर्गत सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना स्टील टू ग्रेड कोयले के भारी स्टॉक में लगी आग बूझने के बजाय विकराल रूप धारण करता जा रहा है। वहीं प्रबंधन द्वारा आग पर काबू पाने के लिए पाइप लाइन बिछाकर आग पर पानी डालने का काम मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। कोयले के स्टॉक को डोजर, पोकलेन सहित अन्य उपकरणों के माध्यम से काटकर अलग करने का अभियान जारी है। लेकिन प्रबंधन का हर प्रयास नाकाफी साबित हो रहा है।सीसीएल के कोलियरी कोयला स्टॉक में आग लगने की घटना अब आम बात हो गई है। हर वर्ष गर्मी के मौसम में सीसीएल के किसी न किसी कोलियरी के कोयले के स्टॉक में आग लगने की घटना होती है। आग लगने की घटना के बाद कोयला अधिकारी सहज भाव से यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि कोयले का स्टॉक अधिक होने तथा डिस्पैच नहीं होने के कारण आग लगी है।आग पर काबू पाने का प्रयास जारी हैं। लेकिन इतना मात्र कहकर अधिकारी इससे बच नहीं सकते।आग न लगे इसपर अधिकारी को सतर्क रहने की आवश्यकता है।और अगर कोयले के स्टॉक में आग लगती है तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। क्योंकि यह राष्ट्रीय संपत्ति है,जिसकी हिफाजत की जिम्मेदारी भी संबोधित अधिकारी पर होनी चाहिए। कोयला उत्खनन के लिए कोयला कामगार कठिन परिश्रम करते हैं, लेकिन प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में कोयले के स्टॉक में आग लगने की घटना होती है।अक्सर देखा जाता है कि सीसीएल के कोलियरी कोयला स्टॉक में हीं आग लगती है। जबकि

**गर्मी में हर वर्ष लगती है आग**

कई अन्य निजी कोयला उत्खनन कंपनियों में सीसीएल से अधिक कोयला उत्खनन होता है लेकिन वहां आगजनी की घटनाएं नहीं होती। कारण स्पष्ट है कि निजी कंपनियों में कार्यरत अधिकारियों को उनकी नौकरी जाने का भय रहता है। जिसके कारण उत्खनित कोयला की पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन वहां के अधिकारी करते हैं। लेकिन सीसीएल के अधिकारी की बात निराली है। जब यह सर्व विदित है कि कोयले के भारी स्टॉक होने पर आग लगने की संभावना बढ़ जाती है तो फिर हजारों लाखों मिट्रिक टन कोयले के स्टॉक को एक हीं जगह क्यों रखा जाता है। उसे छोटे छोटे डंप कर रखा जा सकता है। लेकिन कोयला अधिकारी ऐसा नहीं करते। और न हीं सतर्कता बरती जाती है।

## एक नजर में

### चरही में ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत



चरही। हरिद्वार शांतिकुंज से निकली ज्योति कलश रथ यात्रा मंगलवार को चरही पहुंची, जहां पूजा-पाठ और प्रसाद वितरण के साथ नगर भ्रमण का आयोजन हुआ। इस आध्यात्मिक यात्रा का उद्देश्य देशभर के शहरों और गांवों में धर्म, मानवता और सद्भाव का संदेश फैलाना है। चरही पहुंचने पर रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया और स्थानीय ग्रामीणों ने श्रद्धा के साथ इसमें भाग लिया। गायत्री परिवार से जुड़े भक्तों के नेतृत्व में चरही, चनारो, सर्ववहाँ, भेलवाटांड सहित आसपास के क्षेत्रों में रथ का भ्रमण कराया गया। शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रमुख आचार्य झ्र श्री नरेंद्र विद्यार्थी, शिवानंद पांडे, लक्ष्मण प्रजापति और कमल जी झ्र ने यात्रा का संचालन किया। उन्होंने बताया कि इस रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, भाईचारा, धर्म के प्रति जागरूकता और मानव कल्याण का प्रसार करना है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी की। प्रमुख उपस्थित लोगों में बलराम सिंह, उमेश सिंह, संजय सिंह, रणविजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, रमेश यादव, सत्येंद्र सोनी, सुरेश राय, रविंद्र ठाकुर, कमल पंडित, शंभू प्रसाद और लालचंद महतो शामिल थे। महिला मंडल की ओर से अंजू सिंह, माधुरी देवी, रेखा देवी, सविता, पूनम समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

### हजारीबाग के आदर्श ने फ्रांस में किया शोध



दारू। हजारीबाग के आदर्श कुमार ने फ्रांस में यूरोपियन मैटेरियल्स रिसर्च सोसायटी सम्मेलन में शोध से भारत का नाम रोशन किया। उन्हें विश्व स्तर पर तीसरा स्थान मिला और उनका शोध रॉयल सोसाइटी ऑफ साइंस जैसी प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित किया गया। इस वैश्विक मंच पर 800 से अधिक शीर्ष वैज्ञानिकों के बीच आदर्श के काम को विशेष मान्यता मिली। उनकी सफलता पर पूरे इलाके में खुशी की लहर है। आदर्श की इस उपलब्धि से न सिर्फ हजारीबाग, बल्कि पूरे झारखंड को गर्व हुआ है। उनके घर और मोहल्ले में बधाइयों का तांता लगा हुआ है। आदर्श की मेहनत, लगन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने यह सिद्ध कर दिया कि छोटे शहरों से भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का परचम लहराया जा सकता है। वे आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं।

### मुखिया का भूख हड़ताल बीडीओ ने तोड़वाया



दारु। हरली गांव में बंद पड़े सीएचसी को चालू करने व प्रखंड़ के कई समस्याओं जैसे अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार , झुमरा व दारू में अतिक्रमण हटाने, दारु प्रखंड़ के जर्जर रोड की मरम्मति , मनरेगा में हो रही भ्रष्टाचार व झारखंड आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की कमी को भरने जैसे मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी के इकाई जवाहर बाल मंच व हरली मुखिया ने अपने समर्थकों के साथ मंगलवार को प्रखंड़ मुख्यालय के मैन गेट के सामने दो दिवसीय धरना में बैठ गए। धरना में बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह भी शामिल हुए। भूख हड़ताल की सूचना पाकर बीडीओ हारून रशीद व पीएचसी प्रभारी डॉ अमरेश कुमार ने धरना स्थल पहुंचे धरनार्थियों से वार्ता की। प्रशासन व धरनार्थियों के द्वारा संतोषजनक वार्ता के बाद बीडीओ हारून रशीद ने जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष रिंकू कुमार व हरली मुखिया फरजाना खातून को जूस पिलाकर भूख हड़ताल को तोड़वाया। हरली सीएचसी को चालू करने के मांग पर प्रभारी डॉ अमरेश कुमार ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस सीएचसी केंद्र को सोमवार से ही चालू कर दिया गया है।

### बंदखारो में शहीद रामधनी मंडल को दी गयी श्रद्धांजलि



विष्णुगढ़। झारखंड आंदोलन के महान सेनानी शहीद रामधनी मंडल की 44वीं पुण्यतिथि मंगलवार को उनके पैतृक गांव बंदखारो में झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड समिति के तत्वावधान में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने कहा कि रामधनी मंडल झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी योद्धाओं में से एक थे। वे साधु, सैनाथ, शनिचर महतो और स्व. टेकलाल महतो के साथ मिलकर सामंतवाद के खिलाफ आवाज उठाते रहे और गरीबों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करते रहे ।सोशल मीडिया प्रभारी संजय पटेल ने कहा कि शहीद मंडल आम जनों की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हुए और झामुमो उनकी विरासत को कभी भूलने नहीं देगा। इस मौके पर देवी राम हेमरम, शेखर महतो, विनोद महतो, नीलकंठ महतो सहित कई लोग मौजूद रहे।

### बड़कागांव में बिजली संकट पर भड़के विधायक

बड़कागांव। बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में जारी बिजली संकट को लेकर विधायक रोशन लाल चौधरी ने प्रेस वार्ता कर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि 5 घंटे से भी कम बिजली और वह भी लो वोल्टेज के साथ मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक ने 12 जून कोसांसद मनीष जायसवाल के साथ बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपकर 24 घंटे का अल्टीमेटम देने की घोषणा की है। उन्होंने चेताया कि यदि बिजली आपूर्ति दुरुस्त नहीं हुई तो ऋट कार्यालय में तालाबंदी और आंदोलन किया जाएगा। विधायक ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग रोकने तक की चेतावनी दी। इस प्रेस वार्ता में भाजपा, आजसू और अन्य संगठनों के कई पदाधिकारी शामिल थे। जन प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर बिजली संकट पर निर्णायक लड़ाई का ऐलान किया।

### बड़कागांव में तीन दुकानों में भीषण आग

बड़कागांव। मंगलवार दोपहर बड़कागांव मुख्य चौक स्थित मधुबन डेकोरेशन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे तीन दुकानों में लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। मधुबन डेकोरेशन के चंद्रदेव गुप्ता के घर से शुरू हुई आग ने पास की दुकानों तक फैलाव कर लिया। सौभाग्य से सभी परिजन सुरक्षित निकल आए, लेकिन भारी नुकसान हुआ। पुलिस, एसडीपीओ, थाना प्रभारी और अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे। त्रिवेणी सैनिक और एनटीपीसी के दमकलकर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने में स्थानीय युवाओं ने भी मदद की। विधायक रोशन लाल चौधरी ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

### बूथों के पुनर्गठन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

बरही। बीडीओ जयपाल महतो की अध्यक्षता में बरही प्रखंड सभागार में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण और चिन्हीकरण को लेकर सर्वदलीय बैठक हुई। बीडीओ ने बताया कि 1200 से अधिक मतदाताओं वाले केंद्रों को पुनर्गठित करने और दूरी वाले क्षेत्रों में नए केंद्र स्थापित करने की योजना है। भौतिक सत्यापन के आधार पर मतदान केंद्रों को आवश्यक सुविधाओं से लैस किया जाएगा और जर्जर भवनों को बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि कोशिश की जाएगी कि एक ही परिवार के सभी सदस्य एक मतदान केंद्र पर वोट डाल सकें। बैठक में भाजपा, झामुमो और अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल थे।

### ज्ञान गंगा स्कूल में मैट्रिक के छात्रों को दी गयी विदाई

दारू। ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल में मंगलवार को मैट्रिक में उत्तीर्ण छात्रों को दी गयी विदाई। वद्यालय के डायरेक्टर शशि भूषण प्रसाद ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जैक बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का प्रदर्शन शत-प्रतिशत परिणाम आया। अभिमन्यु कुमार ने 91.60 फीसदी अंक लाकर टॉपर बने, महेंद्र कुमार (87 .40फीसदी), शबा परवीन (83 .20फीसदी) सहित अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।

### जमीन संबंधित मामलों को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा ने अंचल कार्यालय के समक्ष दिया धरना

# रैयत विस्थापितों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं: विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के तत्वावधान में जमीन सम्बंधित मामलो को लेकर खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता तथा संचालन अमृत भोगता ने किया। धरना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा उपस्थित थे। धरना कार्यक्रम में खलारी प्रखंड क्षेत्र के जमीन संबंधित मामलों को उठाया गया। कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि खलारी में लोग सीसीएल नौकरी की लालच में बाहरी लोगों के द्वारा जमीन की फर्जी तरीके से हेरा फेरी किया जा रहा है। जिसे बर्दास्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि खलारी के मूल रैयतों को उनके हक अधिकार दिलाने में सहयोग करे ताकि रैयत विस्थापित के साथ कोई अन्याय नहीं हो। धरना कार्यक्रम को प्रमुख सोनी तिग्गा, जालिम सिंह, रमलखन गंझु, जगरनाथ महतो, आजाद अंसारी, सुनीता देवी, मुखिया दीपमाला कुमारी, तेजी किस्पोट्टा, कन्हाई पासी, शिवनारायण लोहरा, कलीम रिजवी सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

## जमीन संबंधित मामलों को लेकर सीओ को मांग पत्र सौंपा



विस्थापित मोर्चा ने अपनी एक मांग अंचलाधिकारी को सौंपा। जिसमें खतियानी रैयतो का जमीन सत्यापन ग्राम सभा के माध्यम से करने, सीएनटी क्षेत्र के अंतर्गत खतियानी जमीन का फर्जी खरीद बिक्री रद्द करने, भूमिहीन अनुसूचित जाति जनजाति को शिविर लगाकर वनपट्टा देने, अनुसूचित जाति जनजाति को विशेष रूप से गैरमजरूआ खास जंगल झाड़ी का रशीद निर्गत करने, खलारी एव अन्य मौजा के खतियानी रैयतो का जमीन एव भूइहरी जमीन को अवैध रूप से सरेंडर किये जमीन को पुनः वापस करने, डोएमएफटी फण्ड का उपयोग सीसीएल से विस्थापित किए गए गांव में करने तथा खलारी प्रखंड के सभी मौजा के रैयतो की जमीन को बाहरी लोगों के द्वारा फर्जी खरीद बिक्री एव बंदोबस्ती कागजात को रद्द करने की मांग की गई है। मौके पर नरेश गंझु, विनय खलखो,प्रकाश महतो,तुमांग मुखिया संतोष महली, शांति देवी,ललिता देवी,सुनीता देवी, मुकद्दर लोहरा, प्रभाकर गंझु, बालजीत गंझु, शशि मुंडा, मधु गंझु, सोनू गंझु, देवनाथ गंझु, विजय गंझु, महावीर गंझु, जीतन गंझु, श्रवण भोगता, उमेश लोहरा,सूरज लोहरा, गुड्डु गंझु, बालदेव गंझु, बालेश्वर गंझु, किसुन गंझु, संजय गंझु, जयराम गंझु, शिवप्रसाद गंझु, रूपलाल गंझु, भुनेश्वर गंझु, कामेश्वर गंझु, राजेन्द्र उरांव, मनोज गंझु, मुनेश्वर गंझु,फूलों देवी, रुक्मणि देवी, नगीना देवी, तारा देवी,सुनीता देवी, मनीता देवी, विलासों देवी, कांता देवी, शुक्रमनी देवी, सावित्री देवी, बसंती देवी, शांति देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### दो पत्नी व तीन बच्चों के पिता का परवान चढ़ा इश्क

# रातू: तीसरी मासूका को प्रेम जाल में फंसा कर ली शादी

- पुरियो का है शाहिद अनवर
- थाने में पड़ी लिखित अर्जी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के पुरियो निवासी बसरूद्दीन अंसारी के पुत्र शाहिद अनवर को दो पत्नी और तीन बच्चों के पिता होने के बाद भी इश्क का बुखार नहीं उतरा है। वह अपने को कुंवारा बताकर आमटांड के अब्दुल कयूम की 25 साल की पुत्री गुलनाज खातून को प्रेम जाल में फंसा 31 मई को रांची के शहर काजी के समक्ष शादी कर ली। इस बाबत पीड़िता के पिता ने रातू थाने में अर्जी देकर न्याय की गुहार लगायी है।

इधर, गुलनाज ने थाने के पुलिस पदाधिकारी संतोष यादव के मोबाइल पर निकाह नामा की प्रति भेज दी है। पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है।

**क्या है मामला**

शाहिद की पहली पत्नी मांडर के करकरा की है। उसके दो पुत्र हैं। वहीं, बुढ़मू स्थित बांधगढ़ा परसाटोली की दूसरी पत्नी से 1 लड़का है। इसके बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और तीसरी से शादी रचा ली। इससे न केवल उसके परिजन, बल्कि दोनों पत्नियां और बच्चे भी परेशान हैं। जबकि, दोनों के मायका वालों का गुस्सा उबाल पर है। फिलहाल वह लड़की के साथ यूपी में है।

### कांग्रेस कमिटी का संगठन सृजन 2025 कार्यक्रम का आयोजन

# नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी मजबूत करने का संकल्प दिलाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** केडी नेहरू क्लब खलारी में प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा संगठन सृजन -2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर,रांची जिलाध्यक्ष ग्रामीण डॉ. राकेश किरण महतो व खलारी प्रखंड पर्यवेक्षक राज उरांव, कांके विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम संगठन सृजन-2025 में नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं दायित्व का पदभार ग्रहण कराया गया तथा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गये। नवगठित टीम ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने तथा जनता के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने का संकल्प लिया। वही नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद के रूप में उपाध्यक्ष बाबू खान,विकेश सिंह (विक्की), महासचिव शशि मुंडा, सुखविंदर सिंह, संजय राम, राजेश गंझु,अनीता पासवान, सुरेन्द्र यादव, फिरोज अंसारी को बनाया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में राजन सिंह राजा, राजेश सिंह मिंटू, इंदिरा तुरी, मोनू रजक, रौशनलाल, जावेद अंसारी, विजय मुंडा, आशिक अंसारी, अजय सिंह, सुरेन्द्र महतो, शमीम अंसारी, राजेंद्र लोहार, प्रकाश सिन्हा, भोला यादव, टोबियास बाड़ा, तालीम खान, तजमुल अंसारी, गीता देवी, सुधा देवी, अनीता देवी, साबिर अहमद, सलामत अंसारी, गोपाल सिंह, रवि टोप्पो, प्रकाश कुजूर, नसीम अख्तर, सुल्तान अंसारी को सम्मानित किया गया। कार्यकम का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना, नये नेताओं को जिम्मेदारी सौंपना तथा आगामी चुनावी रणनीति पर चर्चा करना था।

### मैट्रिक और इंटर के इटकी प्रखंड टॉपर्स को मिलेगी साइकिल

**इटकी।** मैट्रिक और इंटर के इटकी प्रखंड टॉपर्स को आगामी 12 जून को यूथ कांग्रेस के प्रदेश कॉर्डिनेटर आरिफ रजा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया जाएगा। आरिफ रजा ने बताया कि इटकी मौसीबाड़ी स्थित अहि अली फॉर्म हाउस में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पीजेएचआरएफ के डॉ आरिफ नासिर बट्ट शामिल होंगे। समारोह में मैट्रिक, इंटर साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स के प्रखंड टॉपर्स को साइकिल दिया जाएगा, वहीं 80% से आधिक मार्क्स लाने वाले विद्यार्थियों को भी सरप्राइज गिफ्ट देकर सम्मानित किया जाएगा। आरिफ रजा ने सभी छात्र छात्राओं को अपने अभिभावक के साथ सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल अही अली फार्म हाउस पहुंचने का अपील किया है।

# मंईयां सम्मान से बकरी खरीद खड़ी की रोजगार

**सक्सेस स्टोरी**

- चितरकोटा की है सीमा उराइन
- आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू (रांची)।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान ने प्रखंड की महिलाओं को रोजगार से जुड़ने के लिये पर दे दिये हैं। वह पहले घर में गृहणी मात्र थी। किंतु, अब स्वरोजगार की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही हैं। इसका ताजा उदाहरण है, चितरकोटा छोटकाटोली की सीमा उराईन। पति जगनू उरांव दिहाड़ी मजदूर था। सीमा घर में रहकर खेती बारी करती थी। 2017 में जेएसएलपीएस से जुड़ी। समूह के जरिये बैंक से कर्ज लेकर नई तकनीक से खेती को विस्तार दिया। 2024 के अगस्त माह से उसे मंईयां सम्मान योजना में 1 हजार रुपये मिलने लगे। दिसंबर से यह राशि बढ़कर 25 सौ प्रतिमाह हो गयी। सीमा उराईन को एकमुश्त 3 माह का 7500 सौ रुपये मिले। उसने दो बकरी और एक बकरा खरीदी। वर्तमान में यह बढ़कर छह हो गये हैं। इससे परिवार के आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो गया है। गृहस्थ जीवन में व्यस्त रहने वाली सीमा स्वावलंबी बन समाज की अन्य महिलाओं के लिये प्रेरणाश्रोत बन गयी है। उनके तीनों बच्चे प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे हैं। सीमा ने बताया कि इस बार जो राशि मिलेगी, उससे वह तीन और बकरी खरीदेगी।

**बीपीएम ने दी बधाई**

सीमा की इस सफलता पर बीपीएम कुणाल कुमार समेत जेएसएलपीएस कर्मियों ने उसे बधाई दी है। श्री कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उसके लगन और मेहनत के सब कायल हैं। अन्य महिलायें भी उसके मार्गदर्शन में रोजगार खड़ी कर स्वावलंबी बन सकती हैं। इसके लिये उन्हें निष्ठा के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। विभाग मदद के लिये तैयार है।



बकरियों के साथ सीमा।

### इटकी : कार्यशाला का आयोजन किया गया



**इटकी।** इटकी प्रखंड सभागार में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वार संचालित साथी अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की निराश्रित बच्चों को चिन्हितकरण से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी पंचायत के मुखिया के नेतृत्व में प्रखंड के सभी पंचायत में डोर टू डोर जेएसएलपीएस और आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से सर्वे कराने का निर्देश दिया गया जिससे सभी बच्चों की वास्तविक संख्या पता चल सके। मौके पर बीडीओ प्रवीण कुमार, रईस मालिक, रमेश महली, चंदन तिवारी, रीता देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## हरिनाम संकीर्तन के जागरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** सिल्ली हाट बागान स्थित हरि मंदिर में नौवें दिन मंगलवार को जागरण का समापन हुआ। पिछले बुधवार से शुरू इस संकीर्तन में पश्चिम बंगाल, झारखंड से प्रसिद्ध कीर्तन मंडलियों सोड़ो, पुरूलिया महिला मंडली, सारम्बो महिला मंडली, तोड़ांग, पुतीडीह, तुरदाग, चौड़ा कीर्तन मंडलियों द्वारा कीर्तन की प्रस्तुति कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसको लेकर पूरी व्यवस्था की गई। वहीं देर संध्या जागरण का भी आयोजन किया गया। जागरण में आए हुए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांधा। एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया जिस पर उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक झूमते और जयकारा लगाते रहे। मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए समिति के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। समिति के लोगों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से लोगों में भक्ति की भावना जागृत होती है और सामाजिक समरसता को बल मिलता है। वहीं योगा एंड मेडिटेशन ग्रुप के द्वारा प्रसाद एवं जल का वितरण किया गया।

### राहे प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता टीम को जेएससीए ने किया सम्मानित



जेएससीए स्टेडियम रांची में खिलाड़ियों से मिलते सचिव सौरभ तिवारी।

**राहे।** राहे प्रीमियर लीग केनवस क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन के बाद मंगलवार को टूर्नामेंट के विजेता और विजेता टीम के खिलाड़ियों को झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सौरभ तिवारी ने झारखंड स्टेट क्रिकेट स्टेडियम रांची में सादे समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी और झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सौरभ तिवारी ने कहा कि ग्रामिण क्षेत्र में इस प्रकार के सकारात्मक आयोजनों से न केवल क्षेत्रीय युवाओं को खेल की ओर प्रेरणा मिलेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने का मार्गदर्शन मिलेगा। यह आयोजन भविष्य में और भी बेहतर नेतृत्व, समन्वय एवं योजनाबद्ध संचालन के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। इस वर्ष के विजेता टीम रॉयल चैलेंजर ओर उपविजेता टीम रॉयल टाइगर' के कप्तानों को विशेष रूप से सम्मानित किया, साथ ही दोनों टीमों के प्रायोजकों को भी बधाई एवं सम्मान प्रदान किया गया।मौके पर आयोजन समिति के पंकज कुमार महतो, परमेश्वर महतो,संजय शेखर,आदि मौजूद थे।

# विधायक ने सुनी लोगों की समस्या

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगों की समस्या सुनते विधायक अमित कुमार महतो।

**सोनाहातू।** प्रखंड परिसर में मंगलवार को विधायक अमित कुमार महतो द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और उन्होंने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखी। विधायक ने 30 मई को हुई जनता दरबार के आवेदन की प्रगति की समीक्षा किये। बारी बारी से सभी विभागों से संबंधित समस्याओं की समाधान पर चर्चा किए। मंईयां योजना, राशन वितरण व्यवस्था, सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन तथा मनरेगा से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आयीं। विधायक ने लोगों के बीच जाकर पंचायत स्तर से समस्याओं को गंभीरता से सुने और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। भूमि विवाद से जुड़े कई मामले भी दरबार में लाए गये। जिन पर उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों और कर्मियों को जनता के कार्यों को तत्परता से निपटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाये। इस मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी पबीडीओ खगेश कुमार थाना प्रभारी चंदन कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर जयराम शर्मा, बीपीओ बबिता गोस्वामी, रोहिताश चौधरी, सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि व कर्मचारी मौजूद थे।

## अंत्येष्टी में विधायक सहित गणमान्य हुये शामिल



मोहरी देवी।



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** टीएसी के पूर्व सदस्य जमल मुन्डा की धर्मपत्नी और खिजरी विधायक राजेश कच्छप के पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा की माता मोहरी देवी का सोमवार की रात निधन हो गया। वह लगभग 70 साल की थी तथा काफी समय से कीडनी रोग से पीड़ीत थी। वह अपने पीछे बेटा बेटी पोता पोती और भरा पूरा परिवार को छोड़ गई है। मंगलवार को उनका दाह संस्कार कर दिया गया। दाह संस्कार कार्यक्रम में खिजरी विधायक राजेश कच्छप सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने शामिल हो कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी पूर्व विधायक डॉ अमर कुमार चौधरी पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित उरांव कांके प्रमूख सोमनाथ मुन्डा विधायक प्रतिनिधि श्रवण मुन्डा नवनीत सिंह सुनील उरांव सुन्दरी तिक्री विजय टोप्पो प्रेमनाथ साकीर अन्सारी शिवदास गोस्वामी सुरेन्द्र महतो रामनाथ महतो सुनील महतो बुधराम बेदिया सत्यदेव मुन्डा पंचू तिर्की सिदीक अन्सारी युनुस अन्सारी रजाक अन्सारी किशोर करमाली रामसाय मुन्डा बीरबल महतो अनीता देवी संगीता कैथा इमाम अन्सारी इत्यादि शामिल थे।

### यूनियन बैंक के नये शाखा प्रबंधक ने पदभार ग्रहण किया




**मुरी।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मुरी में नये शाखा प्रबंधक के रूप में विपुल कुमार ने अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सुविधा देना ही उनका मुख्य उद्देश्य है एवं वे अपने बैंक कर्मियों के साथ मिलकर ग्राहकों की सेवा करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि ग्राहकों को सेवा देना ही उनका मूल कर्तव्य है। इससे पूर्व वह रांची ऑडिट विभाग में पदस्थापित थे। उन्होंने यह भी कहा कि शत प्रतिशत लोगों को बैंकिंग सुविधा से जोड़कर लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा एवं बैंक द्वारा सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ लाभुकों को तत्परता के साथ दिया जाएगा।

# बेड़ो में डेढ़ साल से बंद पड़ा है सामुदायिक शौचालय

## प्रखंड मुख्यालय आने वाले ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी

राजू कुमार सिंह





बेड़ो में बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक शौचालय भर जाने के कारण पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ा हुआ है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाखों रुपए खर्च कर लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है, लेकिन यह बंद पड़ा है। इसके बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं के लिए शौचालय नहीं रहने से हो रही है। महिलाओं का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय में एक भी शौचालय नहीं है। जिसके कारण सर्वाधिक दिक्कतों का सामना ग्रामीणों क्षेत्र से आने वाली महिलाओं को करना पड़ता है।इसके बावजूद जिम्मेदार आंख बंद करके बैठे हैं। जिम्मेदारों की उदासीनता का आलम यह है कि आज तक इसके खोलने के लिए कोई पहल नहीं किया गया। जिसके कारण प्रखंड मुख्यालय आने वाले सैंकडों लोग यहां के दुकानदार लोगों को इसके बंद होने के कारण भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर महिलाओं को काफी दिक्कतें हो रही हैं। प्रखंड कार्यालय के सटे होने के साथ आस पास के गांवों का मुख्य चौक है। इस चौक में हर दिन हजारों की संख्या में बाहरी लोग यहां पहुंचते हैं। खासकर साप्ताहिक बाजार के दिन में अच्छी खासी भीड़ यहां होती है। इसके अलावा बाजार व सब्जी मंडी है। इसके बावजूद डेढ़ साल से शौचालय बंद पड़ा हुआ है, लेकिन जिम्मेदार इससे अनभिज्ञ हैं। जबकि सरकार स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों में शौचालय का निर्माण किया गया है, लेकिन गांव से प्रखंड मुख्यालय पहुंचने वाले महिला व पुरुष खुले में ही शौच जाने को मजबूर हो रहे हैं। खासकर महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आखिर महिलाओं के इस दर्द को कौन समझेगा? इधर शौचालय के देखरेख कर रहे छोटन महली ने बताया कि टंकी भर जाने के कारण शौचालय को मजबूरन बंद करना पड़ा है। उन्होंने अपने स्तर से स्थानीय जनप्रतिनिधि से टंकी साफ करने को लेकर मौखिक रूप से बात भी रखा हैं। लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी सामुदायिक शौचालय की टंकी का सफाई नहीं हो पाया है। जिसके कारण शौचालय बंद है। ग्रामीणों को भारी समस्याएं हो रही है। स्थानीय लोगों व दुकानदारों ने इसे जल्द चालू कराए जाने की मांग की है।

# संगठन सृजन और संविधान बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** संगठन सृजन और संविधान बचाओ अभियान को सशक्त बनाने को लेकर अनगड़ा डाक बंगला में प्रखंड कांग्रेस कमेटी का मंगलवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव ने किया एव संचालन पूर्व युवा अध्यक्ष अजय करमाली ने किया। बैठक में झारखंड प्रदेश कमेटि के द्वारा संचालित संगठन सृजन संविधान बचाओ अभियान को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इस बीच नेताओं ने कहा कि इस देश में अगर कांग्रेस नहीं होती तो अब तक संविधान में बदलाव कर गरीबों आदिवासियों और दलितों का हक अधिकार छीन लिया जाता। ऐसी परिस्थिति में आज सभी लोगों को कांग्रेस का साथ देने की आवश्यकता है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष पश्चिमी रेजाक अंसारी पूर्वी योगेन्द्र बेदिया उपाध्यक्ष जोन तिग्गा, किशोर करमाली महिला अध्यक्ष सरिता देवी युवा अध्यक्ष विशाल स्वांसी अजा अध्यक्ष संजय नायक सहित सकिर अंसारी, बिहारी मुण्डा, अशीष मुण्डा, सूजय महतो, छोटेलाल महतो, सिद्दिक अंसारी, जितेन्द्र मुण्डा, यूनूस अंसारी, सफीक अंसारी, अब्बास अंसारी, मनरतन लोहरा, जितेन्द्र मुण्डा, फागूराम बेदिया, गणेश भोगता, एतवा भोगता, गोन्दा लोहरा, देवकी देवी, शाहनाज खातुन, संगीता कैथा, सुनीता देवी, अनिता देवी, देवकी देवी, सुरज करमाली, बिपता बेदिया, रोहित नायक, राजदेव पाहन, निर्मल करमाली, सुखराम उरांव, समीम खान, अंकित मुण्डा, कुवर पाहन, भरत उरांव, सुखदेव लोहरा, दशवा उरांव, कृष्णा महली, दशरत पाहन, सुजय महतो, अनिल ठाकुर, मिडिया प्रभारी युवा संतोष राम इत्यादि उपस्थित थे।

# दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी के फाइनल में होगी रोमांचक भिड़ंत

एजेंसी

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका के बाद आस्ट्रेलिया ने भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल मुकाबले के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। डब्ल्यूटीसी का खिताबी मुकाबला बुधवार से लॉर्ड्स मैदान पर खेला जाएगा। मैच से पूर्व ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने प्लेइंग-11 की पुष्टि की। सबसे दिलचस्प बात यह है कि आस्ट्रेलिया ने अपनी ओपनिंग जोड़ी में बदलाव किया है।



### ग्रीन की टेस्ट टीम में वापसी

मार्नस लाबुशेन अपने करियर में पहली बार ओपनिंग करने उतरेंगे। उनका साथ दूसरे छोर पर उस्मान ख्वाजा देंगे। आस्ट्रेलिया ने युवा सैम कोंसटास की जगह अनुभवी लाबुशेन को तरजीह दी है। आस्ट्रेलिया के पास जोश इंग्लिस को भी शीर्ष क्रम पर भेजने का मौका था, लेकिन उन्होंने लाबुशेन के साथ जाने का फैसला किया। कमिंस ने ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की वापसी की भी पुष्टि की जो चोट के कारण एक साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे। ग्रीन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे, स्टीव स्मिथ अपने पसंदीदा स्थान चौथे नंबर पर उतरेंगे। कमिंस ने कहा, हमने सोचा कि शायद तीसरे नंबर पर उतरना ग्रीन लिए सबसे उपयुक्त है और फिर, आप जानते हैं, मार्नस के शीर्ष पर जाने के बाद, हमने सोचा कि यह ठीक है। आप सभी जानते हैं कि कोंसटास और इंग्लिश ने अच्छी तरह तैयारी की, लेकिन चयनकर्ता जॉर्ज बेली अनुभव के साथ जाना चाहते हैं। उन्होंने अतीत में इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया है, विशेषकर लॉर्ड्स में।

### पहली बार फाइनल में पहुंचा दक्षिण अफ्रीका

अफ्रीका ने पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई है, जबकि आस्ट्रेलिया खिताब बचाने के इरादे से इस मैच में उतरेगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने इस मैच के लिए कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है और करीब उस कोर ग्रुप को बरकरार रखा है जिसने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती थी। शीर्ष क्रम की जिम्मेदारी कप्तान बावुमा और एडेन मार्करम पर होगी। मार्करम आइपीएल 2025 में अच्छी फॉर्म में थे और वह इसे फाइनल में भी बरकरार रखना चाहेंगे।

### 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी टीम

दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है और इस वजह से उन्हें 'चोकर्स' नाम दिया गया है। टीम ने अब तक आइसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। दक्षिण अफ्रीका की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच को जीत कर 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी। रियान रिक्लेटन और काइल वेरेने दोनों ही लाल गेंद के प्रारूप में लगातार बेहतर करते रहे हैं और इन्होंने अपनी जगह बरकरार रखी है। मध्य क्रम की जिम्मेदारी ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड बेडिंघम पर होगी जिन्हें बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी विभाग में कगिसो रबाडा और मार्को यानसेन तेज गेंदबाजी की अगुआई करेंगे, जबकि लुंगी एनगिदी भी गेंदबाजी विभाग को धार देंगे।

### दोनों टीम इस प्रकार हैं

**आस्ट्रेलिया:** उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरन ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेंबा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, रियान रिक्लेटन, वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरेने, मार्को यानसेन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी।

### लियोन एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर

आस्ट्रेलिया ने ग्रीन और ब्यू वेबस्टर को भी प्लेइंग-11 में जगह दी गई है। तेज गेंदबाजी का जिम्मा कप्तान कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क के कंधों पर रहेगा। हेजलवुड की फिटनेस की चिंताओं के बावजूद उन्हें स्कॉट बोलैंड पर तरजीह दी गई है। आस्ट्रेलिया ने एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर नाथन लियोन को लिया है, जबकि विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी एलेक्स कैरी को सौंपी गई है। ट्रेविस हेड मध्य क्रम में बल्लेबाजी करेंगे।

# नडाल का 2017 फ्रेंच ओपन रैकेट रिकॉर्ड 49 लाख रुपये में नीलाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टेनिस दिग्गज राफेल नडाल द्वारा 2017 फ्रेंच ओपन फाइनल में इस्तेमाल किया गया बाबोलाट रैकेट रिकॉर्ड कीमत पर नीलाम हुआ है। 'प्रेस्टीज मेमोरैबिलिया' की नीलामी में यह रैकेट 1,57,333.20 अमेरिकी डॉलर (लगभग 49.12 लाख रुपये) में बिका। यह अब तक किसी टेनिस रैकेट के लिए चुकाई गई सबसे बड़ी राशि है। इससे पहले का रिकॉर्ड भी नडाल के ही एक अन्य रैकेट के नाम था, जिसे उन्होंने 2022 आस्ट्रेलियन ओपन के दौरान इस्तेमाल किया था। उस ऐतिहासिक मुकाबले में नडाल ने डेनियल मेदवेदेव को पांच सेटों तक चले फाइनल में हराकर अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। वह रैकेट 2023 में सोथेबी की नीलामी में 1,39,700 डॉलर में बिका था। 2017 में नडाल ने स्टान वावरिंका को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-1 से हराकर अपना 10वां फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने एक भी सेट नहीं गंवाया था और इसके बाद उन्होंने रोलां गैरो पर चार और खिताब जीते, जिससे उनका कुल आंकड़ा 14 तक पहुंच गया। किसी अन्य पुरुष खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन आठ से अधिक बार नहीं जीता है। इस ऐतिहासिक रैकेट को 'रेजोल्यूशन फोटोमैचिंग' द्वारा नडाल के 2017 सत्र के 24 मैचों से फोटोमैच किया गया है, जिसमें मैड्रिड ओपन और मियामी ओपन के फाइनल भी शामिल हैं। संभावना है कि यह वही रैकेट है जिसे उन्होंने 2017 आस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में भी इस्तेमाल किया था, जहां वह रोजर फेडरर से हार गए थे। प्रेस्टीज मेमोरैबिलिया के अनुसार, ग्रैंड स्लैम फाइनल में इस्तेमाल हुआ राफेल नडाल का रैकेट मिलना बेहद दुर्लभ है, लेकिन ऐसा रैकेट जो पूरे क्ले सीजन और उससे आगे के मैचों में इस्तेमाल हुआ हो और अंततः फ्रेंच ओपन खिताब में परिणित हुआ हो, यह ऐतिहासिक है। यह कस्टम-निर्मित रैकेट नडाल के ट्रेडमार्क "Rafa" लोगो के साथ आता है और उस पर "RG 2017 Nadal" लिखा एक स्ट्रिंगिंग स्टिकर भी लगा है, जो इसे 2017 फ्रेंच ओपन से जोड़ता है।



# जेएससीए ने धोनी के आइसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर मनाया जश्न, माही को केक खिला कर दी बधाई





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ने बुधवार को महेंद्र सिंह धोनी के आइसीसी हॉल ऑफ फेम 2025 में शामिल होने की खुशी में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। यह सम्मान धोनी को क्रिकेट के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया है। धोनी का नाम इस वर्ष के हॉल ऑफ फेम में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के मौके पर घोषित किया गया।

### जेएससीए के तमाम पदाधिकारी हुए शामिल

जेएससीए के इस समारोह में संघ के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष संजय पांडे, सचिव सौरभ तिवारी, कोषाध्यक्ष अमिताभ घोष और अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे। समारोह के दौरान धोनी को सम्मानित किया गया और उनकी उपलब्धियों को सराहा गया। आइसीसी हॉल ऑफ फेम 2025 में अन्य कई दिग्गज खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। धोनी का हॉल ऑफ फेम में शामिल होना न केवल उनके करियर की सफलता को बताता है, बल्कि पूरे देश और विशेष रूप से झारखंड के लिए गर्व का क्षण है। जेएससीए के अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव, सचिव सौरभ तिवारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी है। साथ ही कहा है कि उनकी उपलब्धि को भारत क्या विश्व नहीं भुला सकता है।

# पूरन ने चौंकाया, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**त्रिनिदाद।** वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर निकोलस पूरन ने 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये इसकी घोषणा की। पूरन वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा टी20 खेलने वाले खिलाड़ी हैं। साथ ही इस प्रारूप में उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा रन भी बनाए हैं। पूरन ने एक लंबा नोट लिखकर संन्यास की घोषणा की।

### पूरन ने अपने नोट में क्या लिखा

पूरन ने लिखा- यह काफी मुश्किल था, लेकिन मैंने इस पर काफी सोच विचार किया और इसके बारे में काफी गहनता से सोचा। आप सभी को मेरा प्यार। पूरन ने अपने नोट में लिखा, 'क्रिकेट की जनता के लिए- बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह खेल जिसे हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत खुशी दी है और आगे भी उद्देश्य, अविस्मरणीय यादें और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का मौका देता रहेगा। महरून जर्सी पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना, उन पलों को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह बताना मुश्किल है कि मेरे लिए इसका क्या मतलब है। कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक विशेषाधिकार है जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। पूरन ने लिखा, प्रशंसकों को आपके अटूट प्यार के लिए धन्यवाद। आपने मुश्किल समय में मेरा साथ दिया और अच्छे पलों में गजब के जुनून के साथ जश्न मनाया। मेरे परिवार, दोस्तों और टीम के साथियों को मेरे साथ इस सफर पर चलने के लिए धन्यवाद। आपके आशीर्वाद और समर्थन ने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। हालांकि मेरे करियर का यह अंतरराष्ट्रीय अध्याय बंद हो गया है, लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम और क्षेत्र को आगे की राह के लिए सफलता और शक्ति के अलावा कुछ नहीं चाहता।

### पूरन का अंतरराष्ट्रीय कॅरियर



पूरन ने वेस्टइंडीज के लिए 61 वनडे और 106 टी20 मैच खेले। वनडे में उनके नाम 39.66 की औसत से 1983 रन और टी20 में 26.15 की औसत और 136.40 के स्ट्राइक रेट से 2275 रन हैं। वनडे में पूरन ने तीन शतक और 11 अर्धशतक लगाए। वहीं, टी20 में उन्होंने 13 अर्धशतक लगाए। पूरन ने वेस्टइंडीज के लिए कभी टेस्ट मैच नहीं खेला। वनडे में पूरन ने छह विकेट भी लिए हैं। हालांकि, वह एक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। पूरन सबसे छोटे फॉर्मेट में वेस्टइंडीज के कप्तान भी रह चुके हैं, लेकिन बतौर कप्तान उनके खराब रिकॉर्ड के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट ने उन्हें कप्तानी से हटा दिया था। पूरन ने अपने नोट में कोई वजह का खुलासा तो नहीं किया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने दुनियाभर की टी20 लीग खेलने के लिए यह फैसला लिया है। वेस्टइंडीज के क्रिकेटरों का इतिहास ऐसा ही रहा है। ड्वेन ब्रावो, क्रिस गेल, आंद्रे रसेल और सुनील नरेन जैसे पूर्व क्रिकेटर्स भी इस तरह के फैसले ले चुके हैं। वह दुनियाभर की लीग तो खेलते रहे, लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट से दूरी बनाई। उनके साथ सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का भी पंगा रहा। हालांकि, पूरन का फैसला टी20 लीग को लेकर ही माना जा रहा है। वह मौजूदा समय में टी20 के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक हैं और कोई भी फ्रेंचाइजी उन्हें अपनी टीम में शामिल करने के लिए बेताब रहती है। ऐसे में वह साल भर लीग खेलकर अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। पूरन पहले भी यह फैसला कर चुके हैं।

## पंत का तूफानी छक्का ने स्टेडियम की छत तोड़ी

**नयी दिल्ली।** भारत के विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास सत्र में एक ऐसा छक्का जड़ा, जिसने स्टेडियम की छत का हिस्सा तोड़ दिया। इंग्लैंड के बेकेनहम सुविधा केंद्र में नेट सत्र के दौरान पंत ने वाशिंगटन सुंदर की गेंद पर घुटने के बल बैठकर एक जबरदस्त छक्का मारा, जो इतना ऊंचा गया कि स्टेडियम की छत को नुकसान पहुंचा। इस शॉट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने क्रिकेट प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया। पंत की इस पारी ने उनकी ताकत, समयबद्धता और नियंत्रण को दशार्या।

# अर्जेंटीना मेसी के बिना खेलना सीख लिया : स्कैलोनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कैलोनी ने बुधवार को कोलंबिया के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबले से पहले कहा कि उनकी टीम अब लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति में भी बिना किसी समस्या के खेल सकती है और अब उन्हें लाइन-अप में बदलाव करने की जरूरत नहीं पड़ती। मेसी ने 2005 में अर्जेंटीना के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत की थी और अब तक 192 मैचों में 112 गोल किये हैं। उन्होंने 2022 में वर्ल्ड कप, दो कोपा अमेरिका खिताब और 2008 बीजिंग ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता है।



37 वर्षीय मेसी मार्च में हुए उरुग्वे के खिलाफ 1-0 की जीत और ब्राजील के खिलाफ 4-1 की शानदार जीत में चोट के कारण नहीं खेले थे, लेकिन अर्जेंटीना ने उस अंतरराष्ट्रीय ब्रेक में 2026 वर्ल्ड कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली थी। मेसी इस महीने के वर्ल्ड कप क्वालीफायर्स के लिए टीम में लौटे और चिली के खिलाफ 1-0 की जीत में उन्हें सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान में उतारा गया। स्कैलोनी ने ब्यूनस आयर्स में पत्रकारों से कहा, अब टीम इस स्थिति में है कि वह मेसी के साथ या बिना एक ही तरह से खेल सकती है, जो पहले ज्यादा जटिल हुआ करता था क्योंकि हमें कुछ खिलाड़ियों में बदलाव करना पड़ता था। लेकिन अब हमें इस जरूरत की आवश्यकता नहीं है, और टीम उसी तरह से काम करती है, यह अच्छा है। स्कैलोनी ने कोलंबिया की टीम को लेकर कहा, यह एक बेहतरीन टीम है, और इसमें शानदार खिलाड़ी हैं, जिनका एक स्पष्ट खेल तरीका है जो आपको मुश्किल में डाल सकता है। हमने इसका विश्लेषण किया है, और खिलाड़ियों को इसके ताकतवर पहलुओं और उन पर हम किस तरह से फायदा उठा सकते हैं।

# ब्रून ने बेल्जियम को वेल्स के खिलाफ दिलाई जीत

### फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर



एजेंसी

**ब्रुसेल्स।** केविन डी ब्रून ने अंतिम क्षणों में गोल कर बेल्जियम को वेल्स के खिलाफ 4-3 से रोमांचक जीत दिलाई। सोमवार को हुए फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर मुकाबले में बेल्जियम ने शुरूआती बढ़त गंवा दी थी, लेकिन डी ब्रून के 88वें मिनट में किए गए निर्णायक गोल ने मेजबान टीम को राहत की सांस दी। बेल्जियम ने पहले हाफ घंटे के भीतर ही 3-0 की मजबूत बढ़त बना ली थी। 15वें मिनट में रोमेलु लुकाकू ने पेनल्टी पर गोल करके खाता खोला, इसके बाद कप्तान यूरी टीलमैंस ने 19वें और जर्मी डोकू ने 27वें मिनट में गोल दागे। हालांकि, वेल्स ने शानदार वापसी की। हाफ टाइम से ठीक पहले हैरी विल्सन ने पेनल्टी के जरिए वेल्स का खाता खोला। इसके बाद दूसरे हाफ में सोरबा थॉमस और ब्रेनन जॉनसन ने गोल कर स्कोर 3-3 कर दिया। मैच में कई विवादास्पद पल देखने को मिले, जिसमें दो पेनल्टी, एक गोल रद्द, और वीएआर के कई लंबे हस्तक्षेप ने मुकाबले को और भी तनावपूर्ण बना दिया। अंततः केविन डी ब्रून ने 88वें मिनट में गोल कर बेल्जियम को तीन महत्वपूर्ण अंक दिलाए और टीम की क्वालिफिकेशन की संभावनाओं को मजबूत किया।

## हॉकी इंडिया ने 4 नेशंस टूर्नामेंट के लिए 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित

# स्पेन, आस्ट्रेलिया और जर्मनी के खिलाफ खेलेगी भारतीय टीम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को आगामी 4 नेशंस टूर्नामेंट के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की, जो 21 से 25 जून तक जर्मनी के बर्लिन में आयोजित होगा। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता चार मजबूत टीमों भारत, स्पेन, आस्ट्रेलिया और मेजबान जर्मनी के बीच खेली जायेगी। प्रतियोगिता के प्रारूप के अनुसार प्रत्येक टीम एकल राउंड-रॉबिन पूल चरण में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद शीर्ष दो टीमें फाइनल में भिड़ेंगी, जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एक वर्गीकरण मैच खेलेंगी। यह टूर्नामेंट भारतीय जूनियर टीम के लिए एफआइएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 2025 की तैयारी का अहम हिस्सा होगा, जो इस साल के अंत में चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक आयोजित होगा। भारतीय टीम की कमान अरिजीत सिंह हंडल के हाथों में होगी, जो अपनी आक्रामक क्षमता और नेतृत्व कौशल के लिए हमेशा प्रशंसा प्राप्त करते हैं। डिफेंडर अमीर अली, जो अपनी ठंडक और अनुभव के लिए जाने जाते हैं, को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। इस टूर्नामेंट और टीम के बारे में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच पीआर श्रीजेश ने कहा, 4 नेशंस टूर्नामेंट हमारे एफआइएच जूनियर विश्व कप की तैयारी के रोडमैप का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें एक प्रतिस्पर्धी माहौल में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलने का अवसर देगा, जो इन युवा खिलाड़ियों के विकास के लिए बहुत जरूरी है। यह दौरा परिणामों से अधिक बड़े उद्देश्य की ओर है।



जर्मनी, आस्ट्रेलिया और स्पेन जैसी गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना हमारे खिलाड़ियों को विभिन्न तरीकों से चुनौती देगा-सामरिक, शारीरिक और मानसिक रूप से। ये वही अनुभव हैं जो विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को आकार देते हैं। उन्होंने कहा, हमने ऐसी टीम का चयन किया है जिसमें ऊर्जा और संभावना का अच्छा संतुलन है। यह दौरा हमें अपनी रणनीतियों को तेज करने, संयोजन का परीक्षण करने और खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण मैच स्थितियों में स्वामित्व लेने का अवसर देगा। ये अनुभव हमारे खिलाड़ियों के लिए अमूल्य होंगे, क्योंकि हम जूनियर विश्व कप के लिए तैयारी कर रहे हैं।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की सूची

- **गोलकीपर्स:** बिक्रमजीत सिंह, विवेक लाकड़ा।
- **डिफेंडर्स :** अमीर अली (उपकप्तान), तालम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पी. बी., अनमोल एक्का, रोहित, रवींत सिंह, सुखविंदर।
- **मिडफील्डर्स :** अंकित पाल, मंमीत सिंह, रोसन कुजुर, रोहित कुल्लू, थोकचोम किंगसन सिंह, थोनौजाम इंगलेम्बा लुवांग, अड्रोट एक्का, जीतपाल।
- **फॉरवर्ड्स :** अरिजीत सिंह हंडल (कप्तान), गुरुजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, अजीत यादव।

## यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे रुतुराज

**लंदन।** राणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और इंडियन प्रीमियर लीगमें चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रहे रुतुराज गायकवाड़ काउंटी क्लब यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे। रुतुराज गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने के लिए अनुबंध किया है। वह सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और चेतेश?वर पुजारा के बाद चौथे भारतीय बल्लेबाज है जो कि यॉर्कशायर की ओर से काउंटी खेलने वाले है। रुतुराज जुलाई में सरे के खिलाफ रोथसे काउंटी चैम्पियनशिप से पहले यॉर्कशायर टीम से जुड़ेंगे।

## भारतीय फुटबॉल टीम एशिया कप क्वालीफायर में हांगकांग से हारी

**कोलून (हांगकांग)।** भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम मंगलवार को एएफसी एशिया कप क्वालीफायर में हांगकांग ने इंजरी टाइम में गोलकर हराया। मंगलवार को काई टैक स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में स्टीफन परेरा के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मेजबान हांगकांग के खिलाफ 1-0 से हार का सामना करना पड़ा।

## पूजा टिकमाणी ने तेज हाफ मैराथन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड किया हासिल

**अहमदाबाद।** सबसे तेज हाफ मैराथन का रिकार्ड बनाने वाली पूजा टिकमाणी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। गुजरात में अहमदाबाद शहर की पूजा टिकमाणी ने मंगलवार को यूनीवार्ता को बताया कि 12 जनवरी को अहमदाबाद में आयोजित बीसफल हाफ मैराथन अहमदाबाद में 20 पाउंड का बैकपैक लेकर सबसे तेज हाफ मैराथन पूरी करने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है।

स्पीड न्यूज



## सोनारी में तीन दिवसीय कबीर प्रकटोत्सव संपन्न

**जमशेदपुर।** सी पी धर्मदास कबीर मंदिर सोनारी में चल रहे तीनदिवसीय कबीर प्रगटोत्सव संत समागम का आज सात्विक चौका आरती के साथ समापन हुआ। चौका आरती को संपन्न कराने में महंत सन्मुख दास, महंत माता सुशीला माता, महंत सत्सरण साहेब, प्रकाश साहेब, अटल साहेब, संत साहेब, चंदन दास के तत्वावधान में संपन्न करायी गयी। इस दौरान 60 आरती सजायी गयी थी जो अब तक मंदिर के इतिहास में सबसे अधिक है। मौके पर हजारों कबीरपंथी भाईयो, माताओ और बहनों ने शामिल होकर पुण्य के भागी बने। अध्यक्ष कुंज बिहारी दास ने बताया कि आरती कबीर के भक्तों द्वारा सद्गुरू कबीर के सम्मान में तैयार करवाई जाती है। संत कबीर के दोहे लोगों को सात्विक और शांत जीवन जीने की कला समझाता है। तीन दिवसीय सत्संग समारोह को सफल बनाने में अध्यक्ष कुंज बिहारी दास, पुहुप दास, चेतन साहू, चन्द्रिका साहू, बाबू साहू, टीकम मानिकपुरी, हरीश साहू, घनश्याम दास, श्रवण साहू, अमर दास, तुलसी दास का योगदान रहा।

## पी बाबूराव विकलांगता बोर्ड के सलाहकार बने



**जमशेदपुर।** पैरेंटस एसोसिएशन ऑफ मेंटली हैंडिकैप्ट पीएएमएचजे के संस्थापक एवं जमशेदपुर के नामी समाजसेवी पी. बाबू राव को झारखंड राज्य विकलांगता बोर्ड में सलाहकार सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, जो आरपीडब्लुडी अधिनियम, 2016 के अंतर्गत गठित किया गया है। यह नियुक्ति पीएएमएचजे के सचिव तथा पी. भारती के विधिक संरक्षक के रूप में उनकी प्रभावकारी भूमिका को ध्यान में रखते हुए की गई है। बोर्ड की कार्यावधि तीन वर्ष की होगी, जो 06/06/2025 को प्रकाशित परिपत्र की तिथि से प्रभावी होगी। राव ने खबर मन्त्र से कहा कि वे इस नयी भूमिका में सार्थक योगदान देने के लिए तत्पर हैं।

## चांडिल बाजार में निकली तिरंगा यात्रा



**चांडिल।** मंगलवार को चांडिल बाजार में आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पप्पू वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाला। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा चांडिल डैम रोड स्थित पोस्ट ऑफिस के पास से चांडिल बस स्टैंड होते हुए तांती बांध तक पहुंचा। इस दौरान आपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। भाजपा नेता पप्पू वर्मा ने कहा ऑपरेशन सिंदूर नये भारत की नई तस्वीर है। मौके पर भाजपा नेता राकेश वर्मा, रामकृष्ण महतो, खुदी सिंह सरदार, चांडिल मुखिया मुखिया मनोहर सिंह सरदार, बोनू सिंह सरदार, मनोहर दास गोस्वामी, प्रभात पोद्दार, मृत्युंजय सिंह, दिवाकर सिंह व कई लोग थे।

## नीमडीह में विधायक ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास

**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड के गुण्डा में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर शीलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने कहा 52 लाख रुपये की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण होगा। उन्होंने कहा भवन का निर्माण होने से ग्रामीणो को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर कार्तिक महतो, काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचीन गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नगर निगम विस्तारीकरण : विरोध में माझी परगना महाल ने डीसी ऑफिस घेरा

खबर मन्त्र ब्यूरो





डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन करते माझी परगना महाल के लोग।

**जमशेदपुर।** मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष हम माझी परगना महाल, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, जुगसलाई तोरोप, धाड़ दिशोम जिला पूर्वी सिंहभूम की ओर से प्रास्तावित जमशेदपुर नगर निगम विस्तारीकरण योजना को निरस्त करने, झारखंड राज्य में पेसा कानून अविलंब लागू करने एवं आदिवासियों का सारना धर्म कोड लागू करने के मांग को लेकर एक दिवसीय आक्रोश विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से राष्ट्रपति, राज्यपाल, झारखंड, गृह मंत्री नई दिल्ली, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार अध्यक्ष जनजाति आयोग, नई दिल्ली को ज्ञापन भेजा गया।

मौके पर कान्हु मुर्मू, महासचिव, मुखिया संघ जमशेदपुर ने कहाः यह आंदोलन हमारे अस्तित्व और अधिकारों की रक्षा के लिए है। नगर निगम के विस्तार के नाम पर हमारे जल-जंगल-जमीन को हड़पने की कोशिश हो रही है, जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं। सुमी केराई, मुखिया संघ के संगठन सचिव ने कहा कि सरना धर्म कोड और ढएरअ कानून हमारी अस्मिता की ढाल हैं। इन अधिकारों को टालने का मतलब है हमारे अस्तित्व से खिलवाड़। धन्नामुनी मार्डी, उपाध्यक्ष ने कहा कि ग्राम सभा हमारी लोकतांत्रिक संसद है। ये खत्म हो गया तो हमारे गांवों की आत्मा को कुचल दिया जायेगा।

सुनील किस्कू, सचिव : हम माझी-परगना महल के साथ कंधा मिलाकर खड़े हैं। यह लड़ाई सिर्फ आज की नहीं, बल्कि आनेवाली पीढ़ियों की रक्षा की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में नीनू कूदादा, मनोज मुर्मू, सुनील किस्कू : सचिव, जोबा मार्डी कोषाध्यक्ष, बसंती गुप्ताः प्रेस प्रवक्ता, सोनिया मुर्मू ,नागी मुर्मू ,पानो मुर्मू, सरस्वती टुडू, जमुना हांसदा, कालिदास टुडू, राखी सिंह, सोनिका सिंह, चांदमुनी बरदा, गिलवाला देवी तथा अन्य कई पंचायत प्रतिनिधि व ग्राम सभा के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### महाल की आपत्तियां और सुझाव

**1. संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन :** पूर्वी सिंहभूम जिला पूर्णतः पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 जेड सी के अनुसार, अनुसूचित क्षेत्रों में नगर पंचायत, नगर पालिका व नगर निगम का गठन असंवैधानिक है। अतः जिले में पहले से बने सभी शहरी निकायों को रद्द किया जाये और प्रस्तावित नगर निगम विस्तार योजना को तुरंत निरस्त किया जाये।

**2. पारंपरिक आदिवासी शासन प्रणाली पर खतरा :** ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय आदिकाल से निवास करते आ रहे हैं। इन क्षेत्रों में आदिवासियों की अपनी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, धार्मिक व सामाजिक रीति-रिवाज, जल-जंगल-जमीन पर स्वामित्व, न्याय व्यवस्था आदि लागू है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 (3) (क) व पेसा कानून 1996 द्वारा संरक्षित है।

**3. सीएनटी एक्ट व पांचवीं अनुसूची का उल्लंघन :** नगर निगम विस्तार से सीएनटी एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन होगा, जिससे आदिवासियों की जमीन अधिग्रहण की आशंका है। इससे न केवल हमारे जीवन, संस्कृति और पहचान पर संकट उत्पन्न होगा बल्कि संविधान में प्रदत्त अधिकारों की अवहेलना होगी।

**4. हमारे अस्तित्व पहचान समाप्त होने का खतरा :** नगर निगम बनने से जमीन व मकान का लगान / होल्डिंग टैक्स काफी ज्यादा हो जाएगा, जो गरीब गुरबा, आदिवासी/मूलवासी कार्ज तले दाब जाएंगे, घर बार, जमीन जायदाद बेचकर पलायन को मजबूर हो जाएंगे, हमारा अस्तित्व पहचान समाप्त हो जाएगा।

**5. झारखंड प्रदेश में पेसा कानून अविलंब लागू किया जाए :** झारखंड राज्य में पेसा कानून लागू नहीं होने के कारण राज्य में बाहरी आबादी गैरकानूनी रूप से पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों में बढ़ते जा रहे हैं। जिससे आदिवासी, मूलवासियों के संवैधानिक हक, हिस्सेदारी व अधिकार छिना जा रहा है। राज्य के खनिज संपदा जल जंगल जमीन का लूट हो रहा है। ग्राम सभा को पूर्ण रूप से कानून अधिकार स्वतंत्र रूप से नहीं मिलने से गांव का विकास धरातल पर नहीं हो रहा है। इसलिए पेसा नियमावली को अविलंब लागू किया जाये।

**6. सरना धर्म को अविलंब मान्यता दिया जाए :** देश में हुए 1941 तक की जनगणना में आदिवासियों की इंडीजीनस, ट्राईब, आदिवासी धर्म में गिनती की जाती थी। मगर एक साजिश के तहत आदिवासियों के धर्म कोड को जनगणना प्रपत्र से हटा दिया गया। उसके बाद आदिवासी समाज को अन्य दूसरे धर्म में शामिल करने की होड़ सी लग गयी। आदिवासी न हिंदू हैं न सिख, इसाई, मुस्लिम, बौद्ध जैन है। आदिवासी प्रकृतिवादी है। 2011 की आम जनगणना में 50,00,000 पचास लाख लोगों ने सारना धर्म को अपना धर्म के रूप में अंकित किया है। अतः आदिवासियों का सारना धर्म को मान्यता देते हुए जनगणना प्रपत्र में कोड व कॉलम शामिल किया जाये। ताकि आदिवासी समाज अपनी परंपरा के साथ अस्तित्व और पहचान को बचाया जा सके।

# सर्पदंश से भतीजी की मौत, फूफा गंभीर

खबर मन्त्र प्रतिनिधि




मृत पावंती सरदार और सर्पदंश से गंभीर फूफा श्रवण मुंडा (फाइल फोटो)।

**पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र के हाता के समीप प्रेमनगर में जहरीले सांप के काटने से 13 वर्षीय भतीजी पवंति सरदार की मौत हो गयी। एवं फूफा श्रवण मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया गया था। जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें एटीएम रेफर कर दिया गया।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार की देर रात फूफा एवं कोवाली थाना क्षेत्र कि भतीजी पवंति सरदार भतीजी जो हाता आश्रम स्थित विद्यालय में पढ़ने को लेकर फूफा के घर रहती थी । दोनों फूफा - भतीजी अलग-अलग रूम में सोए हुए थे कि देर रात जहरीले सांप के काटने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार जब सुबह देर तक फूफा एवं भतीजी नहीं उठे तो स्थानीय लोगों द्वारा घर जाकर देखा तो दोनों अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। उन्हें स्थानीय लोगों द्वारा नजदीकी नर्सिंग होम में ले जाया गया जहां भतीजी को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया जबकि फूफा गंभीर रूप से घायल थे। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए टीएमएच भेज दिया गया है।

## दिवंगत कांग्रेसी राजकुमार को सांसद ने दी श्रद्धांजलि



**चाईबासा।** जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी राजकुमार रजक के आकस्मिक निधन पर सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने शोक व्यक्त किया है। निधन की सूचना मिलने पर मंगलवार को सांसद जोबा माझी राजकुमार रजक के नीमडीह स्थित आवास पहुंच अंतिम दर्शन किये और पार्थिव देह पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सांसद ने राजकुमार के परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। सांसद ने कहा राजकुमार हमेशा समाजसेवा के कार्यों में व्यस्त रहते थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति हैं।

## एक नजर में

### नशे की लत ने महेंद्र को भेजा सलाखों के पीछे



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के दिगडी मोड से सटे शंखोडीह गांव में बीते दिनों 55 वर्षीय वृद्ध महिला सुधा देवी दास अपने घर में देर रात्रि सोई हुई थी। दरवाजा खुला देख आरोपी महेंद्र गोप ने अपनी पहचान छिपाने के लिए नकाब पहनकर व हाथ में कटारी लेकर घर में घुस गया। इस दौरान बेड पर रखे 1000 रुपये लेकर भाग गया। भागने के क्रम में उसका नकाब गिर गया व पीड़ित महिला सुधा देवी दास ने आरोपी महेंद्र गोप गाजुडीह निवासी के रूप में उसकी पहचान कर ली। जिसकी लिखित शिकायत थाना को दी गयी जिस पर थाने के एएसआई आनंद मरांडी ने कार्रवाई कर आरोपी महेंद्र गोप को धर दबोचा। आनंद मरांडी ने कहा कि पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी महेंद्र गोप को हिरासत में लेकर घाटशिला जेल भेज दिया गया है। उसके पास से घटना में इस्तेमाल की गयी कटारी भी बरामद कर ली गयी है।

### सामर्थ्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों के लिए मीडिया लिटरेसी पर आयोजित किया सेमिनार



**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से बिष्टुपुर साउथ पार्क स्थित सरदार माधो सिंह मेमोरियल मध्य विद्यालय में मीडिया लिटरेसी के ऊपर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का उद्देश्य सोशल मीडिया का हमारे जीवन पर प्रभाव, मीडिया किसको कहते हैं यह हमारे जीवन में कैसे काम करता है फेक न्यूज को कैसे पहचाने इसके बारे में बताना। इंटर्न के रूप में संत जोसेफ यूनिवर्सिटी से वंशिका आनंद, जोसेफ मोरेरा, एलाइंस यूनिवर्सिटी से संतोषी महतो, एसआरएम यूनिवर्सिटी से दर्शिता उदानी तथा डीएवी बिस्टुपुर से प्रज्ञा शर्मा, अनन्या, श्रेया दास वालंटियर के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पल्लवी दीप , प्रिंसिपल बलवीर कौर, रजनी संधू , हेमा, दीपमाला, वंशिका आनंद, संतोषी महतो, दर्शिता उदानी, जोसेफ मोरेरा, प्रज्ञा, श्रेया, अनन्या इत्यादि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### एनआइटी जमशेदपुर पहुंची जलपाईगुड़ी इंजीनियरिंग कॉलेज की 94 शोध छात्र-छात्राएं



**जमशेदपुर।** एनआईटी जमशेदपुर ने गत 9 जून को जलपाईगुड़ी सरकारी अभियांत्रिकी महाविद्यालय के 94 शोध प्रशिक्षुओं (जिसमें 14 छात्राएं शामिल हैं) का 4 से 6 सप्ताह की ग्रीष्मकालीन शोध इंटर्नशिप के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10:00 बजे सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे दिन का वातावरण शांत और पावन बन गया। इसके बाद मंच पर आगंतुक गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। विभागाध्यक्षगण प्रो संजय कुमार (कंप्यूटर विज्ञान), प्रो प्रह्लाद प्रसाद (सिविल), प्रो रेशमी सिन्हा (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार), और प्रो परमानंद कुमार (मैकेनिकल) ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए अभियांत्रिकी शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार के महत्व पर बल दिया। मुख्य अधीक्षक प्रो लालजी प्रसाद और डीन (शैक्षणिक एवं अनुसंधान) प्रो एमके सिन्हा ने परिसर की सुविधाओं और शैक्षणिक अवसरों की जानकारी साझा की। डॉ अभिजीत गौतम ने कठिन अकादमिक कार्यक्रमों के दौरान मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विचार रखे। उपनिदेशक प्रो आरवी शर्मा ने प्रेरणादायक संबोधन दिया, जिसके पश्चात निदेशक प्रो गौतम सूत्रधर ने इंटर्नशिप के लाभ, अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं, स्टार्टअप इनक्यूबेशन और भावी करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। अनुसंधान एवं परामर्श (आर एंड डी) प्रभाग द्वारा, डॉ अशोक कुमार मंडल के समन्वय में आयोजित यह कार्यक्रम धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान और जलपान के साथ संपन्न हुआ।

### जन सुविधा मंच जमशेदपुर के कर्मठ सहयोगियों की बैठक प्रीतम पार्क मैदान भुईयांडीह में संपन्न



**जमशेदपुर।** प्रीतम पार्क भुइयांडीह में आज जन सुविधा मंच की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में शहर के सभी क्षेत्रों से युवा साथियों और सहयोगी शहर वासी उपस्थित हुए। इस बैठक में शहर की कई ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई, उसके निराकरण हेतु आंदोलन आत्मक रूपरेखा तैयार की गयी। बैठक मे जमशेदपुर में विकराल रूप से फैल रहे, नशे के जाल को ध्वस्त करने में विफल जिला प्रशासन और सभी थाना क्षेत्र के थाना प्रभारीओं के क्रियाकलापों पर विस्तृत चर्चा हुई। आज युवा परेशान है, शहर में छिंताई गैंग सक्रिय है। माता बहने घर से निकलने के पहले अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं और और शहर के थानेदार सिर्फ वसूली और उगाही में व्यस्त है, इन्हीं सब ज्वलंत मुद्दों, साकची थानेदार की कारगुजरियों पर चर्चा के उपरांत एक स्वर से निर्णय लिया गया जमशेदपुर के हृदय स्थल साकची थाना से आंदोलन की शुरूआत होगी। सबने एक स्वर में 12 जून दिन 10 बजे साकची थाना के समक्ष प्रदर्शन का निर्णय लिया। इस आंदोलन का मूल उद्देश्य शहर के सभी थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध कार्यों को अभिलंब बंद करने, थाना को दलालों का अड्डा ना बनाये सहित विभिन्न मुद्दों पर जिला के वरीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए कार्रवाई करने की मांग प्रदर्शन के माध्यम से हम सब करेंगे। इस आंदोलन में शहर के तमाम युवाओं सहित सभी प्रबुद्ध जनों की भागीदारी सुनिश्चित हो ऐसा प्रयास सामाजिक संस्था जन सुविधा मंच के द्वारा किया जायेगा। नशा मुक्त जमशेदपुर नशा मुक्त युवा यह संकल्प सभी साथियों ने लिया।

## लायंस क्लब और मां काली संकल्प सेवा समिति ने बारीडीह गोलचक्कर पर बांटा चना, गुड़ और शरबत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज बड़ा मंगलवार के पावन अवसर पर लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत और माँ काली संकल्प सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन जमशेदपुर के बारीडीह गोलचक्कर में किया गया। मौके पर लगभग 3000 लोगों के बीच चना-गुड़ एवं शरबत निःशुल्क बांटा गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह समाजसेवी श्री भरत सिंह जी के द्वारा किया गया। समिति की ओर से श्री भरत सिंह जी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में भरत सिंह ने मां काली संकल्प सेवा समिति के संस्थापक करण गोराई एवं समिति के समस्त सदस्यों को इस नेक कार्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाजसेवा ही सच्ची सेवा है और इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। मौके पर करण गोराई, संजय कुमार सेन, विप्लव चंद्रा, आकाश रजक, अरूप गोराई, रविंद्र मौर्या, राजकुमार वर्मा, राजीव कुमार, अमित कुमार थे।

# 14 से लगेगा हरिणा मेला

- तैयारियों का विधायक संजीव सरदार ने लिया जायजा
- स्वच्छता, पेयजल, बिजली, सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था में चूक न हो इसका खास ध्यान रखें : विधायक

खबर मन्त्र ब्यूरो



मेला स्थल का निरीक्षण करते विधायक संजीव सरदार।

**जमशेदपुर/ पोटका।** कोल्हान का प्रसिद्ध हरिणा मेला आगामी 14 जून से पोटका प्रखंड के मुक्तेश्वर धाम हरिणा मंदिर परिसर में शुरू होने जा रहा है। इस पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने मेला कमिटी के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और विधि-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

विधायक ने मंदिर परिसर, मीना बाजार, पार्किंग एरिया और निर्माणाधीन बायो डायवर्सिटी पार्क का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, पेयजल, बिजली, सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था में कोई चूक न हो इसका खास ख्याल रखा जाए। निरीक्षण के बाद आयोजित बैठक में विधायक ने मेला समिति को प्रशाशन से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा, हरिणा मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देने का अवसर भी है।

इस निरीक्षण और बैठक में मंदिर कमिटी के सागर शीट, दीपंकर शीट, बजरंग दंडपात, मौथो नायक, भुवनेश्वर सरदार, फूलचंद सरदार समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

# झारखंड के अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा हर स्तर पर होगी : राजेश शुक्ल

- चांडिल अनुमंडल बार एसोसिएशन ने स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश शुक्ल का किया अभिनंदन

खबर मन्त्र ब्यूरो



श्री शुक्ल का अभिनंदन करते अधिवक्तागण।

**जमशेदपुर/चांडिल।** मंगलवार को चांडिल अनुमंडल बार एसोसिएशन ने झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल का चांडिल बार भवन में भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर चांडिल अनुमंडल के अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और राज्य के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ताओं ने कठिन परस्थितियों में भीअपने दायित्व का निर्वहन करना नहीं छोड़ा है । आज चांडिल बार भवन में आधारभूत संरचना का घोर अभाव है। न तो शौचालय हैऔर न ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था ही है। इस भीषण गर्मी में अधिवक्ताओं को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

श्री शुक्ल ने कहा है कि झारखंड एक मात्र ऐसा राज्य है जहा सबसे ज्यादा अधिवक्ताओं के कल्याण की योजनाए हैं।

## नियमित होगी पोटका में कार्यरत दैनिक कर्मी राधेश्याम की सेवा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पोटका।** पोटका प्रखंड में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत दैनिक कर्मी राधेश्याम मंडल की सेवा नियमित किया जाएगा। राधेश्याम द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में एक रीट याचिका दायर किया गया था। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आनंद सेन के कोर्ट में यह मामला स्वीकृत किया गया था।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि प्रार्थी 10 साल से अधिक समय से अस्थाई रूप से कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर अपनी सेवा दे रहा है। इसलिए उसे नियमित किया जाये। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृताश वत्स ने कोट को बताया कि प्रार्थी पोटका ब्लॉक में 2 मार्च 2007 से दैनिक कर्मी के रूप में कार्य कर रहा है। वह कंप्यूटर ट्रेंड है। सरकार के किसी अन्य विभाग में उसे समायोजित किया जाये।

# जुस्को श्रमिक यूनियन के फिर से अध्यक्ष चुने गये रघुनाथ पांडेय

## देर रात आया परिणाम

खबर मन्त्र ब्यूरो



रघुनाथ पांडेय।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की शत प्रतिशत स्वामित्व वाली कंपनी टाटा स्टील यूआइएसएल की अधीकृत यूनियन टाटा स्टील यूटिलिटी एंड सर्विसेस श्रमिक यूनियन (पूर्व में जुस्को श्रमिक यूनियन) का मतदान मंगलवार की शाम 4 बजे संपन्न हो गया। 639 मतदाताओं में से करीब 97 फीसदी मतदाताओं ने खुलकर मतदान किया। इस दौरान लंबी लंबी कतारे में लगकर यूनियन सदस्यों ने मतदान किया। सदस्यों का मतदान को लेकर जोश देखते ही बन रहा था। कुल 17 कमेटी मेंबर के सीट पर करीब 40 प्रत्याशी और 10 पदो के प्रत्याशी का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया है। देर रात तक मतगणना चल रही थी जिसका रिजल्ट अब सामने आने का इंतजार किया जा रहा है। अध्यक्ष पद पर रघुनाथ पांडेय की जीत लगभग तय मानी जा रही है जबकि महासचिव के पद पर गोपाल जायसवाल की जीत का दावा किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर गोविंद झा की जीत बतायी जा रही है। यद्यपित देर रात तक ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। मालूम हो कि तीन कमेटी मेंबर निर्विरोध चुने जा चुके हैं. इस बार चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कुल 4 प्रत्याशी मैदान में है। रघुनाथ पांडेय और परमानंद सिंह में कड़ी टक्कर होने की बात कही जा रही है. चंद्रशेखर भूमिज व राजेश कुमार भी अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। महामंत्री के पद पर वर्तमान महासचिव सीडीएस कृष्णनन को गोपाल जायसवाल टक्कर दे रहे हैं। इस पद पर विनय कुमार भी चुनावी मैदान में हैं। कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी और गोविंद झा के बीच सीधी टक्कर है। पिछले चुनाव में कुछ ही वोट से अमरनाथ तिवारी जीते थे. दो कमेटी मेंबर प्रत्याशी (चुनाव क्षेत्र संख्या-5 से हृदय कुमार घोष और क्षेत्र संख्या-10 से राकेश बहादुर) ने अपने नाम वापस ले लिए थे। इस तरह 17 सीटों के लिए कुल 40 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### बवाल के बीच राजद के जमशेदपुर जिलाध्यक्ष बनाये गये शंभू चौधरी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में विधानसभा चुनाव लड़ने वाले शंभू चौधरी राजद के जमशेदपुर जिलाध्यक्ष बनाये गये। शंभू पहले आम आदमी पार्टी (आप) और फिर भाजपा में थे। जमशेदपुर के सर्किट हाऊस में राजद के पर्यवेक्षक जनार्दन कुमार की देखरेख में मीटिंग हुई, जिसके बाद उन्हें जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया गया। उनको जिलाध्यक्ष घोषित करने के बाद हंगामा होने लगा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि जुमा-जुमा दो दिन भाजपा छोड़ आये चौधरी को अध्यक्ष कैसे बनाया जा सकता है। यह तो समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी है। दरअसल, राजद के नेताओं ने कहा था कि जब चुनाव को ही स्थगित कर दिया गया था, तो फिर नये जिलाध्यक्ष को कैसे बनाया जा सकता है।

# बोकारो : सेल को अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर-टियर-कक की मिली मान्यता

>> केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा शुरू किया गया यह कार्यक्रम-वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने और एक सुरक्षित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय नयी दिल्ली ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर टियर-कक की मान्यता प्रदान की है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा शुरू किया गया यह कार्यक्रम- वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने और एक सुरक्षित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह उन कंपनियों को लाभ प्रदान करता है जो कड़ी आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और सीबीआईसी के कानूनों के अनुपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं।

यह प्रमाणन दुनिया भर में स्वीकार्य है और यह किसी भी संगठन के लिए अनुपालन व सत्यनिष्ठा और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा के प्रति उसकी निष्ठा का प्रमाण है। सेल के कार्यकारी निदेशक-लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर ने 9 जून को अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय नई दिल्ली के प्रधान आयुक्त से यह महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

इस प्रमाणन से सेल को कई फायदे मिलेंगे जिनमें बेहतर आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय मान्यता ज्ञान साझा करने के अवसर और नेटवर्किंग के लाभ शामिल हैं। यह सेल को प्रतिस्पर्धी बढ़त भी प्रदान करेगा।

# शिकारीपाड़ा का ऐसा विद्यालय जहां मैट्रिक परीक्षा में सभी विद्यार्थी हुए फेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** विद्यालय जहां देश का भविष्य गढ़ा जाता है विद्यालय से पढ़कर जो छात्र-छात्रा निकलते हैं वह भविष्य में अपने समाज के साथ साथ देश का भी नाम रोशन करते हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे विद्यालय के बारे में बता रहे हैं। जहां 2025 में मैट्रिक दिए सभी विद्यार्थी फेल हो गए यानि रिजल्ट का प्रतिशत शून्य रहा। हम बात कर रहे हैं दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कजलादहा की जहां 2025 में मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए सभी विद्यार्थी फेल हो गए हैं , यहां आपको बता दे 2025 में विद्यालय की और से 2 ही विद्यार्थी मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए थे।इससे आप सोच सकते हैं विद्यालय में किस प्रकार से पढ़ाई लिखाई होता है इस संबंध में हम जब विद्यालय पहुंचे और विद्यालय के शिक्षक से बात की तो उन्होंने कहा कि जी हां 2025 मैट्रिक में शामिल हुए सभी विद्यार्थी फेल गए हैं ,और 2025 में मात्र दो ही विद्यार्थी शामिल हुए थे, और दोनों ही फेल हो गए हैं। शिक्षक ने साफ तौर पर कहा कि विद्यालय में शिक्षक की कमी के कारण ही ऐसा हुआ है कारण पहला से दसवीं तक वर्ग है लेकिन मात्र उस समय दो ही शिक्षक थे , हालांकि अभी के समय में विद्यालय में तीन शिक्षक है, विद्यालय में शिक्षक की कमी के कारण कक्षा 8 के बाद सभी दूसरे विद्यालय चले जाते है।

यानी कहे तो सरकार विद्यालय में कक्षा 10 तक तो अपग्रेड कर दी है लेकिन शिक्षक की कमी के कारण उसी विद्यालय में विद्यार्थी दसवीं तक नहीं पड़ते है। ऐसे में आप सोच सकते है विद्यालय की शिक्षा व्यस्था कैसी होगी। और बच्चों का भविष्य कैसा होगा।



उत्क्रमित उच्च विद्यालय कजलादहा।

## एक नजर में

### गोड्डा डीसी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक



**गोड्डा।** डीसी अंजली यादव की अध्यक्षता में गोड्डा एवं महागामा नगर निकाय अन्तर्गत जलश्रोतों के अतिक्रमण से संबंधित टास्क फोर्स की हुई बैठक। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्र में अवस्थित वैसे जलस्त्रोत जिसका अतिक्रमण कर लिया गया है, उसे नक्शे के आधार पर सर्वे कर चिन्हित करते हुए अविलंब अतिक्रमण मुक्त एवं प्रदूषण मुक्त करना सुनिश्चित किया जाय। साथ हीं अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नोटिस निर्गत करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में अवस्थित सभी जलस्त्रोतों का भौतिक निरीक्षण करते हुए अतिक्रमण मुक्त करने तथा शहरी क्षेत्र में अवस्थित तालाबों का सौन्दर्गीकरण करने हेतु कार्य योजना तैयार किया जाए।

### सेवानिवृत कर्मियों के लिये 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से जून' 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 27 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से आज मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा-एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक-मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। मेडिकल ऑफिसर-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ जया लक्ष्मी और योग विशेषज्ञ श्रीकृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप महाप्रबंधक-वित्त एवं लेखा अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से सहायक प्रबंधक दिवाकर सरन ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बंधन बैंक के ब्रांच हेड अमरेंद्र कुमार सिन्हा एवं सौरव कुमार के टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। अनीता झा ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

## स्पीड न्यूज

### पारसनाथ रेलवे पार्किंग में मिला अज्ञात शव

बेरमो। डुमरी के पारसनाथ रेलवे स्टेशन में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि सुबह पार्किंग परिसर में एक व्यक्ति का अज्ञात शव पड़ा था। इसके बाद गाड़ी चालकों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है। हालांकि उसके मौत के करणों का पता अब तक नहीं चल पाया है और ना ही मृत व्यक्ति की पहचान हो पाई है। इधर आसपास के लोग बता रहे हैं कि पिछले कई दिनों से वह पारसनाथ स्टेशन के आसपास घूमते हुए देखा गया था। लोगों का कहना है कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं लग रहा था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

### जरीडीह थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में बंधक बनाकर की मारपीट

बेरमो। जरीडीह अंचल क्षेत्र के बांधडीह उतरी पंचायत अंतर्गत भुचूंगडीह में जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई जिसमें चार व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया। पीड़ित रामबिलास महतो ने बताया कि रिश्ते के विष्णु भगवान नामक व्यक्ति हमारा जमान पर कब्जा करने का मंसूबा लेकर कार्य करवा रहे थे। जब इस बात के लेकर पूछताछ करने गया तो बहस हो गई जो झड़प में तब्दील हो गई और जो लोग बीच बचाव के आए उसके साथ भी दुर्व्यवहार किया। पीड़ित ने कहा कि गोपाल महतो, शत्रुघ्न महतो, पूजा कुमारी को घर में बंधक बना कर रॉड आदि चीजों से जमकर पीटा गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल जैनामोड ले आई।

### बेरमो प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन



फुसरो (बेरमो)। डीसी बोकारो के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत बेरमो प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार लगाया गया। इस दरबार में बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह, बीडीओ मुकेश कुमार तथा बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी उपस्थित थे। सभी ने जनता की समस्याओं को सुना तथा इसका निष्पादन करने हेतु पहल की। इसके लिए बेरमो प्रखण्ड अन्तर्गत सभी विभागों मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी केन्द्र, ऑनलाइन रसीद, एलपीसी, जाति प्रमाण पत्र, मईया सम्मान योजना से जुड़े मामले के लिए अधिकारी और कर्मी उपस्थित रह त्वरित निष्पादन किया। सीओ ने बताया कि जनता दरबार में लोगों की जो भी शिकायत होती है उस पर अंचल द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाती है। लोगों को समस्या से निजात दिलाया जाता है। जनता दरबार में प्रखंड से जुड़े विकास योजनाओं से संबंधित लोगों ने आवेदन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि इस तरह का आयोजन पंचायत स्तर पर पहले भी किया जाता रहा है। इस कारण ज्यादा शिकायतें नहीं आई है। प्रखंड से सम्बंधित आवास, कल्याणकारी योजना, पेंशन, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना आदि की जितनी भी शिकायती थी उसका निराकरण किया जा चुका है। जो भी शिकायतें आई है उसका त्वरित कार्रवाई किया गया है। हम सभी का प्रयास होता है कि जो भी जरूरतमंद लोग हैं उनके कार्यों का त्वरित निष्पादन करें। मौके पर प्रखंड कार्यालय के सभी विभागों के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# रजिस्ट्रेशन एक्ट एवं सरकारी निर्देशों के आलोक में ही निबंधन का कार्य करें संपादित : अभिजित सिन्हा

अनियमितता पाये जाने पर दोषी के खिलाफ होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### दुमका डीसी ने किया निबंधन कार्यालय का निरीक्षण


निरीक्षण करते डीसी अभिजीत सिन्हा।

**दुमका।** डीसी अभिजीत सिन्हा ने मंगलवार को निबंधन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निबंधन कार्यालय में किसी भी परिस्थिति में बिचौलियों एवं दलालों की उपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम नागरिकों को निर्बाध, पारदर्शी एवं सुगम सेवा प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि केवल अनुज्ञप्तिधारी डीड राइटर ही निबंधन कार्यालय के परिसर में रहेंगे। डीसी ने निबंधन कार्यालय में रखे गए सभी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्यालय परिसर के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर अग्निशमन यंत्र लगाए जाने का निर्देश दिया।

साथ ही क्षतिग्रस्त दीवारों, दरवाजों एवं खिड़कियों की मरम्मति कराते हुए कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन एक्ट, रजिस्ट्रेशन मैन्युअल एवं समय-समय पर सरकार एवं विभाग द्वारा निर्गत सर्कुलर, निर्देशों से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। निबंधन संबंधी सभी कार्य इन्हीं के अनुरूप निष्पादित करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि रजिस्ट्रेशन एक्ट एवं सरकारी निर्देशों के आलोक में ही सभी निबंधन का कार्य संपादित किया जाये। यदि किसी भी प्रकार की अनियमिता की शिकायत प्राप्त होती है एवं जांच में सही पाया जाता है, तो दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

डीसी ने कहा कि कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, दुमका के माध्यम से निबंधन कार्यालय के समीप निर्मित भवन एवं शौचालय की मरम्मति कराते हुए उसे शीघ्र क्रियाशील बनाया जाये।

### श्रावणी मेला के तैयारियों को लेकर की बैठक

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला को लेकर समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों संग जिला प्रशासन ने मंगलवार को बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने किया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को श्रावणी मेले से पहले कार्य को दुरुस्त करने का निर्देश डीसी ने दिया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। जिससे बासुकीनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेले में बासुकीनाथ धाम आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिव गंगा की साफ-सफाई जल्द पूरा करने, कांवरिया पथ में सभी चापानला की मरम्मती, बायो टॉयलेट की व्यवस्था, लाईट की व्यवस्था करने समेत कई निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, आईटीडीए निदेशक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

### डीसी के निर्देश पर सिंगारी जोरिया की हुई सफाई



**बोकारो।** मानसून में नगर निगम चास क्षेत्र में जलजमाव की समस्या नहीं हो-इसे लेकर प्रशासन सतर्क है। डीसी अजय नाथ झा के निर्देश पर चास नगर निगम द्वारा सिंगारी जोरिया की सफाई के लिए नगर निगम कर्मियों की टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। उधर चास उप-नगर के विभिन्न नालों की साफ-सफाई का काम तेजी से समाप्त करने के लिए नगर निगम की ओर से कार्य जारी है। बारिश में शहरवासियों को होने वाली समस्याओं के निजात के लिए शहर के विभिन्न बड़े नालों/जोरिया से जमे गाद/गंदगी को निकाला जा रहा है ताकि विभिन्न वार्डों में जलजमाव न हो और बारिश के पानी की निकासी सुगमता के साथ हो सके। स्वयं अपर नगर आयुक्त चास पूरे मामले की निगरानी स्वयं कर रहे हैं। सफाई कार्य में मजदूरों के अलावा जेसीबी व ट्रैक्टर एवं अन्य वाहन लगाए गए हैं।

### मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता रथ को किया रवाना

# नशा व्यक्ति के सपनों व उसके भविष्य को भी नष्ट कर देता है : अंजली यादव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** राज्य सरकार द्वारा 10 जून से 26 जून तक प्रस्तावित राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिला दंडाधिकारी सह डीसी अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वहीं बताया गया कि सभी जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर आम नागरिकों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने का काम करेगी। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि नशा न केवल शरीर को बल्कि व्यक्ति के सपनों और उसके भविष्य को भी नष्ट कर देता है। नशे से ग्रसित बच्चों एवं नागरिकों में कई मानसिक और शारीरिक लक्षण देखने को मिलते हैं, इसे रोकने हेतु जिला प्रशासन सतत प्रयासरत है। मौके पर डीडीसी स्मिता टोप्पो, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, एसडीओ, बैद्यनाथ उरांव, सिविल सर्जन डॉ अनंत कुमार झा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार एवं दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

पत्थर खनन में अप्रशिक्षित लोगों द्वारा विस्फोटक सामग्री उपयोग में लाने से ग्रामीणों को सताती है अनहोनी का खतरा

# दुमका : नियमों को ताक में रख लीजधारी करते है विस्फोटक का इस्तेमाल, घनी आबादी हो रही प्रभावित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


विस्फोटक सामग्री।

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र वैध खनन से करीब डेढ़ दर्जन गांवों में ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर रहे है। ग्रामीणों को वैद्य खादान में अप्रशिक्षित लोगों द्वारा विस्फोटक सामग्री उपयोग में लेने से हादसे का खतरा बना हुआ रहता है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के विभिन्न वैध खदानों में इस अनदेखी के कारण एक बड़ी दुर्घटना का आशंका ग्रामीणों तो सताते रहती है। बताते चलें कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विभिन्न खदानों द्वारा विस्फोट कर पत्थर खनन किया जाता है। इस कार्य के लिए खदान संचालक द्वारा एकारनामा के बाद प्रशासन की अनुमति पर पत्थर प्रोडक्शन शुरू किया जाता है। इस कार्य से प्रशासन को भी प्रोडक्शन एवं अवैध ब्लास्टिंग का सहज आंकलन लगाया जा सकता है। ज्ञात हो कि नियम अनुसार मोबाइल ब्लास्ट के लिए प्रतिदिन स्थानीय थाना में प्रत्येक खदान में उनके द्वारा कितने जिलेटिन डेटोनेटर का प्रयोग किया गया है और अवशेष कितने बचे है और उनका भंडारण कहां किया गया है।

इसकी लिखित ब्यौरा थाना को समर्पित किया जाता है। लेकिन शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में यह कार्य धीमी गति से होता है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में अधिकांश पत्थर खनन के लिए एकारनामा ओम शर्मा नामक एक लाइसेंसी विस्फोटक सप्लायर से पत्थर खनन के लिए इस्तेमाल होता है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कई मौजा में चल रहे पत्थर खनन करने वाले खदानों पर काम करने वाले श्रमिकों एवं आस-पास के ग्रामीण की जान-माल का खतरा प्रतिदिन बना रहता है। खनन विभाग प्रतिदिन दिनचर्या के हिसाब से कार्य करने के बाद वापस अपने स्थान पर चले जाते हैं। खनन विभाग के प्रभावी निरीक्षण के अभाव में थाना क्षेत्र के विभिन्न खदानों की पोल खुल रही है। असुरक्षित खनन से खतरे का अंदेशा है।

वहीं दूसरी और खदानों से सटे घनी आबादी क्षेत्र के मकान और विद्यालय में दरारें आ गई है। खतरे से सशांकित ग्रामीण कई बार प्रशासन एवं खान विभाग को विस्फोटक सप्लाई खदानों में विस्फोटक उपयोग रख-रखाव की जांच के लिए सूचना दे चुके हैं। विस्फोटक सामग्री विक्रेता के पहुंच के वजह से ग्रामीणों की आवाज बारूद के ढेर में दब जाती है। विभाग नियमों पर नजरअंदाज कर लीज धारक खदान संचालक को प्रशिक्षित फोरमैन रखना अनिवार्य नहीं समझ रहे है। खदान संचालक के लिए यह बस कागजों में ही सीमित है।

### शिकारीपाड़ा : सोसाइटी फॉर पीपल्स अवेयरनेस ग्रामीणों को किया जागरूक

**शिकारीपाड़ा।** सोसाइटी फॉर पीपल्स अवेयरनेस शिकारीपाड़ा संस्था के द्वारा बाल श्रम मुक्त भारत, यह अभियान 12 जून तक चलाया जाना है। उसी के तहत सोसाइटी फॉर पीपल्स अवेयरनेस शिकारीपाड़ा के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सोनाढाप पंचायत के बास्केंद्री गांव गांव में बैठक कर लोगों को जागरूक किया गया , और बताया गया कि नाबालिक बच्चों से बाल श्रम नहीं कराए, समय पर बच्चों को शिक्षा जरूर दे। जिससे बच्चे का विकास हो और जीवन में सफल हो पाए। बाल श्रम ही बाल विवाह का कारण भी बनता है। बाल श्रम गैर कानूनी है यह भी बताया गया। बाल श्रम को लेकर स्पेन एनजीओ के प्रतिनिधि रेखा टोप्पो, राजकुमार मंडल के द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### बोकारो डीसी से मिले अनिल अग्रवाल



**बेरमो।** बोकारो जिला के डीसी अजय नाथ झा से झामुमो नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल बोकारो डीसी कार्यालय में मिलकर उसको अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिवादन किया तथा समाज सेवा से जुड़े आगामी कार्यक्रम की भी जानकारी दी।

# गोड्डा नप क्षेत्र में चल रहे कार्यों में पारदर्शिता का अभाव

**सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ परासर ने दी एक दिवसीय भूख हड़ताल की चेतावनी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** सामाजिक कार्यकर्ता जिला मुख्यालय अंतर्गत राजेन्द्र नगर निवासी सौरभ परासर ने नगर परिषद, गोड्डा क्षेत्र में चल रहे करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माण कार्य तो हो रहे हैं, परंतु इनमें पारदर्शिता और जवाबदेही का पूर्ण अभाव है। परासर ने बताया कि हाल ही में श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव के द्वारा 6 करोड़ 79 लाख की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिनमें कारगिल चौक और अशोक स्तंभ का सौंदर्यीकरण, तथा गंगटा में ग्रीन पार्क जैसे कार्य शामिल हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि किसी भी कार्य स्थल पर सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है, जिससे यह जानकारी नहीं मिल रही कि यह कार्य किस योजना के अंतर्गत, कितनी लागत से, और किस संवेदक द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब कार्य जनता के पैसे से हो रहा है तो जनता को उस कार्य की पूर्ण जानकारी देना प्रशासन की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी बनती है। सूचना का अभाव न केवल संदेह पैदा करता है, बल्कि कार्य की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है। परासर ने यह भी बताया कि अधिकांश कार्यस्थलों पर संबंधित जे ई की उपस्थिति तक नहीं होती, जिससे निगरानी और गुणवत्ता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से निम्नलिखित मांगें की हैं जिसमें नगर परिषद क्षेत्र में संचालित सभी निर्माण कार्यों की स्थल निरीक्षण कराई जाए। प्रत्येक कार्यस्थल पर सूचना पट्ट लगाना अनिवार्य किया जाए, जिसमें योजना का नाम, लागत, अवधि और संवेदक का विवरण हो। परासर ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि नगर परिषद द्वारा संचालित सभी कार्यस्थलों पर सूचना पट्ट नहीं लगाया गया, तो वे जनहित में उपवास पर बैठने को बाध्य होंगे।

# बेरमो एसडीएम ने बोकारो थर्मल एस पौंड कांटा घर किया सील

**छाई ट्रांसपोर्टिंग बंद होने से वाहनों की लगी लंबी कतार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** ओवरलोडिंग की शिकायत पर बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार मछुआ ने बीती 8 जून की रात्रि डीवीसी बोकारो थर्मल ऐश पौंड का निरीक्षण किया। यहां डंपरो में ओवरलोड छाई ले जाने पर कांटा घर संचालक डीवीसी कर्मी पर जमकर बरसे। एसडीओ ने कहा कि यहां नियम का बिल्कुल भी पालन नहीं किया जा रहा है। कहा कि ओवरलोड छाई ट्रांसपोर्टिंग से ग्रामीण लगातार परेशान और शिकायत कर रहे थे। दृश्य देखकर प्रतीत होता है कि यहां लगातार ओवरलोडिंग छाई ट्रांसपोर्टिंग कार्य किया जाता है। जिससे रोड में जहां तहां छाई गिर जाने से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। और तरह-तरह की बीमारियां हो रही है। उन्होंने बताया कि इसे लेकर कई बार डीवीसी पदाधिकारियों के साथ बैठक भी किया गया।

लेकिन प्रदुषण एवं ओवरलोडिंग पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिसको देखते हुए उन्होंने कांटा घर को सील कर दिया है।

### बोकारो : बीएसएल की टीम ने जीता चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2024-25



**बोकारो।** एमटीआई रांची में आयोजित 21वें चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2024-25 प्रतियोगिता के फाइनल में बीएसएल की टीम ने प्रतिद्वंदी टीमों को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम करने का गौरव प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में बोकारो स्टील प्लांट की टीम का प्रतिनिधित्व सहायक महाप्रबंधक-मानव संसाधन शिप्रा एन हेमरोम व वरीय प्रबंधक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड दूरसंचार वाईएसएन रेड्डी और उप प्रबंधक-अग्निशमन सेवा डी रामटेके ने किया। बोकारो इस्पात संयंत्र की शीर्ष प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई दी है। 21वें चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2024-25 प्रतियोगिता में भिलाई स्टील प्लांट की टीम को द्वितीय तथा इस्को बर्नपुर की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स सेल के युवा प्रबंधकों के लिए आयोजित एक प्रतिष्ठित स्पर्धा है जिसमें प्रतिभागी टीमें निर्धारित थीम पर अपनी प्रविष्टियां प्रस्तुत करती है। 21वें चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2024 25 के लिए-ट्रांसफॉर्मिंग सेफ्टी कल्चर इन सेल थीम तय की गई थी।

### सड़क हादसे में दो बच्चे समेत चार लोग घायल

**बेरमो।** कसमार थाना क्षेत्र के कसमार-पेटरवार मुख्य मार्ग में मंगलवार को दो मोटरसाइकिल के बीच जोड़दार टक्कर में दो बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। घटना मंगलवार सुबह 9 बजे की बताई जा रही है।

स्पीड न्यूज

### बांग्लादेश में टैगोर की कचहरीबाड़ी पर हमला

ढाका। बांग्लादेश में नोबल विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की स्मृतियों से जुड़ी ऐतिहासिक रवींद्र कचहरीबाड़ी पर मंगलवार को कुछ युवकों ने हमला किया। पुलिस के दखल देने से गुस्साए युवक और उग्र हो गए। हमले के दौरान कर्मचारियों और आगंतुकों सहित पांच-छह लोगों को चोट आई है। पुलिस ने बताया कि आठ जून को मोटरसाइकिल पार्किंग को लेकर रवींद्र कचहरीबाड़ी के कर्मचारियों के साथ संभवतः इस समूह के लोगों का झगड़ा हुआ था। कचहरीबाड़ी के संरक्षक हबीबुर रहमान ने बताया कि युवकों ने सुबह करीब 11:30 बजे प्रवेश द्वार तोड़ दिया। सभागार, दरवाजे और खिड़कियों में तोड़फोड़ की।

### बनास नदी में डूबने से आठ युवकों की मौत

टोंक। टोंक जिले के सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार को बनास नदी में डूबने से आठ युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य को समय रहते बचा लिया गया। सभी युवक जयपुर के रहने वाले थे और पिकनिक मनाने यहां आए थे। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जयपुर के हसनपुरा इलाके के 11 युवक यहां पिकनिक मनाने आए थे। इस दौरान सभी युवक नदी में नहाने के लिए उतरे थे।तभी नहाने के दौरान कुछ युवक डूबने लगे। उन्हें बचाने के प्रयास में अन्य युवक भी नदी में कूदे, लेकिन दुर्भाग्यवश आठ युवकों की डूबकर मौत हो गई।

### इडी के समन पर नहीं पेश हुए रॉबर्ट वाड्रा

नयी दिल्ली। कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा तबियत खराब होने का हवाला देकर मंगलवार को ईडी की पूछताछ में शामिल नहीं हुए। उन्हें भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले और हरियाणा के गुरुग्राम जमीन घोटाला मामले में समन जारी किया गया था। वाड्रा ने अगली तारीख पर पूछताछ में शामिल होने को कहा है। उन्होंने ईडी को ई-मेल लिख कर समय मांगा, जिसमें उन्होंने तबियत खराब होने का हवाला दिया है।

### राजस्थान के श्रीगंगानगर में पारा 47.3 डिग्री पहुचा

जयपुर। राजस्थान में मानसून आने से पहले गर्मी ने झुलसाना शुरू कर दिया है। दिन और रात दोनों समय तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 24 घंटों में श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 47.3 डिग्री सेल्सियस मापा गया। बीकानेर में 45.8, चूरू में 45.6, फलोदी में 45.2 और जैसलमेर में 45 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### शेयर बाजार में तेजी थमी सेंसेक्स 53 अंक लुढ़का

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, और रियल्टी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिनों की तेजी मंगलवार को थम गई। सेंसेक्स 53.49 अंक गिरकर 82,391.72 अंक रह गया वहीं निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 25104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.04 प्रतिशत बढ़कर 46,589.49 अंक और स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 54,250.81 अंक पर पहुंच गया।

### विश्व बैंक ने जीडीपी में 0.40% की कटौती

नयी दिल्ली। विश्व बैंक ने व्यापार तनाव और नीति अनिश्चितता के बढ़ने से वैश्विक विकास दर के इस साल 2008 की वैश्विक मंदी के बाद सबसे कम रहने की उम्मीद जताते हुये भारत सहित दुनिया की लगभग 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्थाओं के विकास पूर्वानुमान में कटौती कर दी है। चालू वित्त वर्ष में भारत के विकास पूर्वानुमान को 0.40 प्रतिशत की कटौती करते हुये 6.3 प्रतिशत कर दिया है।

# हिंसा की आग में झुलसा लॉस एंजिल्स

## आव्रजन नीति का विरोध में प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों में लगायी आग, पुलिस पर पटाखे और पत्थर से किया हमला

एजेंसी

▶▶ ट्रंप ने 700 समुद्री सेना तैनात किया

▶▶ कैलिफोर्निया में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा





**लॉस एंजिल्स (कैलिफोर्निया)।** अमेरिका की सेना ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आव्रजन नीतियों के विरोध में लॉस एंजिल्स शहर में हो रहे प्रदर्शनों के बीच 700 मरीन (समुद्री सेना) तैनात किए गए हैं। यह लॉस एंजिल्स में पहले से तैनात नेशनल गार्ड के 2000 सैनिकों के साथ प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मोर्चा संभालेंगे। अमेरिकी उत्तरी कमान ने साफ किया है कि लॉस एंजिल्स में तैनात मरीन दूसरी बटालियन, सातवीं मरीन, एक मरीन डिवीजन के 700 मरीन तैनात किए गए हैं। इसका उद्देश्य टास्क फोर्स 51 को पर्याप्त संख्या में बल प्रदान करना है, ताकि संघीय एजेंसी को मदद मिले।

प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों में आग लगा दी। साथ ही पुलिस पर पटाखे और पत्थर से हमला कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में मेक्सिको का झंडा लेकर लॉस एंजिल्स से बाहर जाओ जैसे नारे भी लगाए। कई प्रदर्शनकारियों के हाथों में मैक्सिकन झंडे थे।

जानकाकी के मुताबिक यह झड़प तब हुई जब कुछ प्रदर्शनकारी नेशनल गार्ड के जवानों के करीब पहुंच गए और उनपर अपमानजनक नारे लगाने लगे। यह घटना गवर्नर और मेयर की आपत्तियों के बावजूद राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा सेना की तैनाती के कुछ घंटों बाद हुई।सैकड़ों लोग डाउनटाउन लॉस एंजिल्स में मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि मरीन लॉस एंजिल्स के पूर्व में एक शहर ट्वेंटीनाइन पाम्स में स्थित हैं। सेना ने कहा कि यह मरीन भीड़ को नियंत्रण करने में दक्ष हैं। रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने सोमवार को कहा कि लगभग 700 मरीन को व्यवस्था बहाल करने के लिए लॉस एंजिल्स में तैनात किया जा रहा है। कैलिफोर्निया गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने सोमवार देर रात कहा कि वह मरीन को तैनात किए जाने के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटा सकती हैं। ट्रंप सत्ता का खुला दुरुपयोग कर रहे हैं। ट्रंप इस सप्ताहांत अपनी परेड में इस पर चर्चा जरूर करेंगे। अमेरिकी न्यायालयों और कांग्रेस को कार्रवाई करनी चाहिए। वह सीमा रेखा को पार कर रहे हैं। लॉस एंजिल्स के पुलिस प्रमुख जिम मैकडॉवेल ने कहा कि एजेंसी के पास बड़े पैमाने पर सार्वजनिक प्रदर्शनों के प्रबंधन का दशकों का अनुभव है। वह विरोध प्रदर्शनों को संभाल सकती है। मरीन की तैनाती का मतलब हमारे ऊपर भरोसा कम करना है। लॉस एंजिल्स टाइम्स की खबर के अनुसार, सोमवार रात 11 बजे तक स्थित काफी तनाव पूर्ण रही। कानून प्रवर्तन ने डाउनटाउन एलए और सांता एना में आव्रजन का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया। रविवार को हुए प्रदर्शन में काफी संख्या में लोग जख्मी हुए हैं। संघीय भवन के सामने कई सौ लोगों की भीड़ ने जमकर बवाल काटा। एबीसी न्यूज के अनुसार, सांता एना पुलिस विभाग ने कहा कि प्रदर्शनकारियों पर पथराव करने से काफी नुकसान हुआ है। एफबीआई के अनुसार, संदिग्ध की पहचान कॉम्पटन के निकटवर्ती निवासी 40 वर्षीय एल्पिडियो रेयना के रूप में हुई है। उस पर एक संघीय अधिकारी पर हमला करने का गंभीर आरोप है। एफबीआई रेयना की सूचना देने वाले को 50,000 डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है।

कैलिफोर्निया गवर्नर गेविन न्यूजॉम और कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोन्टा ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। मकुदमे में आरोप लगाया गया है कि कैलिफोर्निया की संप्रभुता को अवैध रूप से कुचल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि लॉस एंजिल्स के प्रदर्शनों के आग की लपटें न्यूयॉर्क शहर, ऑस्टिन और सांता एना तक पहुंच गई हैं। इन स्थानों पर भी प्रदर्शन होने की सूचना है।

**100 से अधिक गिरफ्तार :** दरअसल, अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम्स इंफोर्समेंट ने होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के समर्थन से लॉस एंजिल्स में छापे मारे। इस छापेमारी में 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार 6 जून को छापेमारी के दौरान 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इससे अप्रवासी समुदायों में आक्रोश फैला और इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। इसने पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव को जन्म दिया। प्रदर्शनकारियों की इमिग्रेशन एजेंटों के साथ कई जगह झड़प हुई है।

### सैन फ्रांसिस्को में भी हिंसा, 60 गिरफ्तार

रविवार को सैन फ्रांसिस्को शहर में पुलिस अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प के बाद 60 लोगों को गिरफ्तार किया गया। प्रदर्शनकारी लास एंजिल्स में आव्रजन कार्रवाई के खिलाफ एकजुटता जता रहे थे। सैन फ्रांसिस्को पुलिस विभाग ने बताया कि दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए और सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

# पाकिस्तान में अंदर तक हमला करेगा भारत

एजेंसी

▶▶ आतंकी संगठनों और उनके नेताओं के खिलाफ जवाबी कार्रवाई होगी : जय शंकर



**ब्रसेल्स।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा पाकिस्तान को पहुंचाई गई चोट उसको हमेशा याद आती रहेगी। पाकिस्तान चाहते हुए भी ये दर्द कभी भुला नहीं सकता है। इस बीच भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर से पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आतंकवादी हमलों से उकसाया गया तो भारत पाकिस्तान में अंदर तक हमला करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमले जैसी बर्बर हरकतों की स्थिति में आतंकवादी संगठनों और उनके नेताओं के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी। अपनी यूरोप की यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हजारों आतंकवादियों को खुले में प्रशिक्षित कर रहा है और उन्हें भारत पर छोड़ रहा है।

सोमवार को पोलिटिको से कहा कि हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए हमारा उन्हें संदेश है कि यदि आप अप्रैल में किए गए बर्बर कृत्यों को जारी रखते हैं, तो आपको बदला लेना होगा और यह बदला आतंकवादी संगठनों और आतंकवादी नेतृत्व के खिलाफ होगा। जयशंकर ने कहा कि हमें इसकी परवाह नहीं है कि वे कहां हैं। यदि वे पाकिस्तान में काफी अंदर हैं, तो हम पाकिस्तान में काफी अंदर तक जाएंगे। वहीं, इस दौरान जब एस जयशंकर से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी सही समय पर मामले को संबोधित करेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना को कहीं अधिक नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण पाकिस्तान को शांति के लिए मुकदमा करना पड़ा।

उन्होंने इस दौरान कहा कि जहां तक मेरा सवाल है, राफेल कितना प्रभावी था या स्पष्ट रूप से अन्य प्रणालियां कितनी प्रभावी थीं, मेरे लिए इसका सबूत पाकिस्तान की तरफ नष्ट और अक्षम हवाई क्षेत्र हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि 10 मई को ये लड़ाई केवल एक कारण से रुकी, वह यह कि 10 तारीख की सुबह हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। जिन पाकिस्तानी एअरबेसों पर हमला किया गया और जो नुकसान हुए हैं, उसकी सैटेलाइट तस्वीरों को भी जारी किया गया है।



### ऑपरेशन सिंदूर : प्रधानमंत्री ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ की बैठक

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत दुनिया भर के देशों में भारत का पक्ष रखने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठक की। यह बैठक उन प्रतिनिधिमंडलों के साथ थी जिन्होंने हाल ही में विभिन्न विश्व राजधानियों का दौरा किया था और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के संदेश को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि विभिन्न देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात की और शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता तथा आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। जिस तरह से उन्होंने भारत की आवाज को आगे बढ़ाया।

# ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी,10 की मौत

एजेंसी

▶▶ 30 लोग घायल हमलावर भी ढेर

**वियना (ऑस्ट्रिया)।** ऑस्ट्रिया के ग्राज में स्थित माध्यमिक स्कूल में गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। इस गोलीबारी 30 लोग घायल हुए हैं। उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।

राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वैन डेर बेलन ने शोक जताते हुए कहा कि इस भयावहता को शब्दों में नहीं व्यक्त किया जा सकता है। इस दौरान हमलावर को भी ढेर कर दिया गया। ऑस्ट्रिया के प्रमुख समाचार पत्र द गार्डियन, राष्ट्रीय प्रसारक ओआरएफ के अलावा देश के अन्य समाचार माध्यमों में इस गोलीबारी का ब्योरा दिया गया है। पुलिस ने पुष्टि की है कि स्कूल में अब लोगों को कोई खतरा नहीं है। पुलिस ने संदिग्ध हमलावर की मौत की पुष्टि की है। राष्ट्रपति वैन डेर बेलन ने कहा कि ऑस्ट्रिया शोक में है। इस भयावहता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। आज ग्राज के एक स्कूल में जो हुआ, वह हमारे देश के दिल को झकझोर कर रख देता है। उन्होंने कहा कि ये युवा लोग थे। उनके सामने पूरा जीवन था। मारे गए लोगों के माता-पिता, दादा-दादी, भाई-बहन और दोस्तों के दर्द को कम करने के लिए कुछ भी नहीं है।

Dr. Anup's
HLCCS रॉंची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र





सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमु बाई पास रोड, पुरण बिहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट, अरगोड़ा, रांची 834002





### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना अनोखा को सलामी

**जहानाबाद। जहानाबाद की बेटी अनामिका शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना को अनोखे अंदाज में सलामी भेंट की है। ऑपरेशन सिंदूर के झंडे को साथ लेकर कन्हौली के निवासी अनामिका ने बैंकॉक में 12,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई। पांच जून को उनकी इस शानदार उपलब्धि की चर्चा देश विदेश तक हो रही है।**

# दाने-दाने को तरस रहा पाक

एजेंसी

**वर्ल्ड बैंक की एक नई रिपोर्ट ने भारत और पाकिस्तान की सच्चाई बयां की**



**नयी दिल्ली।** महंगाई और कमजोर अर्थव्यवस्था की मार झेल रहा पाकिस्तान लगातार कर्ज की दलदल में फंसता जा रहा है। वर्ल्ड बैंक की एक नई रिपोर्ट ने भारत और पाकिस्तान की सच्चाई बयां की है। एक तरफ जहां भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत होती जा रही है। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान आर्थिक तेजी से भुखमरी और गरीबी की ओर अग्रसर है।

**गरीबी को भारत दे रहा मात :** वर्ल्ड बैंक की पावर्टी एंड शेयर्ड प्रॉस्पेरिटी' रिपोर्ट के मुताबिक, 2011-12 में भारत की कुल आबादी का 27.1 प्रतिशत गरीबी में जी रहा था, लेकिन 2022-23 तक यह आंकड़ा घटकर 5.3 प्रतिशत रह गया। यानी 34.4 करोड़ की जगह 7.5 करोड़ लोग ही गरीबी रेखा से नीचे हैं। इसका मतलब है कि करीब 9 साल में 26.9 करोड़ लोग गरीबी के बाहर आ गए, जो पाकिस्तान की पूरी आबादी से ज्यादा है।

वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान में गरीबी बढ़ती जा रही है। साल 2017-18 से लेकर 2020-21 के बीच पाकिस्तान में अत्यंत गरीबी 4.9 प्रतिशत से बढ़कर 16.5 प्रतिशत हो चुकी है। बता दें कि वर्ल्ड बैंक ने गरीबी की परिभाषा में बदलाव किया है। वर्ल्ड बैंक ने अत्यंत गरीबी की रेखा 2.15 डॉलर से बढ़ाकर 3 डॉलर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कर दिया है। इस रिपोर्ट के सामने आने से पाकिस्तान की पोल खुल चुकी है।

# बिहार : पंचायतों में 8414 क्लर्कों की होगी बहाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैबिनेट का फैसला**

**महिला कर्मियों को पोस्टिंग जगह पर आवास की सुविधा**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को 22 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि 8414 पदों का सृजन किया जाएगा मंत्रिमंडल ने प्रदेश की आठ हजार से अधिक पंचायतों में निम्न वर्गीय लिपिक के 8093 पदों के साथ ही कुल 8414 पदों पर नियुक्ति का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। निम्न वर्गीय लिपिकों को पंचायत सरकार भवन या पंचायत स्तरीय कार्यालय में तैनात किया जाएगा। निम्न वर्गीय लिपिकों का काम पंचायत स्तर की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनका समुचित लेखन करना होगा। इन पदों के अलावा कृषि विपणन निदेशालय के लिए 14, पटना स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण हड्डी रोग अस्पताल अस्पताल में स्पोर्ट्स इंज्यूरी यूनिट की स्थापना के लिए 36 और इसी अस्पताल में 267 अन्य पद भी सृजित किए गए हैं। वायुयान संगठन में भी विभिन्न श्रेणी के चार संविदा पद सृजित किए गए हैं। महिला सरकारी सेवकों को उनके पदस्थापना के निकट आवास सुविधा उपलब्ध कराने की मंजूरी दी गई है।

**जन्म-मृत्यु नियमावली में हुआ संशोधन :** बिहार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 1999 के नियम-5 समेत अन्य धाराओं में संशोधन किया गया है। इसके बाद अब यह नियमावली बिहार जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) नियमावली, 2025 कही जाएगी। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर विभिन्न डाटाबेस तैयार किया जाएगा। साथ ही किसी व्यक्ति के जन्म की तारीख और स्थान को साबित करने, किसी शैक्षणिक संस्थान में दाखिला लेने, चालान लाइसेंस जारी करने, मतदाता सूची तैयार करने, पासपोर्ट जारी करने में इसका उपयोग किया जा सकेगा।

### हर प्रमंडल में खुलेंगे मेगा स्किल सेंटर

पटना। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि राज्य के युवाओं को आधुनिक, उद्योगोन्मुखी एवं रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक प्रमंडलीय मुख्यालय में एक-एक मेगा स्किल सेंटर की स्थापना की जाएगी। 5 वर्षों में योजना कार्यान्वयन हेतु कुल अनुमानित लागत राशि 280.87 करोड़ की मंजूरी मंत्री परिषद् में दी गयी है।

प्रकाशित

